रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, गुरुवार 30 मई 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 51

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 42.2 | 28.8 |
| जमशेदपुर | 43.8 | 30.3 |
| डालटनगंज | 47.8 | 30.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *



आसमान से बरस रही आग

# बिहार में 95 से ज्यादा बच्चे व शिक्षक बेहोश

## अपर शिक्षा सचिव के फरमान के कारण 42 डिग्री की भीषण गर्मी में भी सरकारी स्कूलों में हो रहा था शिक्षण कार्य

संवाददाता। पटना

देश भर के साथ बिहार में भी रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ रही है. आसमान से बरस रही आग ने राज्य में 12 साल का रिकॉर्ड भले ही तोड़ दिया है, लेकिन यहां के सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी नहीं दी गयी. इसका प्रतिकूल असर स्कूली बच्चों के साथ-साथ शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है. भीषण गर्मी की वजह से बुधवार को बेगूसराय, मुंगेर, शेखपुरा, जमुई, लखीसराय, गोपालगंज और बांका के सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, प्रधानाध्यापक व रसोइया समेत 95 लोग बेहोश हो गए. इन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. सबसे अधिक बेगूसराय में 41 और जमुई में बच्चे और शिक्षक बीमार पड़े हैं. घटना के बाद बच्चों के परिजनों में आक्रोश है. अभिभावकों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में भी बच्चों को छुट्टी नहीं दी गई है. शिकायत करने पर कहा जाता है कि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने स्कूल को बंद करने का आदेश नहीं दिया है. अभिभावकों का कहना है कि 42 से 45 डिग्री तापमान के कारण बच्चे स्कूल में ही बीमार पड़ जा रहे हैं. वहीं, शिक्षकों का कहना है कि स्कूल से बच्चों की छुट्टी के समय गर्मी काफी भीषण हो जाती है. इस कारण विद्यालय में ही छात्र-छात्राएं बेहोश हो जा रहे हैं.

### बेगूसराय में 41 से अधिक बच्चे बेहोश, चल रहा इलाज





- जमुई में प्रधानाध्यापिका समेत तीन शिक्षक बेहोश
- लखीसराय, मुजफ्फरपुर, बांका में भी बेहोश हुए स्कूली बच्चे



बेगूसराय के अलग-अलग सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे 41 से अधिक बच्चे बेहोश हो गए. इन्हें बेहोशी की हालत में इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया गया. सिर्फ मटिहानी मध्य विद्यालय में एक दर्जन से अधिक छात्राएं बेहोश होकर स्कूल में ही गिर गई थीं. वहीं, शेखपुरा के मनकौल गांव स्थित हाई स्कूल में एक के बाद एक कर 13 से अधिक बच्चे बेहोश हो गये. आनन-फानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. मुंगेर के धरहरा प्रखंड के तीन स्कूलों में पांच छात्र बेहोश हो गए. वहीं, उच्च विद्यालय हेमराजपुर में परीक्षा के दौरान एक शिक्षक भी बेहोश हो गए.

### बिहार सरकार व अपर मुख्य सचिव के खिलाफ आक्रोश

बच्चों के स्कूलों में बेहोश होने की घटना से अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों में बिहार सरकार और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है. लोगों का कहना था कि इस भीषण गर्मी में स्कूल बंद करने का आदेश जारी करना चाहिए. शिक्षा विभाग ने इस भीषण गर्मी में बच्चों को हर साल मिलने वाली गर्मी छुट्टी की जगह स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों को आने का निर्देश दे रखा है. नहीं आने पर शिक्षकों की नौकरी और छात्र-छात्राओं के दाखिले पर खतरा है, इसलिए यह स्थिति हो रही है.

#### जिन जिलों में बेहोश हुए बच्चे, वहां का अधिकतम तापमान

| जिला | तापमान (डिग्री से.) | जिला | तापमान (डिग्री से.) |
|---|---|---|---|
| बेगूसराय | 41° | मुंगेर | 40° |
| शेखपुरा | 47° | जमुई | 43° |
| सीवान | 42° | बांका | 42° |
| भागलपुर | 40° | कटिहार | 37° |

### सीएम नीतीश कुमार का निर्देश- आठ जून तक बंद रहेंगे स्कूल

बिहार के सरकारी स्कूलों में बुधवार को बच्चों के बेहोश होने की घटना के बाद देर से ही सही बिहार सरकार की नींद खुली है. सीएम नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा को पत्र लिख करस्कूलों को बंद करने का निर्देश दिया गया है. जारी निर्देश के आलोक में 30 मई से 8 जून तक सभी सरकारी और निजी स्कूलों के साथ कोचिंग संस्थान और आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है. पत्र में लिखा है कि भीषण गर्मी व भयंकर लू के कारण राज्य में आपदा की स्थिति बन रही है. इसके मद्देनजर स्कूलों को बंद कराया जाए. सीएम से निर्देश पर मुख्य सचिव ने राज्य के सभी जिलों के डीएम को आठ जून तक स्कूलों में शिक्षण कार्य बंद रखने का निर्देश दिया है.

## झारखंड समेत सात राज्यों में भीषण गर्मी और लू का अलर्ट

**रांची।** देश भर में बढ़ती गर्मी और तपिश से आम जनजीवन बेहाल है. इस बीच मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी और लू का अलर्ट जारी किया है. इस भीषण गर्मी में खासतौर पर लू (हीट वेव) से लोगों की सेहत पर भी असर पड़ रहा है. मौसम विभाग भी लगातार तमाम परिस्थितियों पर नजर बनाए हुए है. कुछ राज्यों में लू और गर्मी से आम लोगों की परेशानी और भी बढ़ सकती है.

**इन राज्यों में भीषण गर्मी और लू का अलर्ट :** मौसम विभाग ने 30 मई को सात राज्यों के लिए गर्मी और लू की गंभीर स्थिति का अलर्ट जारी किया है. पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी राजस्थान, बिहार के कुछ क्षेत्र, झारखंड और ओडिशा में भीषण गर्मी और लू की चेतावनी जारी की गई है. इसके अलावा उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, जम्मू के कुछ इलाकों, हिमाचल प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में भी लू चलने की संभावना है.

**24 घंटे में केरल में दस्तक दे सकता है मानसून :** इस भीषण गर्मी से राहत कब मिलेगी, इसे लेकर मौसम विभाग ने राहत भरी खबर भी दी है. विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान केरल में मॉनसून की शुरुआत हो सकती है. इस दौरान दौरान पूर्वोत्तर के कुछ क्षेत्रों में भी मॉनसून के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रहीं हैं.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,300 |
| चांदी (किलो) | 96,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### दिल्ली में गर्मी के सारे रिकॉर्ड टूटे

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए. यहां मुंगेशपुर इलाके में अधिकतम तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. यह राष्ट्रीय राजधानी में अब तक दर्ज किया गया सर्वाधिक तापमान है.

#### भारत की रेटिंग परिदृश्य पॉजिटिव हुई

**नयी दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत के साख (रेटिंग) परिदृश्य को 'स्थिर' से बढ़ाकर 'सकारात्मक' कर दिया है. मजबूत वृद्धि, पिछले पांच वर्षों में सार्वजनिक व्यय की बेहतर गुणवत्ता तथा सुधारों में निरंतरता के बीच 14 साल बाद भारत के साख परिदृश्य में यह बदलाव संभव हुआ है.

#### केजरीवाल की याचिका सूचीबद्ध करने से इनकार

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने वाली याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से बुधवार को इनकार कर दिया. केजरीवाल ने स्वास्थ्य से जुड़ी कुछ जांच कराने के लिए सात दिन तक जमानत बढ़ाने के लिए याचिका को त्वरित सूचीबद्ध करने का आग्रह किया था.

#### विक्षिप्त ने 8 लोगों की हत्या कर की खुशकुशी

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में बुधवार को विक्षिप्त व्यक्ति ने अपने संयुक्त परिवार के आठ लोगों की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी. घटना के बाद आरोपी ने खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.

**कार्रवाई :** प्रदूषण बोर्ड ने जारी किया सीओटी और सीटीई रद्द करने का आदेश

# पिछले 6 साल में खनन परियोजनाओं को दी गई सीटीओ और सीटीई रद्द

रवि भारती। रांची

राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एक आदेश जारी कर 500 से अधिक खनन परियोजनाओं को जारी सीटीओ (कनसर्ट टू ऑपरेट/ संचालन सहमति) और सीटीई (कनसर्ट टू एस्टेबलिसमेंट/ स्थापना सहमति) रद्द कर दिया है. इसके साथ ही इन खनन परियोजनाओं में खनन कार्य बंद हो गया है. बोर्ड ने यह आदेश 17 मई को जारी कर दिया है. ऐसी सभी परियोजनाओं को निर्देश दिया गया है कि वह खनन कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद कर दें. ऐसा नहीं करने पर संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. आदेश जारी होने के बाद खनन कार्य में लगी छोटी-बड़ी कंपनियों की मुश्किलें बढ़ गयी है. इस तरह की कार्रवाई की वजह यह बतायी जा रही है कि पिछले छह सालों में बोर्ड ने तय मापदंडों का पालन कराये बिना ही सीटीओ व सीटीई जारी कर दिया. साथ ही विभिन्न मामलों में सुनवाई के दौरान एनजीटी को गलत जानकारी दी.

बोर्ड के अध्यक्ष शशिकर सामंता के हस्ताक्षर से जारी आदेश के मुताबिक, उन खनन पट्टों का सीटीओ व सीटीई रद्द किया गया है, जिन्हें 13 सितंबर 2018 के बाद जारी किया गया था. अब खनन परियोजनाओं को सीटीओ और सीटीई सर्टिफिकेट सिया (स्टेट इंवायरमेंट इंपैक्ट असेसमेंट ऑथिरिटी) जारी करेगा. इस आदेश का असर 500 से अधिक कंपनियों पर पड़ेगा. कंपनियों में पत्थर खनन करनेवाली 165 कंपनियां, लौह अयस्क का खनन करने वाली 72, कोयला खनन करने वाली 105 और बालू का खनन करने वाली 157 कंपनियां शामिल हैं.



### क्या है प्रदूषण बोर्ड का आदेश

बोर्ड ने अपने आदेश में लिखा है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के प्रधान खंडपीठ, नई दिल्ली द्वारा 18 अप्रैल 2024 को पारित आदेश के अनुपालन करते हुए यह फैसला लिया गया है. केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को इस बारे में दिशा-निर्देश जारी किया था. उसमें कहा गया है कि वैसी सभी खनन परियोजनाएं, जिन्हें संबंधित डीईआइएए द्वारा 13 सितंबर 2018 के बाद खनन पट्टा के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति दी गई थी, उसे रद्द किया जाए. इसके साथ ही उस पर्यावरणीय स्वीकृति को आधार बनाकर पर्षद द्वारा जिन कंपनियों को सीटीई व सीटीओ जारी किया गया है, उसे रद्द कर दिया जाये. यह कार्रवाई जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 की धारा 3301 और वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 31:0) के तहत की गयी है.

### एनजीटी ने मांगी थी क्रशरों के सीओटी की जानकारी

जानकारी के मुताबिक, पिछले दिनों एनजीटी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से दो जानकारियां मांगीं थीं. पहली साहिबगंज सहित अन्य जिलों में प्रदूषण का मापदंड क्या है और दूसरी पर्टिकुलेट मैटर (धूलकण) 10 माइक्रॉन से अधिक है या नहीं. प्रदूषण बोर्ड इसका सही जवाब नहीं दे सका. बाद में इसकी जांच के लिए प्रदूषण बोर्ड ने मशीन मंगवाई, लेकिन मशीन से जांच सही हो रहा है या नहीं, यह पता करने का कोई सिस्टम बोर्ड के पास नहीं है. बोर्ड ने दुमका रिजनल ऑफिस से एक चेकलिस्ट जारी किया, जिसमें कहा गया कि क्रशरों का बाउंड्री वॉल, ग्रीन बेल्ट, पानी पटाने की व्यवस्था नहीं है. इस पर एनजीटी ने सवाल किया कि बिना शर्तों को पूरा किए बोर्ड ने कंसेंट टू एस्टेब्लिश और कंसेंट टू ऑपरेट कैसे दिया. बताते चलें कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने संथाल परगना के साहिबगंज में लगभग 200 क्रशरों को कंसेंट टू एस्टेब्लिश और कंसेंट टू ऑपरेट दिया.

> जिला स्तर से खनन परियोजनाओं के लिए जितने भी सीटीओ और सीटीई दिए गए हैं, सभी को रद्द कर दिया गया है. सभी रद्द किए गए सीटीओ और सीटीइ का एसेसमेंट किया जा रहा है. अब सिया से सीटीओ और सीटीई लेना होगा.
> –शशिकर सामंता ( अध्यक्ष, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड)

> अब तक सिया के पास सीटीओ और सीटीई के लिए एक भी आवेदन नहीं आया है.
> –कमलेश पांडेय (अध्यक्ष,सिया)

### कंपनियों के नाम

- मेसर्स साई आशीर्वाद स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- संजय कुमार जायसवाल,
- ईको फ्रेंडली इंफ्रा टेक्नोलॉजी प्राईवेट लिमिटेड, प्रोपराईटर- सिद्धार्थ तुलसीयान,
- गोल्डन स्टोन हार्वेस्ट प्राईवेट लिमिटेड, प्रोपराईटर- राकेश कुमार,
- शक्ति स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- शंभु जजोदिया,
- बुधवा पहाड़िया, प्रोपराईटर- बुधवा पहाड़िया,
- जय मां भगवती स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- हीरालाल भगत,
- मोहन एंड संजय स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- संजय कुमार यादव,
- राम कृष्ण पत्थर उद्योग, प्रोपराईटर- राज नारायण चौधरी,
- सुनील कुमार सिंह, प्रोपराईटर- सुनील कुमार सिंह,
- शिवम स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- चंद्रशेखर आजाद,
- राज स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- प्रेम प्रकाश चौधरी,
- एमएस सिफा ग्रुप, प्रोपराईटर- तरूण कुमार,
- एडी स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- धनंजय तिवारी,
- अनन्या स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- लक्ष्मण कुमार चौधरी,
- एमएल स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- संजय कुमार,
- राज स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- मो आरिफ जफर,
- नीलकंठ स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- देवांशु जजोदिया,
- जय हनुमान स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- फुलचन पासवान तथा राजकुमार भगत,
- स्टार स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- मुर्शिद आलम,
- करमबी स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- मो एहतेशाम,
- बालाजी प्रोडक्शन, प्रोपराईटर- प्रशांत घोष,
- सिंह स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- तपन कुमार सिंह,
- शमीम स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- मो शमीम,
- मो मुस्तकीम अंसारी स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- मो मुस्तकीम अंसारी,
- मेसर्स नेहा ब्लैक स्टोन वर्क्स (स्टोन माइंस), प्रोपराईटर- मो अख्तर आलम,
- मेसर्स स्टार इंडिया इंडस्ट्रीज (स्टोन माइंस), प्रोपराईटर- अजय कुमार भगत,
- मेसर्स शिवशक्ति स्टोन वर्क्स (स्टोन माइंस), प्रोपराईटर- शंकर कुमार,
- मेसर्स आदर्श ग्रुप (स्टोन माइंस), प्रोपराईटर- मो आरिफ जफर एवं अन्य,
- रितिका स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- सुशील कुमार,
- सौरभ स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- गणेश प्रसाद तिवारी,
- मेसर्स बजरंग स्टोन, प्रोपराईटर- आलोक रंजन,
- नारायण स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- बिमला त्रिपाठी,
- पहाड़िया स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- मतिउल हक,
- अब्बास एंड संस, प्रोपराईटर- अनीस अंसारी,
- सुभद्रा स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- रमेश रंजन चौधरी,
- न्यू राजा स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- मदन कांत,
- अवध किशोर एंड संस, प्रोपराईटर- अवध किशोर सिंह,
- स्टार स्टोन वर्क्स, प्रोपराईटर- मो जाफर

**हाईकोर्ट ने सरकार को दिया निर्देश**

## एटीपीसी के लिए हुई ग्राम सभा का विवरण कोर्ट में पेश करें



- फर्जी ग्रामसभा कर फॉरेस्ट क्लियरेंस लेने के मामले में दायर जनहित याचिका पर हुई सुनवाई

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार को एनटीपीसी की पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के लिए हुई ग्राम सभा की प्रक्रिया का विवरण कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है. जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की पीठ ने पिछली सुनवाई में सरकार से ग्राम सभा की प्रक्रिया का विवरण मांगा था. इसके बाद सरकार ने जिला प्रशासन द्वारा जारी पत्र कोर्ट में पेश किया, जिस पर कोर्ट ने सरकार से ग्राम सभा की प्रक्रिया का विवरण कोर्ट में उपलब्ध कराने को कहा है.

हाईकोर्ट के दोनों न्यायाधीशों की पीठ ने यह आदेश मंटू सोनी द्वारा फर्जी ग्रामसभा कर लोगों के फर्जी हस्ताक्षर कर एनटीपीसी द्वारा फॉरेस्ट क्लियरेंस लिए जाने का आरोप लगाते हुए दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान दिया है. अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह और दीपक कुमार ने याचिककर्ता की तरफ से बहस की. कोर्ट ने एनटीपीसी के बारियातू माइंस के नजदीक विलुप्त प्राय आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय की बस्ती को लेकर भी सरकार से जवाब मांगा है. कोर्ट ने मामले में झालसा को प्रतिवादी बनाया है. साथ ही सीआईडी को पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है.

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने झालसा को इस मामले में प्रतिवादी बनाते हुए मेंबर सेक्रेट्री से मंतव्य की मांग की है. वहीं क्षेत्र की दुमुहानी नाला को नष्ट कर अवैध खनन के दोषियों को सरकारी आदेशों की गलत व्याख्या करने के मामले में भी अदालत ने सरकार से जवाब मांगा है.

### आरसीसीएफ ने कोर्ट को दिया अधूरा जवाब

कोर्ट ने पिछली सुनवाई में फर्जी ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति की जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं करने एवं रिपोर्ट बदलने के मामले में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) झारखंड को व्यक्तिगत शपथ पत्र दायर कर जवाब देने का निर्देश दिया था. प्रधान मुख्य वन संरक्षक के बदले क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक (आरसीसीएफ) ने कोर्ट में आधा अधूरा और भ्रामक जवाब शपथपत्र के माध्यम से दिया. इसे लेकर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह व दीपक कुमार ने लिखित रूप से बताया कि क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक ने अदालत को अधूरा व भ्रामक जवाब दिया है. जांच अधिकारी एके परमार के रिपोर्ट बदलने के मामले में कहा गया है कि उन्होंने गलत रिपोर्ट बनायी है, जिसके लिए उन्हें शो-कॉज किया गया है. लेकिन हाईकोर्ट से यह तथ्य छुपा दिया गया, जिसमें एके परमार ने शो कॉज नोटिस का जवाब दे दिया और जवाब देने के बाद उनके खिलाफ विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की थी.

## चुनावी महासमर 2024

**ममता पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी करने का आरोप**

### ओबीसी के अधिकार मुसलमानों को दे रही टीएमसी : प्रधानमंत्री

**पश्चिम बंगाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी कर 'मूल' ओबीसी के अधिकार मुसलमानों को दे रही है. मथुरापुर लोकसभा सीट के काकद्वीप में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में केंद्र की विकास योजनाओं को लागू नहीं होने दे रही है. उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में आरक्षण की खुली लूट हुई. तुष्टीकरण के लिए तृणमूल कांग्रेस सरकार ने मुसलमानों को फर्जी ओबीसी प्रमाणपत्र जारी किए गए. मोदी ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इन झूठे प्रमाण पत्रों को रद्द कर दिया है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस मुसलमानों को गुमराह कर रही है. पीएम ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर पश्चिम बंगाल में उसकी सीमाओं से अनियंत्रित घुसपैठ की अनुमति देने का आरोप लगाया. कहा कि टीएमसी और इंडिया जमात वाले बंगाल को विपरीत दिशा में लेकर जा रहे हैं.



**संविधान की प्रति लहराते हुए भाजपा पर लगाया आरोप**

### भाजपा फिर से सत्ता में आई तो संविधान खत्म कर देगी : राहुल

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर भाजपा सत्ता में वापस आयी, तो संविधान को खत्म कर देगी. कांग्रेस नेता ने पंजाब में मादक पदार्थों की समस्या का मुद्दा भी उठाया और कहा कि यह समस्या बढ़ती जा रही है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस खतरे को खत्म करने के लिए सख्त कार्रवाई की जरूरत है. लुधियाना से कांग्रेस के उम्मीदवार अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव संविधान को बचाने के लिए है. उन्होंने अपनी पार्टी के चुनावी वादों के बारे में भी बात की. कांग्रेस नेता ने संविधान की एक प्रति लहराते हुए कहा कि यह कोई किताब नहीं, बल्कि गरीबों की आवाज है. उन्होंने सेना में भर्ती की अल्पकालिक 'अग्निपथ' योजना के लिए भाजपा की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि अगर 'इंडिया' गठबंधन सत्ता में आया, तो वह इसे खत्म कर कूड़ेदान में फेंक देगा.



**अखिलेश ने किसानों का जिक्र कर भाजपा पर साधा निशाना**

### भाजपा की सरकार बनी,तो किसानों की जमीन छीन लेगी

**सोनभद्र (उप्र)।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि अगर भाजपा एक बार फिर सत्ता में आ गयी, तो कोई न कोई कानून लाकर किसानों और आदिवासियों की जमीन छीन लेगी. अखिलेश रॉबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी छोटे लाल खरवार के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि यह वही भाजपा के लोग हैं, जो एक समय पर काले (कृषि) कानून लाए थे, जिनसे किसानों की जमीनें छीन ली जातीं. काले कानून तो वापस हो गए हैं, लेकिन हमें सावधान रह कर इनसे मुकाबला करना है. यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. न वह समय पर पानी दे पाए, न खाद दे पाए और ना ही कीटनाशक दे पाए. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज महंगाई चरम पर है. गरीब और गरीब होता जा रहा है और अमीर और भी ज्यादा अमीर होता चला जा रहा है.



**ओडिशा में दो आईपीएस पर कार्रवाई, बीजद नेता बोले-**

### भाजपा के कहने पर चुनाव आयोग ने की है कार्रवाई

एजेंसी। भुवनेश्वर

बीजू जनता दल के वरिष्ठ नेता वीके पांडियन ने ओडिशा मुख्यमंत्री कार्यालय में कार्यरत दो आइपीएस अधिकारियों के खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग की कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया. उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई भाजपा के कहने पर की गयी है. क्योंकि राज्य में हुए चुनाव में अपनी हार होती देख, भाजपा इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रही है. बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग ने आइपीएस अधिकारी डीएस कुटे को निलंबित करने की सिफारिश की है, जबकि छुट्टी पर गए आइपीएस अधिकारी आशीष सिंह की चिकित्सीय जांच के मंगलवार को आदेश दिए. पांडियन ने बालासोर में संवाददाताओं से कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि निर्वाचन आयोग ने सीएमओ में काम करने वाले कुछ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है. उन्होंने कहा कि दोनों अधिकारी ओडिशा के उत्कृष्ट अधिकारी हैं और दोनों ने अपनी जान जोखिम में डाल कर राज्य में नक्सलवाद को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.




### राजमहल, गोड्डा और दुमका में आज शाम थम जाएगा प्रचार, एक जून को है मतदान, 2019 में तीन में से दो सीट जीती थी भाजपा


# झारखंड में चौथे चरण का मतदान : संथाल में भाजपा-इंडिया गंठबंधन प्रत्याशियों की साख दांव पर

शुभम किशोर। रांची

झारखंड में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में संथलापरगना की तीन लोकसभा सीटों राजमहल, दुमका और गोड्डा में एक जून को मतदान होना है. संतालपरगना की तीनों सीटों पर पूरे राज्य की नजर है. तीनों सीटों पर मुकाबला जोरदार है. एक ओर भाजपा संथाल की तीन सीटों पर क्लीन स्विप के लिए एड़ी-चोटी का पसीना बहा रही है, तो दूसरी ओर झामुमो अपना गढ़ बचाने के लिए जोर लगाए हुए है.

भाजपा और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अपनी साख बचाने में लगे हैं. राजमहल सीट से भाजपा के ताला मरांडी व जेएमएम से विजय कुमार हांसदा आमने-सामने हैं. लेकिन




झामुमो के विधायक लोबिन हेंब्रम निर्दलीय ताल ठोक रहे हैं. दुमका सीट पर जेएमएम के नलिन सोरेन व भाजपा की सीता मुर्मू के बीच मुकाबला है. गोड्डा में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव और भाजपा के निशिकांत दुबे के बीच मुकाबला है. लेकिन यहां से कभी निशिकांत दुबे के करीबी रहे अभिषेक झा भी चुनाव मैदान में निर्दलीय उतर गये हैं. गोड्डा से अभिषेक के चुनावी समर में उतरने और राजमहल से लोबिन हेंब्रम के निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरने से किसे नफा-नुकसान होगा, यह तो चार जून को चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता चल पाएगा.

- भाजपा क्लीन स्विप के लिए बेचैन, झामुमो गढ़ बचाने के लिए बहा रहा पसीना
- तीन संसदीय क्षेत्र में कुल 52 प्रत्याशी चुनाव मैदान में, राजमहल से 14, दुमका व गोड्डा से 19-19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

## 2019 में क्या था चुनाव परिणाम

- 2019 के लोकसभा चुनाव में दुमका से भाजपा के सुनील सोरेन ने जेएमएम अध्यक्ष दिसांम गुरु शिबू सोरेन को 47 हजार मतों से पराजित किया था. सुनील सोरेन को 4 लाख 84 हजार वोट मिले थे, वहीं शिबू सोरेन को 4 लाख 37 हजार वोट मिले थे.
- राजमहल लोकसभा सीट सेर जेएमएम प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा ने 99 हजार वोटों से जीत दर्ज की थी. विजय हांसदा को 5 लाख सात हजार वोट मिले थे. वहीं भाजपा के हेमलाल मुर्मू को 4 लाख 8 हजार वोट मिले थे.
- गोड्डा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने झारखंड विकास मोर्चा (प्रजातांत्रिक) के प्रत्याशी प्रदीप यादव को 1 लाख 84 हजार वोट के बड़े अंतर से हराया था. निशिकांत दुबे को 6 लाख 37 हजार और प्रदीप यादव को 4 लाख 53 हजार वोट मिले थे.

## तीनों लोकसभा सीट में कुल 53 लाख मतदाता देंगे वोट

तीनों लोकसभा क्षेत्र में छह जिले और 18 विधानसभा सीटें आती हैं. चुनाव आयोग के डेटा के अनुसार, इन तीनों लोकसभा क्षेत्र में



कुल 84 लाख 11 हजार 857 आबादी है. इनमें 43,02,034 पुरुष और 41,09,823 महिलाएं शामिल हैं. कुल 53 लाख 16 हजार 868 मतदाता हैं. इनमें से 26,97,207 पुरुष, 26,19,631 महिलाएं और 30 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं. बता दें कि राज्य के चौथे चरण में तीन संसदीय क्षेत्रों में कुल 52 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं. इनमें राजमहल से 14, दुमका व गोड्डा से 19-19 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** आय भाव में शनि चन्द्र है. गलत आय से बचना चाहिए. जीवन सुखमय व्यतीत होगा. प्रसन्नता तथा उत्साह से ओत-प्रोत रहेंगे. पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा. चोट-रोग व चोरी-विवाद से बचें. अन्न जल दान करें.

**वृषभ** असमंजस की स्थिति बनेगी. लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें. भावनाओं को वश में रखें. मन की बात किसी को न बतलाएं. प्रतिष्ठा में कमी हो सकती है. जल्दबाजी से चोट लग सकती है. कुसंगति से बचें.

**मिथुन** धर्म कर्म में मन नही लगेगा. पर भाग्य का साथ मिलेगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. प्रमाद न करें. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी.

**कर्क** मानसिक तनाव होगा, पर दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे. घर में अतिथियों का आगमन होगा. व्यय बढ़ेगा. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. कोई बड़ा काम करने तथा यात्रा पर जाने का मन बनेगा. कार्य होगा और आय बनी रहेगी.

**सिंह** आय के लिए आप प्रयासरत हैं. इसका लाभ मिलेगा. पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. कारोबारी कामकाज चलते रहेंगे. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. सुख के साधन जुटेंगे. मित्रों का साथ मिलेगा. सूर्य को जल दें.

**कन्या** संतान के प्रति जिम्मेदार बनना चाहिए. कुटुम्ब में खर्च होगा साथ ही संतुष्टि भी होगी. पुराने रोग को नजरअंदाज न करें. व्यय होगा. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी. लड्डू का दान करें.

**तुला** किया गया कार्य लाभ का मौका देगा. सृजन-शीलता का विकास होगा. कार्य के प्रभाव से धन प्राप्ति सुगम होगी. व्यापार-व्यवसाय सुखद रहेगा. जल्दबाजी न करें. शारीरिक कष्ट संभव है. चिंता तथा तनाव रहेंगे.

**वृश्चिक** माता के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें. पार्टनरों तथा मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं. मूंग दान करें.

**धनु** जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. शत्रुभय रहेगा. नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी. गुरु गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए.

**मकर** मकर राशि : धन का आगमन होगा. पेट में कुछ समस्या हो सकती है. घर में सुख-शांति बनी रहेगी. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. विवेक से कार्य करें, लाभ होगा. किसी धार्मिक स्थल के दर्शन का कार्यक्रम बन सकता है. मित्रों से भेंट होगी.

**कुंभ** लग्न में शनि चन्द्र है. थकान व कमजोरी रह सकती है. विरोधी सक्रिय रहेंगे. ऐश्वर्यादि पर खर्च होगा. यश बढ़ेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. नए काम मिल सकते हैं. आर्थिक वृद्धि के लिए योजना बनेगी. काली वस्तु दान करें.

**मीन** न्यायालय के कार्य में खर्च होगा. दूसरों के मामलों में हाथ न डालें. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. किसी व्यक्ति के व्यवहार से क्लेश होगा. आय होगी. जोखिम न उठाएं. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें. गुरु मंत्र जाप करें.

### देवघर और सारठ की चुनावी सभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बोले-

# ये मांगनेवाला नहीं, देनेवाला नया भारत है

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि ये बदलता भारत है. पीएम नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 साल में दिखा दिया कि भारत जैसे देश में बदलाव राजनीति और ईमानदार नेता ही कर सकते हैं. पीएम मोदी ने हर दिन, हर पल, हर महीने और हर साल देश को बदलने का काम किया. इसलिए हम आज बदलता भारत देख पा रहे हैं. वे बुधवार को देवघर और सारठ में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे.

उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अब विश्व की तीसरे नंबर सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है. आज एक साधारण आदमी भी मान चुका है कि देश में आया बदलाव पीएम मोदी की देन है. वो मान चुका है पीएम से देश का विकास हुआ है।

**डिजिटल ट्रांजेक्शन में भारत विश्व में चौथे स्थान पर :** नड्डा ने आगे कहा कि ये पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच नतीजा है कि भारत पांचवें से तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है. पीएम मोदी के बदलते भारत में दो लाख गांव में ऑप्टिकल फाइबर बिछाये गये. गांवों को वाई-फाई से जोड़ दिया गया. आज गांवों में दो लाख कॉमन सर्विस सेंटर चल रहे हैं. डिजिटल ट्रांजेक्शन के मामले आज भारत विश्व में चौथे स्थान पर है. ये मोदी का बदलता भारत है. ये डिजिटल भारत है.

**सबसे बड़ा वैक्सीनेशन प्लान चलाया :** कोरोना काल में पीएम मोदी ने वैज्ञानिकों को निर्देश दिया और अपने देश में दो-दो वैक्सीन बने.इस वैक्सीन को बनाने में सिर्फ 6 से 9 महीने लगे. कोरोना काल में सबसे बड़ा वैक्सीनेशन प्लान और



### आयुष्मान योजना से अब गरीबों का इलाज हो रहा है

नड्डा ने कहा कि आज पांच लाख का इलाज आयुष्मान योजना से गरीब मुफ्त में करा रहे हैं. उन्होंने पीएम के सौर ऊर्जा से घर में मुफ्त बिजली योजना की चर्चा की. अगली बार सरकार बनने पर हम इस योजना को शुरू करने वाले हैं. इसके तरह आप अपने घर में सौर ऊर्जा से बिजली पैदा कर सकेंगे. इसके लिए सरकार 75000 रुपये देगी. इससे बची बिजली को सरकार खरीदेगी. लोगों का बिजली बिल तो शून्य होगा ही, इस योजना से लोगों को कमाई भी होगी .

सबसे तेज वैक्सीनेशन प्लान पर भारत ने काम किया. ये बदलता भारत है. हमने न सिर्फ अपने देश के लोगों को वैक्सीन दिया बल्कि कई गरीब देशों को मुफ्त में वैक्सीन दिया भी. हमने अपने देश में डबल वैक्सीन के साथ बुस्टर डोज देने का भी कीर्तिमान बनाया है. कोरोना काल में भारत ने 48 देशों को मुफ्त वैक्सीन दिया. ये मांगने वाला भारत नहीं है. ये देने वाला भारत है.



पीएम मोदी ने हर दिन, हर पल, हर महीने और हर साल देश को बदलने को काम किया

### करप्शन खत्म करने में लगे हुए हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## कांग्रेस सरकार ने विकास के लिए कभी सोचा ही नहीं : मोहन यादव

**रांची।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस ने विकास के लिए कभी नहीं सोचा. इस बार के चुनाव के बाद जब भाजपा की सरकार बनेगी तो जल्द ही भारत विश्व का नंबर एक देश बनेगा. वे बुधवार को राजमहल में जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ झूठ बोल कर भारत की जनता को भ्रम में रखी हुई है. पीएम मोदीजी ने कहा है कि न खाउंगा, न खाने दूंगा. वे करप्शन खत्म करने पर लगे हुए हैं. प्रधानमंत्री अपने तीसरे कार्यकाल में 3 करोड़ से अधिक गरीब लोगों को पक्के मकान बना कर देंगे. आज इंडी गठबंधन में पूर्व के नेताओं के बच्चे चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन नरेंद्र मोदी का कोई भी परिवार चुनाव नहीं लड़ रहा है. नरेंद्र मोदी देश की जनता को विकसित करने के लिए काम कर रहे हैं. आज हमारी सेना विश्व की तीसरी सबसे ताकतवर सेना है.



### प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर यहां बनाया जा रहा है बंदरगाह

यादव ने कहा कि अब मोदीजी की पहल पर यहां बंदरगाह बनाया जा रहा. पाकिस्तानी पहले यहां बम विस्फोट करते थे लेकिन अब नरेंद्र मोदी पाकिस्तान के घर में घुस कर देश के दुश्मनों को मार रहे हैं. अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाया, तीन तलाक को समाप्त किया, शौचालय दिया, आयुष्मान योजना दी. उन्होंने अपील करते कहा कि 1 जून को अंतिम चरण के चुनाव में राजमहल लोकसभा की जनता कमल छाप पर बटन दबाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करे. मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और अन्य भी मौजूद थे.


### झारखंड को लूटने में लगा है कांग्रेस व झामुमोः विष्णुदेव

छत्तीसगढ के सीएम विष्णु देव सोय ने कहा कि झारखंड और छत्तीसगढ जैसे राज्य एक साथ बने. पर विकास की दृष्टि से झारखंड पिछड़ा रह गया. राज्य को लूटने में लगी कांग्रेस झामुमो की सरकार में मोदीजी की योजनाएं धरातल पर उतरी नहीं. मोदीजी चाय बेचने वालों में से रहे.

## दुमका में भाजपा का पूरा सपोर्ट मिल रहा है : राजश्री सोरेन

विशेष संवाददाता। रांची

सीता सोरेन की बेटियां अपनी मां के लिए चुनाव प्रचार में उतरी हुईं हैं. निजी तौर पर वे लोग दुमका के गलियों में घूम-घूम कर प्रचार कर रही है. उनकी बेटी राजश्री ने पार्टी, परिवार और कल्पना सोरेन पर तीखा हमला किया. कहा कि पिता जी के निधन के बाद भी मेरी मां जामा में अकेले ही चुनाव लड़ा करती थीं. इस बार हम दोनों बहनें मां के लिए काम कर रही हैं. उन्होंने अपने मां के खिलाफ प्रचार कर रही अपनी चाची (कल्पना सोरेन) पर प्रहार करते हुए कहा कि ओ हेलिकॉप्टर से घुम रही हैं. इसमें किसका पैसा खर्च हो रहा है. यह तो जनता का पैसा है ना. हमें हेलिकॉप्टर की जरूरत नहीं है. हम जमीन से जुडकर काम कर रहे हैं. लोगों से मिल रहे हैं. पूरे झारखंड में हम जहां जा रहे हैं, मेरे पापा (दुर्गा सोरेन) के बारे में बात हो रही है. मेरे पिता के निधन के बाद मेरे पापा के चेहरे को धूंधला करने का प्रयास इनलोगों ने किया. मगर वे अपने मंसूबे पर कामयाब नहीं



### राजश्री ने क्या-क्या कहा

- जामा के चुनावों में पार्टी और परिवार का तनिक भी सपोर्ट नहीं मिलता था.
- पार्टी और परिवार ने पिता के नाम को धुंधला किया.
- जनता के पैसे खर्च कर हेलिकॉप्टर से घूम रही हैं कल्पना सोरेन.

हो सके. वे पूरे झारखंडियों के दिलों में बसते हैं. परिवार वाले हमें मान-सम्मान नहीं दे पाए. मोदी जी ने सम्मान देने का काम किया. जब मेरी मां जामा से चुनाव लड़ती थीं तो अपने दम पर, उस समय भी पार्टी और परिवार का उतना सपोर्ट नहीं मिलता था. मां के लिए कमल फूल छाप बताने में और समझाने में कोई दिक्कत नहीं हो रही है. क्योंकि हमे पूरे भाजपा परिवार का सपोर्ट मिल रहा है.

## रोजगार सेवक ने खरीदा था स्कॉर्पियो अब विभाग ने मांगा है पूरा ब्योरा

**रांची।** गिरिडीह के रोजगार सेवक द्वारा स्कॉर्पियो खरीद मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया है. अब ग्रामीण विकास विभाग ने पूरे मामले में विस्तृत जानकारी मांगी है. मामला गिरिडीह सदर के पुरनानगर ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक सुरेंद्र कुमार दास से जुड़ा है. इस मामले में सबसे पहले डीडीसी से रिपोर्ट मांगी गई थी, लेकिन उस वक्त पूरा ब्योरा नहीं मिल पाया था. ग्रामीण विकास विभाग ने यह जानना चाहा है कि आखिर कैसे एक ग्राम रोजगार सेवक 20 लाख रुपये लागत से स्कॉर्पियो कार खरीदी है. पूरे मामले में गिरिडीह के लोकपाल ओर डीडीसी ऑफिस से जांच प्रतिवेदन पांच अप्रैल को जमा कराया गया, लेकिन स्कॉर्पियो खरीद के बिंदु पर कोई स्पष्ट रिपोर्ट नहीं दी गयी.

### कल्पना सोरेन ने बुधवार को किया तूफानी दौरा, चार चुनावी सभा को किया संबोधित

## दिल्ली में इंडिया अलायंस की सरकार बनना तय, संथाल में होगा आखिरी कील ठोंकने का काम : कल्पना सोरेन

विशेष संवाददाता। रांची

कल्पना मुर्मू सोरेन ने आज बुधवार को संथाल परगना का तूफानी चुनावी दौरा किया. आज उन्होंने झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन के लिए जामताड़ा, दुमका के घटियारी, राजमहल सीट से विजय हांसदा के लिए साहेबगंज तथा साहेबगंज के पतना में चुनावी सभा को संबोधित किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस बार दिल्ली में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय हो गयी है. जिस तरह आपलोगों के प्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भाजपा वालों ने षड्यंत्र के तहत जेल भेज दिया, उसी तरह



जनता भी इस बार इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर भाजपा को खत्म कर देगी.

कल्पना ने कहा , जब शिबू सोरेन ने सर नहीं झुकाया, तो हेमंत सोरेन कैसे सर झुका देगा. हेमंत सोरेन के साथ पूरे झारखंड की जनता है. साढ़े 3 करोड़ जनता उनके साथ है. हमारे झारखंड में तीन चरणों का चुनाव हो गया है. चुनाव का परिणाम साफ नजर आ रहा है कि जनता ने इस बार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को अपना मत दिया है. यह अंतिम चरण का चुनाव जो संथाल परगना में हो रहा है, यह केंद्र सरकार के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम करेगा. इंडिया गठबंधन के दुमका, राजमहल, गोड्डा के तीनों प्रत्याशी भारी मतों से विजयी हो रहे हैं.

**हेमंत कभी झुकेगा नहीं :** कल्पना ने कहा कि यह भारत देश की खूबसूरती है. यहां अनेकता में एकता दिखती है. जब अंग्रेजों के समय में बाबा तिलका मांझी ने तीर-धनुष तब उठाया था जब हिंदुस्तान में किसी ने आजादी का सपना देखा भी नहीं था. इसलिए हेमंत है तो झारखंड मुक्ति मोर्चा कभी झुकेगा नहीं.

## ईडी ने आईएएस मनीष रंजन को दुबारा तीन जून को पूछताछ के लिए बुलाया

संवाददाता ।रांची

**टेंडर कमीशन घोटाला**

झारखंड में टेंडर कमीशन घोटाला मामले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आईएएस मनीष रंजन को दुबारा तीन जून को पूछताछ के लिए बुलाया है. इससे पहले ईडी ने मनीष से मंगलवार को आठ घंटे तक पूछताछ की थी. जांच के क्रम में इसी छह मई को मंत्री आलमगीर आलम के पीएस रहे संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के फ्लैट से ईडी को कई दस्तावेज हाथ लगे थे. उसमें कमीशन की राशि किन-किन लोगों को जाती थी, इसका पूरा विवरण मौजूद है. ईडी ने 28 मई को मनीष रंजन से इस संबंध में सवाल-जवाब किया था, लेकिन उन्होंने सभी सवालों पर अनभिज्ञता जतायी थी. ईडी ने उन्हें आलमगीर आलम के समक्ष बैठाकर भी कई सवाल किये थे.

क्लासिफाइड







**जानकारी** आनंदमार्गी धर्म महासम्मेलन : 29 मई से 4 जून तक होगा धार्मिक कार्य

# पुनदाग रेलवे स्टेशन पर होगा ट्रेनों का अस्थाई ठहराव



**रांची। आनंदा नगर (पुनदाग) में आनंदमार्गी धर्म महासम्मेलन के लिए 29 मई से 4 जून तक निम्न ट्रेनों का एक मिनट के लिए पुनदाग स्टेशन पर ठहराव दिया गया है.**

1. ट्रेन संख्या 13303 धनबाद-रांची एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 07 :27 बजे एवं प्रस्थान 07 :28 बजे होगा .
2. ट्रेन संख्या 13304 रांची - धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 20 :54 बजे एवं प्रस्थान 20 :55 बजे होगा .
3. ट्रेन संख्या 13403 रांची-भागलपुर एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 21 :04 बजे एवं प्रस्थान 21 :05 बजे होगा .
4. ट्रेन संख्या 13404 भागलपुर- रांची एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 06 :19 बजे एवं प्रस्थान 06 :20 बजे होगा .
5. ट्रेन संख्या 15027 हटिया- गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 19 :14 बजे एवं प्रस्थान 19 :15 बजे होगा .
6. ट्रेन संख्या 15028 गोरखपुर- हटिया मौर्य एक्सप्रेस का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 04 :32 बजे एवं प्रस्थान 04 :33 बजे होगा .
7. ट्रेन संख्या 18105 राउरकेला - जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 22 :15 बजे एवं प्रस्थान 22 :16 बजे होगा .
8. ट्रेन संख्या 18106 जयनगर - राउरकेला एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 07 :55 बजे एवं प्रस्थान 07 :56 बजे होगा .
9. ट्रेन संख्या 18627 हावड़ा - रांची एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 20 :09 बजे एवं प्रस्थान 20 :10 बजे होगा .
10. ट्रेन संख्या 18628 रांची- हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 07 :12 बजे एवं प्रस्थान 07 :13 बजे होगा .
11. ट्रेन संख्या 18619 रांची- दुमका एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 23 :20 बजे एवं प्रस्थान 23 :21 बजे होगा .
12. ट्रेन संख्या 18620 दुमका- रांची एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 01 :49 बजे एवं प्रस्थान 01 :50 बजे होगा .
13. ट्रेन संख्या 03595 बोकारो स्टील सिटी - आसनसोल मेमू का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 03 :46 बजे व प्रस्थान 03 :47 बजे होगा .

एक राज्य - एक अखबार

# शुभम संदेश

रांची, गुरुवार 30 मई 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 51 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

तापमान
42.2° अधिकतम | 28.8° न्यूनतम

राज्य में अगले दो दिनों तक राहत के आसार नहीं, गर्मी से गढ़वा में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत



## झारखंड में रुला रही गर्मी

# 17 जिलों में पारा 40° के पार

प्रमुख संवाददाता। रांची

गर्मी के सितम से पूरा झारखंड हलकान हो गया है. अगले दो दिनों तक गर्मी से राहत की कोई संभावना नहीं है. मौसम केंद्र, रांची के अनुसार, एक जून तक गढ़वा, पलामू व चतरा में हीट वेब चलने की संभावना है. राज्य के 17 जिलों में एक बार फिर तापमान 40 के पार पहुंच चुका है. मौसम केंद्र के अनुसार, अगले 48 घंटे तक ऐसे ही मौसम के बने रहने के आसार हैं. रांची के तापमान में भी करीब 4 डिग्री की बढ़ोतरी हुई और अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. मई माह में यह दूसरा मौका है कि राजधानी का तापमान 40 के पार पहुंचा है. तपती गर्मी को लेकर मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने यलो अलर्ट भी जारी किया है.

**डालटनगंज में रिकॉर्ड 47.8 डिग्री पहुंचा तापमान :** राज्य में सर्वाधिक 47.8 डिग्री सेल्सियस डाल्टनगंज का रिकॉर्ड किया गया है, जो कि 6 मई 1978 के 47.8 डिग्री सेल्सियस से 0.3 डिग्री ही कम है. जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री रहा. वहीं गढ़वा का अधिकतम तापमान 47.2 डिग्री, लातेहार का 42.7 डिग्री, लोहरदगा का 43.7 डिग्री, चतरा का 43.7 डिग्री, रामगढ़ का 43 डिग्री, गुमला का 43.3 डिग्री, बोकारो 40.5 डिग्री, देवघर का 40.8 डिग्री, गिरिडीह 40.4 डिग्री, हजारीबाग का 43.9 डिग्री, सरायकेला का 42.2 डिग्री, गोड्डा का 37.2 डिग्री और चाईबासा का 43.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.


फोटो : रमीज

### आज कुछ जिलों में बारिश की भी संभावना

मौसम केंद्र के अनुसार 30 मई, 31 मई और एक जून को राज्य के उत्तर-पूर्वी हिस्से यानी देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद और साहिबगंज में कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है. वहीं राज्य के निकटवर्ती मध्य भाग यानी रांची, रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, बोकारो, गुमला के अलावे उत्तर पश्चिमी हिस्से यानी पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा के साथ-साथ दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में हीट-वेव का असर देखने को मिलेगा.

### गर्मी के कारण चामगादड़ों की मौत की आशंका

गढ़वा के कांडी प्रखंड के सुरीपुर और कासंप गांव के इलाके में मंगलवार रात व बुधवार सुबह सैकड़ों चमगादड़ों की मौत हो गई. आशंका जताई जा रही है कि इन चमगादड़ों की मौत गर्मी के कारण हुई होगी. फिलहाल इसकी जांच की जा रही है. चमगादड़ों की मौत के बाद ग्रामीण दहशत में हैं. बताया जा रहा है कि चमगादड़ों की मौत गर्मी की वजह से हुई है.

### सर्वाधिक 47.8° सेल्सियस डालटनगंज का तापमान रिकॉर्ड







## ब्रीफ खबरें

### तोरपाः बालू की अवैध ढुलाई, तीन वाहन जब्त

**रांची/खूंटी।** तोरपा की अंचलाधिकारी पूजा बिन्हा और तोरपा थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय के नेतृत्व में खनन टास्क फोर्स ने बीती मंगलवार देर रात तोरपा थाना क्षेत्र के डोड़मा के पास छापेमारी की. इस क्रम में अवैध रूप से बालू का परिवहन करते एक हाइवा, एक टर्बो व एक जेसीबी को जब्त किया गया. मौके पर अवैध रूप से भंडारण कर रखे गये 10 हजार घनफीट बालू भी जब्त किये. पुलिस ने मौके से डोड़मा तेली टोला निवासी राजीव महतो व सिलादोन गांव के बिरसा सांगा को गिरफ्तार किया.

### रेलवे टिकट कालाबाजारी के आरोप में दो गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल ने पिछले दो दिनों में रेलवे टिकट की कालाबाजारी करने के आरोप में दो लोगों को पकड़ा है. टीम ने हिंदपीढ़ी के स्टार साइबर कैफे से मो मिस्टर अंसारी को गिरफ्तार किया. उसके पास से 21 ई-टिकट और 31 हजार रुपये बरामद किये हैं. वहीं, चुटिया थाना क्षेत्र के प्रगति पथ स्थित मां साइबर कैफे में छापेमारी कर रंजीत कुमार को गिरफ्तार किया है. उसके पास से 11 रेलवे ई-टिकट मिले.

### हरमू-सहजानंद रोड पर एक्सीडेंट, हताहत नहीं

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सहजानंद चौक के पास बुधवार की शाम टाटा टियागो और 407 ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई. दुर्घटना के बाद दोनों वाहनों के चालक फरार हो गए. इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. घटना के बाद सहजानंद चौक से हरमू चौक के बीच थोड़ी देर तक जाम की स्थिति बन गई थी.

### डीसी ने दी मतगणना व्यवस्था की जानकारी

**रांची।** लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना चार जून को होगी. रांची संसदीय क्षेत्र के वोटों की गिनती पंडरा बाजार समिति में होगी. मतगणना की व्यवस्था एवं प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए जिला निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को उम्मीदवारों व एजेंट के साथ बैठक की. उन्होंने पीपीटी के माध्यम से पंडरा स्थित मतगणना स्थल पर सभी छह विधानसभा क्षेत्र के काउंटिंग हॉल, मतगणना में लगे पदाधिकारियों, कर्मियों एवं इलेक्शन एजेंट के आने-जाने का रास्ता, वाहनों की पार्किंग आदि की जानकारी दी.

## कडरू में व्यवसायी को डॉक्टर की कार ने धक्का मारा, एक घंटे बाद ही हुई मौत

- व्यवसायी की मौत की खबर मिलते ही गाड़ी छोड़ कर भाग निकले डॉक्टर
- कार डॉ रामनंदन शर्मा के नाम पर निबंधित, सेवा सदन में एनेस्थेटिस्ट हैं

संवाददाता। रांची

अरोगोड़ा थाना क्षेत्र के कडरू में एसबीआई एटीएम के पास होंडा सिटी कार ने इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी सुमन तिवारी को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये. हादसे के बाद चालक ने कार भगा ले जाने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने खदेड़ कर पकड़ा और उसी कार से घायल सुमन तिवारी को लेकर नागरमल मोदी सेवा सदन पहुंचे. अस्पताल के इमरजेंसी में सुमन तिवारी के सिर का सीटी स्कैन करने के साथ इलाज शुरू किया गया, लेकिन अंदरुनी चोट और ब्लीडिंग की वजह से इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गयी. उधर चालक मौके से कार छोड़ कर वहां से भाग निकला. सूचना पाकर पहुंची अरगोड़ा पुलिस ने कार को जब्त कर लिया. थाना प्रभारी ने बताया कि कार डॉ रामनंदन शर्मा के नाम पर निबंधित है और वे पेशे से चिकित्सक हैं और सेवा सदन में एनेस्थेटिस्ट के रूप में कार्यरत हैं. उधर घर के मुखिया के निधन की खबर मिलते ही परिवार के सदस्यों में कोहराम मच गया. पत्नी व बिटिया श्वेता का रो-रो कर बुरा हाल है. बिटिया श्वेता तिवारी एचडीएफसी बैंक में अधिकारी हैं, जबकि उनका भाई सौरभ गुरुवार दिल्ली के लिए निकला था, सूचना मिलने के बाद वह भी रांची के लिए निकल गया है.

### अरगोड़ा के पर्ल क्रेस्ट अपार्टमेंट में सपरिवार रह रहे थे सुमन

अरगोड़ा के पर्ल क्रेस्ट अपार्टमेंट के प्लैट नंबर सी 106 में रहनेवाले इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी सुमन तिवारी बुधवार सुबह लगभग 11 बजे घर से कडरु स्थित अपनी दुकान के लिए अपनी बाइक से निकले थे. कडरू में डीएवी कपिलदेव के निकट एसबीआई एटीएम के पास से गुजरते वक्त उन्हें पीछे से होंडा सिटी कार ने धक्का मार दिया. दुर्घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं. सेवा सदन में इलाज के दौरान एक घंटे में ही उनकी मौत हो गयी. दोपहर एक बजे पर्ल क्रेस्ट अपार्टमेंट सोसाइटी के पदाधिकारियों को घटना की जानकारी मिली, तो अध्यक्ष रवींद्र प्रसाद और सचिव सुनील सेवा सदन पहुंचे. अस्पताल पहुंच कर मृतक सुमन तिवारी की पत्नी व बेटी को संभाला और घर उन्हें घर भेजवाया. कमेटी की महिला सदस्य व अन्य पड़ोसी व परिचित महिलाएं सुमन तिवारी के घर पहुंचीं और महिला सदस्यों को संभाला. उधर सोसाइटी के पदाधिकारी शव लेकर पोस्मार्टम के लिए शाम 4.30 बजे रिम्स पहुंचे, लेकिन शाम हो जाने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका. सोसाइटी के पदाधिकारियों ने शव को शीतगृह में रखवाने की व्यवस्था की. गुरुवार सुबह 10 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव सोसाइटी कैंपस ले जाया जाएगा.


सुमन तिवारी

- कार चालक को खदेड़ कर पकड़ा और उसी कार से घायल सुमन तिवारी को लेकर सेवा सदन पहुंचे.
- अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में इलाज के दौरान अंदरुनी चोट और ब्लीडिंग की वजह से सुमन की मौत हो गयी.

### पापा आप हमलोगों को रोता-बिलखता छोड़ कर कहां चले गये

व्यवसायी सुमन तिवारी की मां की तबीयत खराब चल रही है. सुमन की मैरेज एनिवर्सरी भी 27 मई को ही थी. चूंकि मां की तबीयत खराब थी, इसलिए उन्होंने परिवार के सदस्यों व रिश्तेदारों को उनसे मिलने के लिए बुलवा लिया था. साथ ही रिश्तेदारों के आने पर मैरेज एनिवर्सरी पर छोटा सा कार्यक्रम घर में ही रखा था. अभी शादी की सालगिरह की खुशियों की खुमार ठंडी पर न पड़ी थी कि सुमन हादसे का शिकार हो गये और देखते ही देखते पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा. बिटिया श्वेता रो-रो कर पूछ रही थी- पापा आप कहां चले गए, ऐसे हमलोगों को रोता-बिलखता छोड़ कर क्यों चले गये. आस-पडोस़ की महिलाएं व रिश्तेदार बिटिया को संभाल रहे थे. वहीं उनकी मां रह-रह कर बेहोश हो जा रहीं थीं. रिश्तेदार व पड़ोस की महिलाएं श्वेता की मां और दादी को भी संबाल रही थीं.

## कोकर के अयोध्यापुरी और पिस्का मोड़ तेल मिल गली में ईडी का छापा

### निजी बैंक अधिकारी और डेंटिस्ट के घर में करीब चार घंटे तक की जांच

सौरभ सिंह। रांची

राजधानी रांची में एक बार फिर ईडी ने दबिश दी है. ईडी की टीम ने बुधवार को कोकर के अयोध्यापुरी रोड नंबर एक में निजी बैंक के अधिकारी सौरभ कुमार के घर पर छापेमारी की. दूसरी तरफ रातू रोड के पिस्का मोड़ स्थित तेल मिल गली में डेंटिस्ट रवि कुमार ठाकुर के यहां भी दबिश दी. दोनों जगहों पर ईडी की टीम ने दोपहर बाद तीन से चार बजे के बीच छापेमारी की. करीब चार घंटे तक जांच के बाद ईडी की टीम वहां से निकल गयी. बता दें कि सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और आईएएस मनीष रंजन से जुड़े मामले को लेकर ये छापेमारी की गयी है.

**आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से जुड़ा है मामला :** ईडी की छापेमारी को लेकर बताया जा रहा है कि इसका कनेक्शन झारखंड के पूर्व ग्रामीण विकास विभाग के सचिव मनीष रंजन से जुड़ा है. वे फिलहाल ईडी की पूछताछ का सामना कर रहे हैं. 28 मई को ईडी के अफसरों ने उनसे पूछताछ की थी. इसमें उन्होंने खुद को ईमानदार अफसर बताया था. ईडी ने ग्रामीण विकास विभाग के टेंडर में कमीशनखोरी व मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें समन भेजा था और क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था. पहले समन पर वे उपस्थित नहीं हुए थे और विभाग के कर्मचारी की मार्फत चिट्ठी भेजकर समय की मांग की थी. इसके बाद दूसरे समन पर वे ईडी ऑफिस में पूछताछ के लिए हाजिर हुए थे.



### ईडी की गिरफ्त में हैं मंत्री आलमगीर आलम पीएस संजीव लाल व सहायक जहांगीर आलम

झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम विभागीय टेंडर में कमीशनखोरी व मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की गिरफ्त में हैं. रिमांड पर लेकर ईडी के अधिकारी उनसे लगातार पूछताछ कर रहे हैं. ईडी ने इन्हें भी समन भेजा था और पूछताछ के दूसरे दिन 15 मई को इन्हें गिरफ्तार कर लिया था. इससे पहले इनके पीएस संजीव कुमार लाल व सहायक जहांगीर आलम को ईडी ने दबोचा था. इनके यहां से नोटों के पहाड़ मिले थे. सहायक जहांगीर आलम के ठिकाने से 32 करोड़ रुपये मिले थे. पैसे गिनते-गिनते मशीनें हाफने लगी थीं. इससे जुड़े अन्य ठिकानों से भी ईडी को नकद मिले थे. ईडी ने कुल करीब 37 करोड़ रुपये बरामद किए थे.



**लाल आतंक** मैक्लुस्कीगंज में नक्सलियों ने बीएसएलएल के केबल बिछाने वाले कंटेनर में लगाई आग

## कंटेनर में छिपा था एक मजदूर, जिंदा जल गया

संवाददाता। रांची/खलारी

खलारी कोयलांचल क्षेत्र में चामा-मैक्लुस्कीगंज मार्ग पर बीती मंगलवार की रात नक्सलियों ने भारी उत्पात मचाया. मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में दुल्ली गांव के पास नक्सलियों ने बीएसएनएल कंपनी के केबल बिछाने के कार्य में लगे कंटेनर को आग के हवाले कर दिया. इस घटना में कंटेनर के अंदर मौजूद एक मजदूर की झुलसने से मौत हो गयी.

घटना की सूचना मिलने के बाद बुधवार सुबह ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी, खलारी इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार सशस्त्र बल के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाइ छानबीन शुरू कर दी. मृतक मजदूर की पहचान 25 वर्षीय संजय भुइयां के रूप में हुई है, जो बिहार के औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया गया है.

**लेवी की मांग को लेकर आगजनी की घटना :** घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि नक्सली कमांडर रविन्द्र गंझू के दस्ते द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया है. अनुमान लगाया जा रहा है कि भाकपा माओवादियों द्वारा लेवी की मांग को लेकर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है. इस घटना के बाद पूरे खलारी कोयलांचल और मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है.

### डर के कारण कंटेनर में छिप गया था मजदूर



- अगजनी से पहले हवाई फायरिंग कर फैलाई दहशत
- सात मजूदर भाग गये, एक कंटेनर में ही छिप गया था

जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात्रि केबुल बिछाने के कार्य में लगी कंटेनर दुल्ली गांव के पास खड़ी थी. अचानक रात्रि 11 हुई कई अज्ञात हथियार बंद नक्सली मौके पर पहुंचे और हवाई फायरिंग करने लगे. डर कर कंटेनर के पास में मौजूद सात मजदूर व चालक भाग निकले, जबकि एक मजदूर कंटेनर में ही जाकर छिप गया. हवाई फायरिंग के बाद नक्सलियों ने गाड़ी को आग के हवाले कर दिया. इस घटना में कंटेनर के अंदर छिपा मजदूर जिंदा जल गया.

> इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा बीएसएनएल कंपनी का ओएफसी केबल बिछाने का कार्य किया जा रहा था. आगजनी और फायरिंग की घटना के पीछे नक्सलियों का हाथ है या अपराधियों का, इसका पता लगाया जा रहा है. – **सुमित कुमार अग्रवाल, ग्रामीण एसपी, रांची.**



## कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मी से डेढ़ लाख रुपये की लूट

संवाददाता। रांची

बैंक से पैसा निकाल कर घर जा रहे एक व्यक्ति से बाइक सवार उचक्कों ने डेढ़ लाख रुपया लूट लिए. घटना बुधवार की दोपहर सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के रातू रोड स्थित दुर्गा मंदिर के पास की है. जानकारी के मुताबिक, रंजीत एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारी रंजीत सिंह रातू रोड स्थित एचडीएफसी बैंक से कंपनी के डेढ़ लाख रुपये निकाल कर अपने ऑफिस लौट रहे थे.

इस क्रम में वह जैसे ही दुर्गा मंदिर के पीछे वाली सड़क पर पहुंचे, तो पल्सर बाइक पर सवार दो अपराधी तेजी से उनके पास पहुंचे और रुपयों से भरा बैग छीन कर फरार हो गए. पीड़ित रंजीत सिंह ने बताया कि वे भागे-भागे ट्रैफिक पुलिस के पास पहुंचे और छिनतई की जानकारी दी. इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने वायरलेस पर घटना की जानकारी दी. घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कंस्ट्रकशन कंपनी के कर्मी से पूछताछ कर जांच में जुट गयी. गौरतलब हो कि इससे पहले भी सोमवार व मंगलवार को भी शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बैंक से पैसे निकाल कर लौट रहे लोगों से क्रमशः दो लाख, एक लाख और 50 हजार रुपये की छिनतई हुई थी. ये घटनाएं नामकुम, खलारी व रातू क्षेत्र में हुई थीं. इन सभी मामलों में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं.

**खास बातें**

- कार्यालय जाने के दौरान रातू रोड दुर्गा मंदिर के पास छिनतई
- एचडीएफसी बैंक की रातू रोड शाखा से की थी निकासी

## ब्रीफ खबरें

### दीप्ति जयराज केंद्रीय प्रतिनियुक्त पर जाएंगी

**रांची।** वित्त विभाग की की विशेष सचिव के पद पर पदस्थापित दीप्ति जयराज को राज्य सरकार ने सेंट्रल डेप्यूटेशन के लिए विरमित कर दिया है. वे भारतीय राजस्व सेवा की अफसर हैं. इस संबंध में झारखंड के वित्त सचिव की ओर से कार्मिक विभाग को पत्र लिखा गया था. इसके बाद ही उन्हें उनके पैतृक विभाग केंद्रीय बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेस एंड कस्टम डिपार्टमेंट ऑफ रेवेन्यू मिनिस्ट्री भारत सरकार में योगदान देने के लिए विरमित किया गया है.कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है.

### मरांडी आज राजमहल में करेंगे जनसभा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गुरुवार को राजमहल लोकसभा में दो जनसभा को संबोधित करेंगे. पहली जनसभा बोरिय विधानसभा के खैरवा पंचायत स्थित जिरली करहरिया मैदान में 11:30 बजे से होगी. इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, प्रत्याशी ताला मरांडी मौजूद रहेंगे. दूसरी जनसभा महेशपुर विधानसभा के कांकजोल हटिया फुटबॉल मैदान में दोपहर 1 बजे से होगी. इस अवसर पर प्रत्याशी ताला मरांडी मौजूद रहेंगे.

### सोनेट अकादमी और मिताली सीए की जीत

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी-डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट में सोनेट क्रिकेट अकादमी व मिताली सीए ने अपने-अपने मुकाबले जीते. नेहरू ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में नामकुम के सोनेट क्रिकेट अकादमी ने आरएसएएसआर को 31 रन से हराया. सोनेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 169 रन बनाए. टीम के लिए धीरज ने सर्वाधिक 52, राजीव ने 35 व रवि ने 22 रन बनाए. आरएसएएसआर के उबैद ने तीन और सौरभ व कमर ने दो-दो विकेट चटकाए. जवाब में आरएसएएसआर की टीम 138 रन पर ढेर हो गयी. अबिदुर ने सर्वाधिक 23 रन बनाए. राजीव ने तीन और मुन्ना व धीरज ने दो-दो विकेट लिए.

### स्टार्टअप कंपनियों को लेकर चैंबर की पहल

**रांची।** झारखंड स्टार्टअप्स पॉलिसी के तहत झारखंड की स्टार्टअप कंपनियां लाभांवित हो सकें, इसके लिए फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के सूचना प्रोद्यौगिकी ई गवर्नेंस विभाग की सचिव विप्रा भाल व स्टार्टअप हेड दयाशंकर वर्मा से मुलाकात की. विभागीय अधिकारियों ने कहा कि झारखंड के परिप्रेक्ष्य में वर्तमान में अधिसूचित पॉलिसी काफी बेहतर बनाई गई है. इसमें स्थानीय जरूरतों को देखते हुए कई आकर्षक प्रावधानों का समावेश किया गया है. चैंबर की स्टार्टअप उप समिति के चेयरमेन अमित अग्रवाल ने कहा कि विभाग द्वारा पूर्व में चिन्हित 107 स्टार्टअप्स की वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर चैंबर अपनी रिपोर्ट विभाग को जल्द ही सौंपेगा. साथ ही जो स्टार्टअप्स वर्तमान में चल रहे हैं, उन्हें सरकार से सपोर्ट मिलता था. प्रतिनिधिमंडल ने सरकार की वर्तमान पॉलिसी के प्रावधानों की सराहना किया. उन्होंने कहा कि पॉलिसी के जरिए सरकार ने इस वर्ष के अंत तक झारखंड में कम से कम 1000 नए स्टार्टअप्स शुरू किये जाने का लक्ष्य रखा है, जो उत्साहित करनेवाला है. क्षेत्रीय उपाध्यक्षों के माध्यम से राज्य के हर प्रमंडल में जागरूकता कॉन्क्लेव के माध्यम से नये स्टार्टअप्स में वृद्धि के लिए चैंबर ने प्रयास करने की बात कही.

## राजमहल, गोड्डा और दुमका संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों पर दर्ज हैं आपराधिक मामले


# निशिकांत के खिलाफ सबसे ज्यादा 8 और ताला पर सबसे कम 1 मामला दर्ज

**सौरभ सिंह। रांची**

**लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें चरण में झारखंड की तीन संसदीय सीटों पर एक जून को मतदान होना है. इस चरण में दुमका, गोड्डा और राजमहल लोकसभा सीट पर मतदान होगा. जानें किस प्रत्याशी के खिलाफ कितने आपराधिक मामले दर्ज हैं.**



गोड्डा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 354, 307, 332, 333, 376, 511, 354, 379, 506, 225, 353, 147, 149, 323, 143, 341, 188, 427, 151, 152, 148, 120, 509, 224 के तहत कुल पांच मामले दर्ज हैं.



गोड्डा से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के खिलाफ आईपीसी की धारा 506, 171, 409, 420, 467, 468, 332, 153, 406, 188, 147, 447, 34, 427, 323, 149, 120, 148, 335, 166, 290, 336, 341, 342, 471, के तहत आठ मामले दर्ज हैं.



गोड्डा से निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक आनंद झा के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 171, 471, 120, 419,465, 34 के तहत कुल चार मामले दर्ज हैं.



दुमका प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ आईपीसी की धारा 451, 452, 467, 468, 477, 195, 365, 506, 171, 406, 480, 465, 323, 342, 120 और 403 के तहत कुल चार मामले दर्ज हैं.



दुमका से जेएमएम प्रत्याशी नलिन सोरेन के खिलाफ आईपीसी की धारा 409, 420, 467, 468, 406, 120, 423, 424, 465, 471 के तहत दो मामले दर्ज हैं.



राजमहल से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 409, 467, 468, 420 के तहत एक मामला दर्ज है.



राजमहल से ही निर्दलीय प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम के खिलाफ आईपीसी की धारा 379, 506, 171, 188, 147, 148, 341, 323, 504, 143 के तहत कुल दो मामले दर्ज हैं.

## डिस्टिलरी पुल के पास रिवरसाइड कॉलोनी के लोग परेशान

# 20 दिन हो गये...घर में नल है पर पानी नहीं



**आकर्ष अनिकेत। रांची**

केंद्र सरकार जहां हर घर नल जल योजना के तहत पेयजल पहुंचाने की कवायद कर रही है, वहीं कई घरों में नल होने के बावजूद पानी नहीं है. लालपुर में बिरसा समाधि स्थल के सामने डिस्टिलरी पुल के पास रिवरसाइड कॉलोनी में रहनेवाले लोगों की स्थिति भी ऐसी ही है. उन्हें 20 दिनों से पानी नहीं मिल पा रहा है. कॉलोनी के बाहर सप्लाई वॉटर का पाइप फट जाने के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है. कॉलोनी के लोग इस भीषण गर्मी में 20 दिनों से पीने के पानी के लिए भटक रहे हैं. जो सक्षम हैं, वे जार का पानी खरीद कर पी रहे हैं, लेकिन जो पानी खरीद पाने में सक्षम नहीं, उन्हें ज्यादा परेशानी हो रही है. लोग एक बाल्टी पानी के लिए दूसरे मुहल्लों में दौड़ लागाने के लिए मजबूर हो गये हैं. मोहल्ले के कुछ घरों में बोरिंग है, जिससे आसपास के लोगों का किसी तरह से गुजारा हो जा रहा है .जिनके घर में बोरिंग नहीं है, वह मोहल्ले के एक कुएं पर निर्भर थे, जो अब सूख चुका है. अब कॉलोनी निवासी स्कूटी व साइकिल में जार या बाल्टी लेकर दूसरे मोहल्लों से पानी लाने के लिए मजबूर हो गए हैं.

### कॉलोनी के बाहर सप्लाई वॉटर का पाइप फटने से जलापूर्ति ठप





पानी के इंतजाम में निकली महिलाएं.

### दो बार समस्या के निदान के लिए लगाई गई गुहार

पानी की किल्लत से परेशान रिवरसाइड कॉलोनी के लोगों ने बरियातू बूटी स्थित पीएचईडी कार्यालय में जाकर अधिकारियों से मुलाकात की थी और समस्या से अवगत कराते हुए निदान करने की गुहार लगाई थी. बदले में अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया था कि जल्द ही उनकी समस्याओं का निदान कर दिया जाएगा. समस्या का निदान नहीं किए जाने पर बीते मंगलवार को रिवरसाइड कॉलोनी के स्थानीय लोगों की पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बरियातू बूटी स्थित पीएचईडी कार्यालय जाकर समस्याओं के निदान के गुहार लगाई. इनमें राजेंद्र कुमार राणा, कल्लू लाहा, पिंटू राणा, हरेंद्र दुबे, सुनील साव शांमिल थे लोगों ने पीएचईडी के अभियंताओं को बताया था कि कैसे पानी के लिए मुहल्ले की बड़ी आबादी को परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है. इसके बाद पाइप जोड़ने का काम बुधवार को शुरू किया गया.

## रांची सिविल कोर्ट ने पलटा चेक बाउंस में सजा और 20 लाख फाइन का आदेश

**संवाददाता। रांची**

रांची सिविल कोर्ट ने चेक बाउंस से जुड़े एक मामले में निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए आरोपी को निर्दोष करार दिया है. दरअसल रांची सिविल कोर्ट के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट डीएन शुक्ल की कोर्ट ने कृष्ण देव प्रसाद साहू को दोषी करार देते हुए 1 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी इसके साथ ही 20 लाख रुपए का जुर्माना भरने का आदेश दिया था. इस आदेश के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की कोर्ट में कृष्ण देव प्रसाद साहू ने अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह के माध्यम से क्रिमिनल अपील दाखिल की. जिसपर सुनवाई करते हुए अदालत ने ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के आदेश को निरस्त कर कृष्ण देव प्रसाद साहू को सभी आरोपों से बरी करने का आदेश दिया है.



### अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर पाया कि उसने आरोपी को पैसे दिये थे

अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह के मुताबिक उनके मुवक्किल कृष्ण देव प्रसाद साहू पर यह आरोप था कि उन्होंने अनूप सिंह से दोस्ताना कर्ज के रूप में 15 लाख रुपए उधार लिये थे. जिसके एवज में कृष्ण देव प्रसाद साहू ने अनूप सिंह को चेक दिये थे .पैसे वापस नहीं करने पर अनूप सिंह ने चेक बाउंस करवा दिया और कृष्ण देव प्रसाद साहू पर चेक बाउंस का केस कर दिया. लेकिन अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर पाया कि उसने आरोपी को पैसे दिये थे. प्रधान न्यायायुक्त की अदालत ने 2 महीने में क्रिमिनल अपील पर फैसला सुनाया है.

## स्टेशन रोड के पास स्लम क्षेत्र में सैनिटरी पैड का वितरण

**संवाददाता। रांची**

जेसीआई यूथ रांची की ओर से स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को लिए निःशुल्क सैनिटरी पैड का वितरण किया गया. सैनिटरी नैपकिन वितरण स्टेशन रोड के पास स्लम क्षेत्र में किया गया. इस दौरान करीब 60 किशोरियों व महिलाओं के बीच ईको-फ्रेंडली सेनेटरी पैड के 80 पैकेट बांटे गए. माहवारी से जुड़ी गलत धारणाओं व मिथकों को दूर करने के लिए महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई. मौके पर संस्था की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बताया कि आज की यह पहल किशोरियों के बीच स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देगी और महिलाओं के सशक्तीकरण की ओर अग्रसर करेगी.

## रतजगा करके अपनी नींद हराम करने को विवश हैं लोग

# पावर कट बना सिरदर्द, दिन-रात रुला रही बिजली

**कौशल आनंद। रांची**

पिछले एक सप्ताह में बढ़ी गर्मी की तपिश का असर बिजली आपूर्ति पर पड़ता दिख रहा है. गर्मी और ओवर लोड ने आपूर्ति सिस्टम को डी-रेल कर रखा है. हालात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दिन तो दिन रात को भी बिजली रूला रही है. लोग इस भीषण गर्मी में रतजगा करने को विवश हो गए हैं.

रात में अनचाहे पावर कट से लोगों की पूरी रात की नींद खराब हो जा रही है. इसे लेकर अब बिजली अफसर भी हांफने लगे हैं और जल्द से जल्द मौसम सामान्य होने की दुआ करने लगे हैं. अगर आने वाले कुछ दिनों में इसी तरह से बिजली की खपत बढ़ी, तो पावर कट से लोगों को फिलहाल निजात मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही है.

**अचानक 40 मेगावाट तक बढ़ गयी बिजली खपत :** सामान्यतः सामान्य मौसम में बिजली की खपत रांची में 350 से 400 मेगावट तक रहती है. ट्रांसमिशन निगम से मिली जानकारी के अनुसार, रांची में इस बार पिछले साल की तुलना में मई माह के अंतिम सप्ताह में बिजली की खपत 30 से 40 मेगावाट तक बढ़ गयी है. इसका सीधा मतलब है कि गर्मी में बिजली कंजक्सन बढ़ गयी है. बिजली की खपत बढ़ने से ओवर लोड और लोकल फॉल्ट की समस्या बढ़ गयी है. 11 केवी और 33 केवी लाइन ट्रिप करना, लोकल डिस्ट्रब्यूशन ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ना, ट्रांसफारमर गर्म होकर खराब हो जाना सहित अन्य छोटे-छोटे लोकल फॉल्ट बढ़ गये हैं.



- पिछले एक सप्ताह में 40 मेगावाट तक बढ़ी बिजली खपत
- बिजली पर्याप्त, पर ओवरलोड के कारण लोकल फॉल्ट बढ़ा

### रात को भगवान भरोसे ऑपरेशन-मेटेनेंस सिस्टम

राजधानी में रात का ऑपरेशन मेंटेनेस पूरी तरह से भगवान भरोसे ही रहता है. अगर दिन में कहीं कोई दिक्कत हो, तो किसी बिजली इंजीनियर या लाइन मैन को फोन करके उसे ठीक करा लिया जाता है. मगर रात में सबस्टेशन के स्टाफ के भरोसे पूरी व्यवस्था रहती है. कहने को तो रात का गैंग सबस्टेशन में तैयार रहता है, मगर सभी अपने-अपने एरिया के नाम पर घर में रहते हैं. सब स्टेशन से फोन करके लाइन मैन को सूचना दी जाती है. रात में लाइन मैन फोन उठाए या नहीं, यह उनकी जिम्मेवारी नहीं है.

### पिछले 48 घंटे में इन क्षेत्रों में रही अधिक समस्या


- **राजभवन** सबस्टेशन अंतर्गत न्यू मधुकम फीडर पिछले 48 घंटे में सबसे अधिक रात में प्रभावित रहा. सोमवार की रात 11 बजे से दो बजे तक लगातार अंतराल में पावर कट होता रहा. खादगढ़ा सब्जी बाजार के निकट तार में आग लगने के कारण यह समस्या हुई. मंगलवार की रात भी यही स्थिति रही. जानकारी के अनुसार, राजभवन हटिया लाइन ओवर लोड के कारण ट्रिप हो गया था.
- **मंगलवार** की रात कोकर सरना सरना टोली के महावीर नगर में पूरी रात बिजली नहीं आयी. इसके पीछे मामूली लोकल फॉल्ट की समस्या सामने आयी.
- **कोकर तिरिल रोड** में बुधवार सुबह से बिजली आने जाने का सिलसिला जारी रहा. यहां भी छोटे-छोटे लोकल फॉल्ट की समस्या रही.
- **बहूबाजार** में भी बुधवार सुबह से बिजली आने का सिलसिला जारी रहा.

## झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 29 पुलिसकर्मियों का नाम भेजा

# विभागीय कार्रवाई से संबंधित मामलों की जानकारी मांगी

**संवाददाता। रांची**

झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 29 पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई से संबंधित मामले की जानकारी मांगी है. यह जानकारी जिलों के एसपी, एसएसपी, इकाई प्रमुख और सभी वाहिनी के कमांडेंट से आईजी मुख्यालय द्वारा मांगी गयी है. जानकारी इसलिए मांगी गयी है, क्योंकि इन 29 पुलिसकर्मियों के नाम स्वतंत्रता दिवस 2024 पर सराहनीय सेवा के लिए पदक प्रदान करने के लिए पुलिस मुख्यालय को भेजे गये हैं. इसलिए मुख्यालय ने इन 29 में से किसी भी पुलिसकर्मी के खिलाफ पिछले 10 साल में किसी भी प्रकार की विभागीय कार्रवाई से संबंधित मामला चलाया गया हो, या कोई मामला लंबित हो तो इसकी सूचना 24 घंटे में झारखंड पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराने को कहा है.



### जिन पुलिसकर्मियों के बारे में मांगी गयी है जानकारी

जिन 29 पुलिसकर्मियों के बारे में जानकारी मांगी गयी है, उनमें सतीश कुमार झा, बंधना उरांव, राधा कुमार, विजय कुमार, शैलेंद्र कुमार यादव, राजेंद्र राम, संजीव बरदेवा, अरुण उरांव, सुरेश राई, सलोमी मिंज, ऋतुराज, संजय कुमार, रणधीर सिंह, कमल गुरुंग, विमल कुमार क्षेत्री, सहदेव राई, हेमा रानी कुल्लू, रेखा कुमारी, चेतलाल कुमार, सत्येंद्र कुमार खेरवार, किरण क्षेत्री, सर्वजीत कुमार, बेंजामिन केरकेट्टा, अमित कुमार सिंह, सुरेंद्र उरांव, अशोक प्रसाद, रविशंकर कुमार और सुरेंद्र राम शामिल है.

### राहुल गांधी का दुमका दौरा रद्द, इमरान प्रतापगढ़ी आज आएंगे संथालपरगना



**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का 30 मई को दुमका दौरा रद्द हो गया है. उनकी जगह गुरुवार को अब कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन सह सांसद इमरान प्रतापगढ़ी आएंगे. वह दुमका लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नलिन सोरेन व राजमहल से प्रत्याशी विजय हांसदा के समर्थन जनसभाओं को संबोधित करेंगे. यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजीनी ने दी. उन्होंने बताया कि देश के अन्य क्षेत्रों में चुनावी प्रचार में अति व्यस्तता के कारण राहुल गांधी का दौरा स्थगित हुआ है. सांसद इमरान प्रतापगढ़ी गुरुवार को बरहवा, बरहेट, सारठ, कुंडहित समेत अन्य स्थानों पर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे.

**कार्यक्रम**

## केंद्रीय विद्यालय संगठन रांची संभाग का तीन दिवसीय वार्षिक प्राचार्य सम्मेलन संपन्न

# शिक्षण पद्धतियों में नवीनतम तकनीक का समावेश जरूरी : निधि

**खास बातें**

- सम्मेलन में रांची संभाग के केवि के प्राचार्य शामिल हुए
- शैक्षिक गुणवत्ता, प्रशासनिक चुनौतियों के समाधान पर चर्चा

**मुख्य संवाददाता | रांची/ जमशेदपुर**

केंद्रीय विद्यालय संगठन रांची संभाग का तीन दिवसीय वार्षिक प्राचार्य सम्मेलन बुधवार को संपन्न हुआ. जमशेदपुर स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित इस सम्मेलन में रांची संभाग के विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों के प्राचार्य शामिल हुए. सम्मेलन का उद्देश्य शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार, प्रशासनिक चुनौतियों का समाधान और नवीन शिक्षण विधियों पर विचार-विमर्श था. मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संगठन की आयुक्त निधि पांडे ने केन्द्रीय विद्यालय के मूल्यों पर काम करते हुए लक्ष्यों को प्राप्त करने के तरीकों पर बल दिया. उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में दुनिया तेजी से बदल रही है. इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी नई चुनौतियां और अवसर सामने आ रहे हैं. उन्होंने कहा कि डिजिटल लर्निंग का महत्व दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है और हमें अपने शिक्षण पद्धतियों में नवीनतम तकनीकों का समावेश करना होगा.



सम्मेलन में शामिल रांची संभाग के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों के प्राचार्य.

संयुक्त आयुक्त अजीता लॉन्गजेम ने कह कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों का समग्र विकस भी है. हमें विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक और ज्ञान से लैस करना है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें. इसके साथ ही विद्यार्थी एनईपी 2020 के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें. उन्होंने शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के विभिन्न उपायों पर चर्चा की. इसमें शिक्षकों के प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम में सुधार और विद्यार्थियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन शामिल था. शिक्षण में नई तकनीकों का उपयोग और विद्यार्थियों के लिए उसे रोचक बनाने के तरीकों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर उन्होंने बल दिया.

इससे पूर्व सम्मेलन के पहले व दूसरे दिन केन्द्रीय विद्यालय संगठन की आयुक्त निधि पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं. विशिष्ट अतिथि संयुक्त आयुक्त अजीता लॉन्गजेम के साथ नई दिल्ली से आये आमंत्रित अतिथि शशिकांत शर्मा सहायक आयुक्त (प्रशासन) भी उपस्थित थे. अतिथियों का झारखडी परंपरा के अनुसार स्वागत किया गया. तत्पश्चात केन्द्रीय विद्यालय रांची संभाग के उपायुक्त डीपी पटेल ने अतिथियों का स्वागत किया. केन्द्रीय विद्यालय टाटानगर के छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत प्रस्तुत किये. केन्द्रीय विद्यालय हजारीबाग की प्राचार्य अंकिता शर्मा ने केन्द्रीय विद्यालय रांची संभाग की विभिन्न उपलब्धियों को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया. केन्द्रीय विद्यालय गढ़वा के प्रभारी प्राचार्य दीपक पांडेय ने शिक्षण के विशिष्ट तरीकों पर विस्तृत चर्चा की. सम्मेलन के अंतिम दिन विभिन्न सत्र हुए, जिसमें संभाग उपायुक्त डीपी पटेल, सहायक आयुक्त सुजाता मिश्रा के साथ बलेन्द्र कुमार भी शामिल हुए.

## बियर बार में हत्या और बढ़ते अपराध के खिलाफ रिले रेस

**संवाददाता। रांची**

राजधानी के एक बियर बार में हुई हत्या एवं रांची में बढ़ते अपराध के विरोध में सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जन मंच, लक्ष्य एकेडमी, मैदान बचाओ संघर्ष समिति एवं अन्य संगठनों द्वारा बुधवार को मोरहाबादी मैदान में जागरूकता रिले रेस का आयोजन किया गया. रेस में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. इस अवसर पर वक्ताओं ने रांची की पुरानी शांति एवं सौहार्द से भरे शहर की पहचान पुनः कायम करने पर जोर दिया. साथ ही रांची में बढ़ती हिंसक घटनाओं एवं आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने के लिये प्रशासन एवं पुलिस को चुस्त-दुरुस्त किये जाने की आवश्यकता बतायी. जागरूकता दौड़ के आयोजन में रांची रिवोल्ट जन मंच के संयोजक डॉ. प्रणव कुमार बब्बू के साथ ही लक्ष्य अकादमी के सुनील यादव, अभिषेक कुमार मिंकू, अनूप यादव, मंटू कुमार, अनुपमा प्रसाद, सुभाष कुमार, प्रतिमा कुमारी, शीतल, प्रियांशी, संतोष दीपक, विजय दत्त पिंटू, सूर्य विकास मिंज, सुनील टोप्पो, आशीष ठाकुर, सूरज सिन्हा, उपेंद्र कुमार बबलू,, सुकांतो मुखर्जी सहित अन्य अनेक लोगों ने मोरहाबादी मैदान के चारों ओर बैनर पोस्टर के साथ जागरूकता दौड़ लगाई.



## हटिया के सेरसा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हॉकी समर कैंप शुरू


हॉकी समर कैंप में भाग ले रहे प्रशिक्षु खिलाड़ी और प्रशिक्षक.

संवाददाता। रांची

रांची रेल मंडल में हॉकी समर कैंप का शुभारंभ बुधवार को हटिया के सेरसा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हुआ. कैंप का उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक सह सेरसा अध्यक्ष जसमीत सिंह बिंद्र ने किया. बुधवार को कैंप में विभिन्न स्कूलों के 60 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया. इस कैंप में आठ से 14 वर्ष के बच्चों को पूर्व व वर्तमान के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा. इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह खेल अधिकारी निशांत कुमार, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) रमेश सिंह, पूर्व अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी सुमराय टेटे, असुंता लकड़ा, सेरसा रांची के महासचिव ओमप्रकाश ठाकुर समेत अन्य खिलाड़ी व बच्चों के माता-पिता उपस्थित थे.

### रांची रेलवे स्टेशन परिसर में स्वच्छता जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम, बताया गया सफाई का महत्व

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से फैलायी स्वच्छता के प्रति जागरूकता

संवाददाता। रांची

एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय/ एनएमएल रांची ने हमारे दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए रांची रेलवे स्टेशन परिसर में बुधवार को नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया. स्वच्छता के उद्देश्य से प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक समाज में सफाई के महत्व के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम साबित हुआ. रेलवे स्टेशन पर यात्रियों व रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने नुक्कड़ नाटक देखने के लिए अपना समय निकाला.

झारखंड एजुकेशनल एंड एनवायरनमेंट ट्रस्ट के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी, जिसमें लोगों को अपने पर्यावरण की जिम्मेदारी लेने व कूड़ेदान में कचरे का उचित निपटान करने, सार्वजनिक स्थानों पर गुटखा न थूकने, खुले में शौच व पेशाब को रोकने के लिए सार्वजनिक शौचालय का उपयोग करने के माध्यम से एक स्वच्छ और स्वस्थ समाज बनाने के चल रहे प्रयास में हाथ मिलाने के लिए प्रोत्साहित किया गया. नुक्कड़ नाटक के अंत में कलाकारों ने दर्शकों को स्थानीय स्वच्छता अभियानों में भाग लेने और अपने दैनिक जीवन में स्थायी आदतें अपनाने के लिए आमंत्रित किया.

**खास बातें**

- रेलवे अधिकारियों के साथ यात्रियों ने देखा नाटक
- सार्वजनिक शौचालय का उपयोग करने की सलाह
- दर्शकों से स्वच्छता अभियान में भाग लेने की अपील की

## रसोई अपशिष्ट की रीसाइक्लिंग के लिए कार्यशाला

रसोई अपशिष्ट जैसे अपशिष्ट प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के लिए शहरी खेती (अपशिष्ट प्रबंधन और जैविक खेती पर काम करने वाला संगठन) के सहयोग से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में कार्यालय कैंटीन कर्मचारियों यानी भारतीय कॉफी हाउस (आईसीएच) के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया कि दैनिक आधार पर उत्पन्न रसोई अपशिष्ट को कैसे रीसाइकिल कर पुन: उपयोग किया जाए और जैविक खाद में परिवर्तित किया जाए. कमर्मचारियों को बताया गया कि रसोई अपशिष्ट से तैयार खाद का उपयोग कार्यालय परिसर में रखे फूल के गमलों में किया जा सकता. ऐसे खाद के उपयोग से पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण में योगदान दिया जा सकेगा.


एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में रसोई अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला में शामिल कर्मचारी.

### संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च में सीएनआई चर्च के बिशप बीबी बास्के के साथ विशेष प्रार्थना

# 72 बच्चों का हुआ दृढ़ीकरण संस्कार

संवाददाता। रांची

स्थानीय संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च में बुधवार को 72 लोगों का दृढ़ीकरण संस्कार किया गया. इसमें 35 बालक और 37 बालिकाएं शामिल हुईं. मुख्य अतिथि सीएनआई चर्च के बिशप बीबी बास्के उपस्थित हुए.चर्च कलिसियाओं ने बिशप का जोरदार तरीके से स्वागत किया. कार्यक्रम पुरोहित डेविड की अगुआई में परमेश्वर की आराधना से शुरू की गई. पवित्र मिस्सा बलिदान अर्पित कर बच्चों के लिए विशेष प्रार्थना की गई.

इस अवसर पर बिशप ने दृढ़ संस्कार पाने वाली पवित्र आत्मा के दान और फलों के बारे में बताया. पवित्र आत्मा के आनंद, प्रेम, मेल, धीरज, कृपा, भलाई, संयम, विश्वास और नम्रता का संदेश दिया और कहा कि हमारा ईश्वर एक है, वह परमेश्वर है. उनके प्रेम की घनिष्ठता काफी मजबूत है. हम सभी एक परिवार हैं, क्योंकि हम सब एक ही उद्देश्य से जमा होते हैं. प्रस्तुति जस्टिन भुइयां ने दी और बताया कि रांची के अलग-अलग जिले के बच्चे शामिल हुए. पेरिस से आए 30 पुरोहितों की अगुवाई में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ. इसके लिए सभी बच्चों को 30 दिनों तक की दृढ़ संस्कार क्लास दी गयी थी. उनमें कलिसियाओं के मूल विश्वास और सिद्धांतों के संबंधों की शिक्षा दी गई थी. इस अवसर पर पुरोहित विकास कुजूर, सामुएल भुइयां, जोलजस कुजूर, अनिल कुमार, ग्लोरियन डहंगा, एस पूर्ति, एमानुएल भुइयां, ग्लोरियन डहंगा, जोलजस कुजूर, निकोदिन मरांडी समेत अन्य मौजूद थे.


संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च में आयोजित दृढ़ीकरण संस्कार में भाग ले रहे बच्चों के साथ बिशप, पुरोहित एवं अन्य.

## बाइबल पाठशाला में 1175 बच्चे सीख रहे धर्म की बारीकियां


संत पॉल्स कॉलेज बहूबाजार रांची, संत फ्रांसिस चर्च और बेथेसदा बालिका उच्च विद्यालय में बाइबल पाठशाला में भाग ले रहे बच्चे एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं.

**रांची।** गर्मी छुट्टी होते ही स्कूल में अवकाशकालीन बाइबल पाठशाला शुरू हो चुका है, इसके लिए रांची के संत पॉल्स कॉलेज, संतजॉन स्कूल, संत फ्रांसिस चर्च, बेथेसदा बालिका उच्च विद्यालय में बच्चों की प्रतिभा निखारने का प्रयास हो रहा है.

**बेथेसदा बालिका उच्च विद्यालय :** जीइएल चर्च रांची यूथ फेलोशिप द्वारा आयोजित बाईबल पाठशाला तीसरे दिन भी जारी रही. परमेश्वर की आराधना समीर सांगा ने किया.उन्होंने बताया कि बुधवार को 600 बच्चों ने अवकाश कालीन पाठशाला में भाग लिया. बच्चो ने सोलो सांग शुरू किया,वचन लिखो और स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता कराई गई.

### संत फ्रांसिस चर्च कोकर : 161 बच्चों ने लिया भाग

संत फ्रासिंस चर्च परिसर में अवकाशकालीन बाइबल पाठशाला में 161 बच्चों ने भाग लिया. पाठशाला में बच्चों ने परमेश्वर की आराधना में हिस्सा लिया. सचिव लिनस ने कहा कि गुरुवार को बच्चों के बीच बाइबल क्विज, पेंटिंग के साथ ही साथ सोलो सॉन्ग प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा.

### संत जॉन स्कूल : 200 बच्चों ने भाग लिया

संत जॉन स्कूल में दूसरे दिन भी अवकाशकालीन बाइबल पाठशाला दूसरे दिन भी जारी रहा. अध्यक्ष पीटर मिंज ने बताया कि बुधवार को दो सौ बच्चों ने बाइबल पाठशाला में भाग लिया है. इसमें बच्चों को एक्शन सांग, लोगों से प्रेम -भाईचारा, दया और कृपा के संबंध में जानकारी दी गयी.

### संत पॉल्स कॉलेज : 314 बच्चों ने भाग लिया

बहूबाजार स्थित संत पॉल्स कॉलेज परिसर में बाइबल पाठशाला के दूसरे दिन बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया. अध्यक्ष अल्विन टोपनो ने बताया कि अवकाशकालीन बाइबल पाठशाला में 314 बच्चों ने भाग लिया. बच्चों के बीच सोलो सॉन्ग, स्टोरी लेखन, स्टोरी टेलिंग, वचन लिखो प्रतियोगिता करायी गयी .सफल बच्चों को पुरस्कृत कर मनोबल बढ़ाया गया.

### आदिवासी संगठनों ने प्रशासन को दिया 10 दिनों का अल्टीमेटम, कहा

# सरना स्थल नहीं बना, तो रांची बंद

संवाददाता। रांची


प्रशासन के समक्ष अपनी मांगों को रखते आदिवासी संगठनों के नेता.

आदिवासी संगठनों ने एयरपोर्ट अथोरिटी और जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर 10 दिनों के भीतर एयरपोर्ट स्थित सरना स्थल को नहीं बनाया गया, तो रांची बंद किया जाएगा. यह घोषणा बुधवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों ने की. मोराबादी के चिल्ड्रेन पार्क में आयोजित एक प्रेस वार्ता में आदिवासी नेताओं ने कहा कि आदिवासियों ने एयरपोर्ट के विकास के लिए 1100 एकड़ जमीन दी है. आज आदिवासियों के धार्मिक स्थल के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है. इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. एयरपोर्ट बनने के पहले से ही आदिवासी वहां पर पूजा पाठ करते आए हैं.

केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि एयरपोर्ट आदिवासी मूलवासी के जमीन पर बना है. एयरपोर्ट के सामने आदिवासियों के धार्मिक स्थल चबूतरा को लूटने का प्रयास किया गया है. इसके लिए मुख्यमंत्री को घटना से अवगत कराया जाएगा. प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि झारखंड बनने के बाद आदिवासियों के धार्मिक जमीन पर लगातार हमला हो रहा है. राजनीति पार्टियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया है. लेकिन अब आदिवासी संगठन चुप नहीं रहेगा. जहां-जहां धार्मिक जमीन होगी, वहां-वहां बोर्ड लगा कर चिह्नित किया जाएगा.

विस्थापित मोर्चा के अजित उरांव ने कहा कि बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के सामने आदिवासियों ने अपने सौजन्य से चबूतरा बनवाया था. आदिवासियों ने एयरपोर्ट के विकास के लिए अपनी जमीन दी. आदिवासियों के देवस्थल को हड़पने का प्रयास किया जा रहा है. इसका पुरजोर विरोध होगा.

## ऑटो चालक करेंगे उग्र आंदोलन


बैठक में शामिल झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के पदाधिकारी.

संवाददाता। रांची

झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश पदधारियों की बुधवार को ड्यूक मेंशन लाइन टैंक रोड स्थित कार्यालय में बैठक हुई. प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल पदधारियों ने प्रदेश महासचिव का इस्तीफा मंजूर कर लिया. साथ ही अगली बैठक में प्रदेश महासचिव का कार्यभार अन्य पदधारी को देने पर बल दिया गया. निर्णय लिया गया कि 4 जून को सरकार बनने के बाद ऑटो चालक व मालिकों की 6 जून को बैठक होगी, जिसमें उग्र आंदोलन की तैयारी की जायेगी. मौके पर प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, सचिव तबरेज अहमद, आकाश भारती, कोषाध्यक्ष अमर मुंडा, महेश सिंह, पप्पू सिंह आदि शामिल थे.

## 21 जून से कल्याणोत्सव

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर बाला जी मंदिर का तीन दिवसीय 17वां वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव 21 जून से प्रारंभ होगा. इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है. साज-सज्जा को लेकर मंदिर परिसर में विविध कार्य किये जा रहे हैं. इस दिन उत्सव के मौके पर भक्तों का मेला लगा रहेगा. आचार्य स्वामी अनिरुद्धाचार्य इसमें खास तौर से हिस्सा लेंगे. तिरुपति से आये वाद्ययंत्र वादक भी विशेष रूप से भागीदारी निभायेंगे. बाला जी मंदिर में पहले दिन कलश स्थापन पूजन किया जायेगा. नेम-निष्ठा से यजमान संकल्प लेंगे. मंदिर के रंजन सिंह ने बताया कि दूसरे दिन 22 जून को सुबह दैनिक पूजन आरती के बाद सुदर्शन हवन किया जायेगा.

# श्रीसुखमनी साहिब के पाठ से गुलजार हैं राजधानी के गुरुद्वारे, गुरुपर्व 15 को

संवाददाता। रांची


स्त्री सत्संग सभा की ओर से आयोजित पाठ में भाग ले रहीं श्रद्धालु महिलाएं.

राजधानी के गुरुद्वारा साहिब इन दिनों सुखमनी साहिब पाठ से गुलजार है. स्त्री सत्संग सभा की ओर से श्री अर्जन देव के शहीदी गुरु पर्व को लेकर 40 दिनी पाठ किया जा रहा है. गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक सत्संग सभा, रातू रोड में बुधवार को 27 दिन पूरे हुए. दिन के साढ़े तीन से शाम साढ़े पांच बजे तक पाठ चला. नीता मिढा, गीता कटारिया, बेबी मिढा, दुर्गा देवी मिढा, उषा ढंढई, नीतू किंगर, शीतल मुंजाल आदि ने इसमें हिस्सा लिया. नरेश पपनेजा ने बताया कि इसका समापन दस जून को होगा. 15 जून को गुरुपर्व मनाया जायेगा.

श्रीगुरु सिंह सभा, मेन रोड गुरुद्वारा साहिब में बुधवार को दिन के साढ़े तीन बजे से सभा की सदस्यों ने सस्वर पाठ कर गुरु के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित की. अध्यक्ष सुरेंद्र पाल कौर, सचिव खेम कौर, परमजीत कौर, संध्या रानी मेहता, सानिया भसीन, तरनजोत कौर, अलंग लखविंदर कौर, सतपाल कौर आदि ने इसमें खास तौर से भाग लिया. प्रो हरविंदर बीर सिंह ने बताया कि दस जून को गुरुनानक स्कूल, पीपी कंपाउंड में शहादत दिवस मनेगा. इसमें पटना साहिब के रागी भाई सरबजीत सिंह जी खास तौर से शिरकत करेंगे. स्टेशन रोड गुरुद्वारा साहिब में स्त्री सत्संग सभा की सौ से अधिक सदस्याएं पाठ कर रही हैं. हरभजन सिंह ने बताया कि दो जून को इसका समापन होगा. इस मौके पर श्रीगुरु अर्जन देव जी का शहीदी गुरु पर्व श्रद्धाभाव से मनेगा. विशेष दीवान सजाये जायेंगे. गुरु का अटूट लंगर भी बरतेगा.

# कुपुत्र पैदा होने से नि:संतान रहना अच्छा : आचार्य कुलदीप

संवाददाता। रांची



कथावाचक आचार्य कुलदीप.

डीएवी नंदराज, बरियातू प्रांगण में बुधवार से संगीतमय श्रीराम कथा प्रारंभ हुई. मेरठ से आये आर्य समाज के आचार्य कुलदीप ने श्रोताओं के बीच भक्ति और ज्ञान की बातों का उल्लेख करते हुए कथा माहात्म्य पर विस्तार से प्रकाश डाला. राजा दशरथ के पुत्र प्राप्ति की चाह का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान समय में लोग पुत्र प्राप्त कर भी दुःखी हैं. संतान अपने माता-पिता का ख्याल नहीं रखते. विडंबना है कि जिन्होंने पूरे जीवन बच्चों के भविष्य संवारने में गुजार दिए. वृद्ध और असहाय होने पर उन्हें अपनी ही संतानें घर से निकाल देती हैं. ऐसे कुपुत्र पैदा होने से निःसंतान रहना अच्छा है. कथा शाम साढ़े चार से साढ़े सात बजे तक चली. इस बीच आचार्य ने प्रसंगानुसार कई भजन भी प्रस्तुत किये. कथावाचक आचार्य कुलदीप द्वारा प्रस्तुत कई मार्मिक प्रसंगों का श्रवण कर उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें भर आयीं. सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गोपाल पाठक भी कथा श्रवण को पहुंचे. अध्यक्ष शत्रुघ्न लाल गुप्ता, सुशीला गुप्ता, प्रेम प्रकाश आर्य, स्कूल के प्राचार्य डॉ. रवि प्रकाश तिवारी आदि मौके पर मुख्य रूप से मौजूद थे. सुनील गुप्ता आर्य ने बताया कि कथा दो जून तक नित्य चलेगी. समापन के मौके पर पुर्णाहूति हवन और भंडारा होगा.

# रॉकमैन प्रीमियर लीग: टाइटंस और स्मैशर्स ने अपने-अपने मुकाबले जीते

संवाददाता। रांची


धुर्वा के शाखा मैदान में आयोजित रॉकमैन प्रीमियर लीग के खिलाड़ी.

धुर्वा के शाखा मैदान में खेले जा रहे रॉकमैन प्रीमियर लीग में बुधवार को टाइटंस व स्मैशर्स की टीम ने अपने-अपने मुकाबले जीते. दिन के पहले मुकाबले में टाइटंस ने सुपर जॉयंट्स को आठ विकेट से हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपर जॉयंट्स की टीम 88 रन पर सिमट गयी. टीम के लिए आरव ने सर्वाधिक 24 रन बनाए. टाइटंस के मनीष, मारुफ व अंकित ने तीन-तीन विकेट चटकाए.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी टाइटंस की टीम ने दो विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज की. अंकित ने टीम के लिए सर्वाधिक 50 रन बनाए. जॉयंट्स के रोहित ने दो विकेट लिए. अंकित को अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया.

दिन के दूसरे मुकाबले में स्मैशर्स ने सरनराइजर्स को 19 रन से हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मैशर्स ने आयुष के 55 रन की पारी के बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 154 रन बनाए. सनराइजर्स के रौनक ने दो विकेट लिए. शिवम व राम की शानदार गेंदबाजी से स्मैशर्स ने 154 रन का बचाव करते हुए सनराइजर्स को 135 रन पर समेट दिया. शिवम तिवारी को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया.

**खास बातें**

- पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपर जॉयंट्स की टीम 88 रन पर सिमटी
- अंकित ने सर्वाधिक 50 रन बनाए जॉयंट्स के रोहित ने दो विकेट लिए

### शिक्षा जगत | दुनिया भर के शिक्षाविद भाग लेंगे, होटल बीएनआर चाणक्या में दो जून को उद्घाटन

# रांची में होगा इंटरनेशनल एजुकेशन फेयर का आयोजन

संवाददाता। रांची


पत्रकारों को जानकारी देते हुए ईपीए ग्लोबल के सीईओ निशांत मारू एवं अन्य.

ईपीए ग्लोबल के तत्वावधान में 2 जून को स्थानीय होटल बीएनआर चाणक्या में अंतरराष्ट्रीय शिक्षा मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दुनिया के कोने-कोने से आकर शिक्षा विद एवं छात्र-छात्राएं भाग लेंगे. यह जानकारी बुधवार को इपीए ग्लोबल के सीईओ निशांत मारू ने पत्रकारों को दी. चैंबर भवन में आयोजित उक्त पत्रकार सम्मेलन में होनेवाले एजुकेशन फेयर की विशेषताओं पर प्रकाश डाला.

उन्होंने बताया कि कंपनी ईपीए ग्लोबल ऑस्ट्रेलिया में स्थापित है, अब रांची में इसकी शाखा खुली है. झारखंड में पहली बार अंतरराष्ट्रीय एजुकेशन फेयर का आयोजन किया जा रहा है. इसमें विश्वभर से शीर्ष विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि भाग लेंगे. इस एजुकेशन फेयर में विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों से सीधी बात करने का अवसर मिलेगा. छात्रों के लिए इंजीनियरिंग, मेडिसिन, बिजनेस, लॉ, एमबीए, इकोनॉमिक्स, कंप्यूटर साइंस, आर्ट्स व अन्य शैक्षणिक धाराओं को एक्सप्लोर करने का यह एक सुनहरा मौका होगा. छात्र विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के साथ व्यक्तिगत सलाह में शामिल होकर उनसे जानकारी ले सकते हैं.

उन्होंने बताया कि यह फेयर न केवल छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के मार्गों का पता लगाने का एक रास्ता है, बल्कि माता-पिता के लिए विदेश में पढ़ाई के लाभ एवं हालातों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का एक मंच भी है. यहां छात्रों को विदेश कैसे जाना है, कौन से कोर्स करने हैं, इसकी पूरी जानकारी दी जायेगी. इस कार्यक्रम में भाग लेने पर छात्रों को ऑस्ट्रेलिया, कनाडा व यूरोप के प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिनिधियों से मिलने का अवसर मिलेगा. ईपीए ग्लोबल शिक्षा सलाह क्षेत्र में एक बड़ा नाम है. झारखंड का पहला ग्लोबल स्टडी ए ब्रॉडफेयर आयोजित करने जा रहा है. ईपीए ग्लोबल की दुनियाभर की 1000 यूनिवर्सिटी व कॉलेजों के साथ साझेदारी है. उन्होने बताया कि बीएनआर होटल में 2 जून को प्रातः दस बजे फेयर का उद्घाटन होगा. संवाददाता सम्मेलन में ईपीए ग्लोबल चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर ईश्वर चौधरी, रांची कार्यालय के प्रतिनिधि सरकार मेहता और राजीव गुप्ता मौजूद थे.

### अग्रवाल सभा के समर कैंप के दूसरे दिन 150 बच्चों ने लिया भाग

# खेल-खेल में दी गयी अच्छे संस्कार की शिक्षा

संवाददाता। रांची


महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित समर कैंप में भाग ले रहे बच्चे एवं प्रशिक्षक.

अग्रवाल सभा रांची एवं महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का बुधवार को दूसरा दिन था. दूसरे दिन कैंप में 150 से अधिक बच्चों ने भाग लिया और खूब मस्ती की. बच्चों को खेल-खेल में उनके अंदर अच्छे संस्कारों की शिक्षा दी गई. समर कैंप में कक्षा 3 से कक्षा 12 तक के बच्चों को बेसिक जानकारी निपुण प्रशिक्षक दे रहे हैं, ताकि वे अपनी रुचि एवं प्रतिभा को पहचानें.

कैंप में शतरंज गुरु दीपक कुमार ने बच्चों को शतरंज की बारीकियों से अवगत कराया. योग गुरु नंदलाल दत्ता ने योगा के आसनों एवं महत्ता की जानकारी दी. अग्रवाल सभा के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि दूसरे दिन समर कैंप में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, सचिव मनोज चौधरी, महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया, रीना सुरेखा, मधु सर्राफ, वीणा मोदी, मंजू केडिया, प्रीति बंका, प्रीति पोद्दार, सीमा पोद्दार, छाया अग्रवाल, कमला विजयवर्गीय, सुनैना कुमारी, प्रीति फोगला, प्रीति अग्रवाल, रेनू राजगढ़िया, सरिता अग्रवाल, संगीता गोयल तथा अन्य सदस्यों ने सहयोग दिया.

# पावर कट




## रांची : बढ़ी छोटे व्यवसाइयों की परेशानी, कारोबार प्रभावित

गर्मी के मौसम में घर-घर में बिजली उपकरणों के उपयोग के साथ-साथ बिजली मैकेनिक का व्यवसाय भी बढ़ जाता है. लोग इनसे अपने-अपने घरों के खराब पड़े पंखा, कूलर, फ्रिज आदि उपकरणों की मरम्मत कराते हैं. दूसरी ओर बिजली की कटौती और पावर कट ने इन मैकेनिकों के कारोबार को धीमा कर दिया है. इसका सीधा असर इनकी कमाई पर पड़ रहा है. इसके अलावा आटा चक्की चलानेवाले, वेल्डिंग मैकेनिक, आईसक्रीम विक्रेता, पेय पदार्थ दुकानदार आदि छोटे व्यवसाइयों के रोजगार पर भी पावर कट का प्रतिकूल असर पड़ रहा है. गर्मी में जहां इनकी कमाई बढ़ती थी, वहीं पावर कट के कारण आधी हो गयी है. बिजली की कटौती के कारण छोटे व्यवसाइयों के कारोबार पर पड़ रहे असर पर पढ़े आज की रिपोर्ट...

## हजारीबाग: नाराज होते हैं ग्राहक, नहीं होती है कमाई

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

जिले में बिजली की आंख मिचौली का खेल चल रहा है. बिजली आती है, कुछ देर बाद चली जाती है. इससे छोटे व्यवसायी परेशान हैं, जिनका कारोबार ही बिजली के भरोसे चल रहा है. कुछ ने तो अब बिजली कनेक्शन ही कटवा दिया है और जेनरेटर लगा लिया है.



### समय पर नहीं हो रहा काम हर दिन नुकसान : राहुल



वेल्डिंग दुकान मिस्त्री राहुल रंजन ने बताया कि बिजली नहीं रहने से ग्राहक का काम समय पर नहीं हो पता है और वह नाराज हो जाते हैं. अगर जनरेटर से काम करते हैं तो खर्च कई गुणा बढ़ जाता है. ग्राहक हमें ज्यादा रुपया देंगे नहीं. हर दिन नुकसान हो रहा है.

### जेनरेटर लगा लिया, समय पर हो जाता है काम : असलम



बिजली उपकरण मिस्त्री असलम ने बताया कि दुकान में बिजली की गारंटी नहीं होती थी. न समय पर काम करके दे पाते थे और ना कमाई होती थी. इसलिए दुकान का बिजली कनेक्शन कटवा दिए और जनरेटर लगवा लिया. अब काम समय पर होता है.

### बिजली का भरोसा नहीं, कोयला ही सहारा : सविता

कपड़ों में आयरन का काम करने वाली सविता देवी ने बताया कि बिजली की गारंटी ही नहीं है. कब आएगी, कब चली जाएगी और ग्राहक सिर पर खड़े रहते हैं. उन्हें तुरंत काम करके देना पड़ता है, नहीं तो वह नाराज हो जाते हैं. इसलिए अब हम बिजली पर ध्यान ही नहीं देते. कोयला का इस्तेमाल करते हैं.

### पानी की डिमांड पूरी नहीं कर पा रहे हैं : सतीश



खिरगांव स्थित पियोर ड्रॉप्स के मजदूर सतीश कुमार ने बताया कि बिजली आती-जाती रहती है. गर्मी के समय में शहर के ऑफिस, दुकान और घर में पानी का डिमांड ज्यादा है. बिजली के अभाव में हम पानी का डिमांड पूरा नहीं कर पा रहे हैं. अगर जनरेटर से काम करते हैं, तो खर्च ज्यादा आता है.

### आइसक्रीम विक्रेताओं को हो रहा नुकसान : विनोद



आइसक्रीम फैक्ट्री के संचालक विनोद कुमार ने बताया कि बिजली नहीं रहने से डिमांड को पूरा नहीं कर पा रहे हैं. छोटे-छोटे आइसक्रीम विक्रेता को भारी नुकसान होता है. अगर बिजली सुचारू रहती, तो छोटे-छोटे दुकानदारों की डिमांड पूरी की जा सकती थी और कमाई भी अच्छी खासी होती.

## रांची : बिजली पर निर्भर कारोबारियों का बड़ा नुकसान

**रेहान अहमद। रांची।** बढ़ती गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से शहरवासी परेशान हैं. दिन में कभी एक से चार-पांच घंटे तक पावर कट हो रहा है. रात में भी यही स्थिति रहती है. हर मुहल्ले में यही हाल है. अनियमित बिजली से उन लोगों को बड़ा नुकसान हो रहा है, जिनका छोटा उद्योग बिजली पर ही निर्भर करता है. हमने शहर के कई जिलों में जाकर इन छोटे कारोबारियों से बात की. उनकी पीड़ा असहज करने वाली है.

### पंखे, कुलर, मोटर व फ्रिज नहीं कर पाए रिपेयर : संतोष



रातू रोड के इलेक्ट्रीशियन संतोष कुमार ने बताया कि दिन में बिजली अनियमित रहती है. हमारा कारोबार प्रभावित हो जाता है. पंखे, कूलर, मोटर सारे रिपेयरिंग कार्य बिजली नहीं रहने पर नहीं कर पाते. सोमवार को तीन-चार घंटे बिजली नहीं रही. करीब दो हजार रुपये का नुकसान हो गया.

### वेल्डिंग कार्य अटके, पांच हजार का नुकसान : महबूब



दीपाटोली के वेल्डर मो हमबूब आलम ने बताया कि हम छोटे कारोबारी है. बिजली की कमी के कारण रोज चार से पांच हजार रुपये का नुकसान हो रहा है. हमारा पूरा काम बिजली पर ही निर्भर रहता है. ग्रील में काटना, जोड़ना, डीजाइन बनाना आदि सारे कार्य बिना बिजली के संभव नहीं हैं.

### आटा चक्की से कमाई पर पड़ रहा असर: चंद्र कुमार



आटा चक्की चलाने वाले चंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि गेहूं व मसालों की पिसाई का कार्य मोटर से होता है, इसके लिये बिजली का होना जरूरी है. एक घंटे में करीब 50 किलो गेहूं की पिसाई हो जाती है. जब चार-पांच घंटे बिजली नहीं रहती है, तो एक दिन में करीब 1500 रुपये का नुकसान हो जाता है.

### सिर्फ एक सिंटैक्स पानी ही भर पा रहे हैं: फिरोज




पानी का कारोबार करने वाले मो फिरोज ने बताया कि सुबह में ही सिंटैक्स भर पाये. उसके बाद बिजली नहीं रहने के कारण दुबारा टंकी नहीं भर सके. इस तरह दिन भर में करीब 2000 रुपये का नुकसान हो गया. उन्होंने कहा कि हमलोग छोटे कारोबारी हैं. बिजली की कटौती काफी खलती है.

### समय पर नहीं दे पाया ड्राक्लीन के कपड़े : अशोक डे



बेनीफिट ड्राइक्लीन के संचालक अशोक कुमार डे ने कहा कि बिजली की कटौती से कारोबार काफी प्रभावित हो रहा है. सोमवार को करीब पांच घंटे बिजली गुल हो गई. इससे करीब छह हजार रुपये का नुकसान हो गया. समय पर काम पूरे नहीं होने के कारण ग्राहक आकर अलग से परेशान करते हैं.

### आइस्क्रीम व कोल्ड्रिंक्स की बिक्री गिर गयी : इरशाद



आइस्क्रीम दुकान के संचालक इरशाद ने कहा कि बिजली कटौती के कारण आइसक्रीम, कोल्ड्रिंक्स, लस्सी, फ्रूटी ठंडे नहीं हो पा रहे हैं. इससे इन पेय पदार्थों की बिक्री में काफी कमी आ गयी है. बिजली नहीं होने के कारण आइस्क्रीम भी गल गये. इस कारण करीब 2000 रुपये का नुकसान हो गया.

## रांची में बिजली ने किया लोगों को बेदम, अब रात में सोना भी मुहाल

**रांची।** राजधानी में बिजली की आंख मिचौली से लोगों का अब रात को सोना भी मुश्किल हो गया है. बढ़ती गर्मी में दिन रात बिजली की कटौती से शहरवासी परेशान हैं. दिन में जहां घंटे-दो घंटे के लिए बिजली की आपूर्ति बाधित हो रही है, वहीं रात के समय में आठ व नौ बजे से ही बिजली की आंख मिचौली शुरू हो जाती है. यह आंख मिचौली कभी रात 12.30 बजे, कभी दो बजे, तो कभी तीन बजे भोर तक जारी रहता है. मई के अंतिम सप्ताह में गर्मी भी चरम पर है. हर दिन अधिकतम तापमान 40 डिग्री व उसके ऊपर ही रह रहा है. ऐसे में बिना पंखे व कूलर के रात गुजार बहुत मुश्किल हो रहा है.

### रात 3 बजे तक आती जाती रही बिजली: किरण



हरमू निवासी किरण तिर्की ने कहा कि मंगलवार की रात काफी गर्मी थी. बिजली की आंख मिचौली से हालत खराब हो गई. बिजली की आवाजाही रात के तीन बजे तक लगी रही. इस कारण बहुत परेशानी हुई. रात में घर से बाहर निकल कर सड़क में बच्चे को लेकर घूम रहे थे. गर्मी से बच्चा सो नहीं पा रहा था.

### रांची में बिजली गांव के समान हो गयी : मो फैज



चर्च रोड निवासी मो फैज ने कहा कि गर्मी से तो परेशान हैं. ऊपर से बिजली ने तो बेदम कर रखा है. दिन में भी यही हाल है और रात में भी आती-जाती रहती है. इससे सबसे अधिक परेशानी बच्चों को होती है. यहां कि बिजली आपूर्ति गांव के जैसी ही है. सरकार को बिजली की लचर व्यवस्था को गंभीरता से लेकर ठीक करने की जरूरत है.

### कब सुधरेगी की राजधानी की बिजली : मंजूर



हिंदपीढ़ी निवासी मंजूर आलम ने कहा कि बिजली की स्थिति बहुत ही खराब हो गई है. गर्मी में बिजली का लोड बढ़ जाता है. ठीक है, बिल भी तो लोग अधिक ही जमा करते हैं. लेकिन इसमें सुधार नहीं है. पूछने पर कहा जाता है कि लोड बढ़ने से बिजली काटी गई है,आखिर राजधानी रांची की बिजली आपूर्ति कब सुधरेगी.

### बिजली की आंख मिचौली बहुत खलती है : सत्यम



नाजिर अली लेन निवासी सत्यम कुमार ने कहा कि शहर में रहने के बावजूद गांव के समान बिजली की आपूर्ति है. अन्य मौसम में उतना नहीं खलता है, लेकिन गर्मी में रात के समय बिजली की आंख मिचौली बहुत खलती है. क्योंकि दिन भर काम कर घर वापस आने के बाद में भी आराम नहीं कर पाते हैं.

---

**ब्रीफ खबरें**

### रेलवे पुल के नीचे मिला युवक का शव

**नामकुम।** थाना क्षेत्र की स्वर्णरेखा नदी के पुल के नीचे से बुधवार की सुबह के पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है. मृतक का बायां पैर कटकर रेल की पटरी पर ही रह गया और बाकी शरीर नदी में गिर गया था. सूचना मिलते ही नामकुम पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. थानेदार ने बताया कि गैंगमैनों ने पटरी पर कटा पैर देखा और नदी में शव देखकर मामले की जानकारी जीआरपी रांची को दी.

### पाठशाला में होगा निःशुल्क समर कैंप

**डकरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला शाखा के नेतृत्व में संचालित ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला डकरा सुभाष नगर में बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उनमें नैतिक मूल्यों जगाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है. गीता पाठशाला के नियमित ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने बताया कि समर कैंप का आयोजन किया गया है. यह समर कैंप आगामी 6 जून से लेकर 8 जून तक चलेगा.

### सीसीएल कर्मी राम हंदा को दी श्रद्धांजलि

**डकरा।** केडीएच परियोजना के विद्युत एवं यांत्रिक विभाग के पंप सेक्शन में कार्यरत सीसीएल कर्मी राम हंदा के निधन पर बुधवार को उनके सहकर्मियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी. ज्ञात हो कि विगत दिनों राम हंदा सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे और उनका इलाज सेमफोर्ड अस्पताल रांची में किया जा रहा था. जहां उनका निधन हो गया था. शोक व्यक्त करने वाले में रमेश कुमार सिंह, अमिताभ चौहान, बिरजू लोहार, महेश पासवान आदि शामिल थे.

### राज्य एटक के महामंत्री अशोक यादव का स्वागत

**डकरा।** डकरा सभागार में बुधवार को कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड मेंबर, सीसीएल जेसीसी व राज्य एटक के महामंत्री कॉमरेड अशोक यादव को एनके पिपरवार के यूसीडब्ल्यू के यूनियन प्रतिनिधि ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. बैठक में एनके क्षेत्र से प्रेम कुमार, कृष्णा चौहान, अरबिंद कुमार, दिनेश भर, जीतेन्द्र सिंह, किसुन लोहरा, लुकदेव उरांव, रामु, मनोज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

## महिलाओं ने वृद्ध को लाठी व पत्थर से पीटकर मार डाला

संवाददाता। अनगड़ा

डायन बताकर महिलाओं ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी. महिलाओं ने मिलकर लाठी व पत्थर से मार-मारकर उसकी हत्या कर दी. परिजनों पर दबाव बनाकर शव को नदी में फेंकने के लिए मजबूर कर दिया. घटना राजधानी के अनगड़ा प्रखंड की है. बताया जा रहा है कि अनगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदुर पैका पंचायत के जरगा तेतरटोली में घटना हुई.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की शाम छह बजे के आसपास बालेश्वर उरांव उर्फ बाया उरांव (60 वर्ष) पड़ोस के घर में सोई एक युवती को जबरन उठा रहा था. बताया जा रहा है कि उस वक्त वह शराब के नशे में था. युवती बालेश्वर की हरकत से परेशान होकर चिल्लाने लगी. उसकी आवाज सुनकर पड़ोस की महिलाएं एकत्रित हो गईं. इसी बीच, बात बढ़ी और महिलाओं ने लाठी व पत्थर से मारकर वृद्ध की हत्या कर दी. बीच बचाव करने पहुंची बालेश्वर की पत्नी एतवारी देवी को भी महिलाओं ने मारकर घायल कर दिया. बालेश्वर की हत्या करने के बाद महिलाओं ने मृतक के परिजनों को लाश को जल्दी ठिकाने लगाने का फरमान सुनाया.



वृद्ध की हत्या के आरोप में गिरफ्तार की गयी पांच महिलाएं.

ग्रामीणों के दबाव में बुधवार तड़के मृतक के दोनों पुत्र और अन्य परिजनों ने शव को राढ़ू नदी में फेंक दिया. सूचना मिलने पर अनगड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जब्त किया. मामले में पुलिस ने गांव की दशमी देवी, जुलियानी तिर्की, सोमारी देवी, दुलिया लकड़ा व अनिमा मुंडा को गिरफ्तार किया है. कई अन्य लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है. गिरफ्तार महिलाओं ने बताया कि मृतक जादू-टोना जानता था. वह काला जादू करके गांव की महिलाओं को मारने की धमकी देता रहता था. उसने जिस युवती को पकड़ा था, उसे भी वह मारने की फिराक में था. गांव वाले जब भी उससे कुछ कहते थे, तो वह थाने में डायन-भूत मामले में प्रताड़ना का केस दर्ज करा देता था.

**खास बातें**

- वृद्ध को बचाने आई पत्नी एतवारी देवी को भी पीटा
- परिजनों पर दबाव बनाकर शव को नदी में फेंकवाया
- हत्या के आरोप में पुलिस ने 5 महिलाओं को गिरफ्तार किया

### ऑटो-बाइक की टक्कर में पत्नी की मौत, पति घायल

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के साल्हन-विकास मार्ग पर पतराटोली के पास एक ऑटो ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी. हादसे में 25 वर्षीय पत्नी संतोषी देवी की मौत हो गई, जबकि पति अमित महतो गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना बुधवार को दिन के 11 बजे की है. दुर्घटना में अमित का दायां पैर कई जगहों से टूट गया है. अमित को इलाज के लिए रिम्स भेजदिया गया है. वहीं पांच साल की पुत्री दीक्षा सड़क के किनारे झाड़ी में फेंका जाने से बाल-बाल बच गई उसे खरोंच भी नहीं आयी है.

### सात को होगी कुरमी/ कुड़मी समन्वय समिति की बैठक

**सिल्ली/मुरी।** कुरमी/कुड़मी (महतो) समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं ओडिशा के फाउंडर सदस्यों, पदाधिकारियों, सभी प्रभारियों, लोकसभा चुनाव क्षेत्र के सभी पर्वेक्षकों एवं बुद्धिजीवियों को संयुक्त बैठक सात जून को होगी. बैठक विलेज रिर्जाट सिल्ली सुलुंमजुड़ी सिल्ली ब्लॉक के नजदीक साहु पैट्रोल पंप गली के पास होगी. बैठक में मुख्य रुप से चिन्हित लोकसभा चुनाव क्षेत्र में समिति द्वारा समर्थित उम्मीदवार के रिजल्ट एवं पर्वेक्षकों के अनुशंसा पर गहन विचार विमर्श किया जाएगा .

## लापुंग पुलिस ने बालू लदा 13 हाइवा जब्त किया

संवाददाता। लापुंग

पुलिस ने लापुंग भाया हुलसू महुगांव मिशन सड़क से 13 अवैध बालू लदे हाइवा को जब्त किया. हाइवा में लाखों रुपये कीमत की अवैध रूप से खनन कर बालू रांची शहरी क्षेत्रों में ले जाया जा रहा था. बालू का खनन एवं परिवहन बगैर किसी वैध रॉयल्टी चालान के तस्करी की जा रही थी. लापुंग थाना क्षेत्र में पुलिस के वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार छापामारी अभियान चलाया गया. जिला खनन पदाधिकारी अबु हुसैन, खान निरीक्षक रांची एवं लापुंग के थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने सशस्त्र बलों के साथ छापेमारी की. सूत्रों के अनुसार रांची के वरीय पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि बड़ी संख्या में हाइवा के द्वारा अवैध रूप से बालू का खनन एवं परिवहन किया जा रहा है. इसी के आलोक में देर रात कार्रवाई की गई. जिला खनन पदाधिकारी अबु हुसैन एवं थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव के सहयोग से मंगलवार की रात में 12 हाइवा तथा बुधवार को दिन में दोलैचा मोड़ के पास एक हाइवा को जब्त किया गया.

### मंदिर की पांचवी वर्षगांठ पर निकली कलश यात्रा

संवाददाता। बेड़ो

भैंसादोन गांव में श्री बजरंगबली मंदिर की पांचवीं वर्षगांठ पर कलश शोभायात्रा निकाली गयी. इस मौके पर गांव में आचार्य गणेश मिश्र की देखरेख में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया. सुबह छह बजे भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई. मुख्य यजमान के रुप में नागेंद्र साहु - पारो देवी, बालेश्वर साहु- ललिता देवी, दिलेश्वर साहु-फूलो देवी की अगुवाई में श्री बजरंगबली मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई. कलशयात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं एवं पुरुषों ने गाजा बाजा के साथ कलश यात्रा में हिस्सा लिया. वेद मंत्रोच्चार के बीच चनकोपी नदी से कलश में पवित्र जल उठाया गया.

**आस्था**

### हफुआ में शिव मंडा पूजा सह मेला संपन्न, फूलखुंदी में उमड़ी लोगों की भीड़

## अंगारों पर चलकर शिव भक्तों ने जतायी आस्था

संवाददाता। पिपरवार

सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत अंतर्गत ग्राम हफुआ में हर्षोल्लास के साथ मंडा पूजा सह मेला बुधवार को सम्पन्न हुआ. मंगलवार की रात्रि फूलखुंदी का आयोजन किया गया. जिसमें 200 से अधिक पुरुष एवं महिला शिव भक्तों ने नंगे पांव दहकते अंगारों पर चलकर आस्था एवं भक्ति का परिचय दिया. दहकते अंगारों में चल कर फूलखुंदी का रश्म होने के पश्चात



रात्रि 11 बजे नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसका विधिवत उद्घाटन पूजा समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी भिखारी महतो व सोहर महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. रात भर रांची से चलकर आए कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को घूमने पर विवश कर दिया. बुधवार को प्रात आठ बजे बनस झूलन का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में पुरुष शिव भक्तों को बारी-बारी से झूलाया गया. उसके पश्चात मेला की समाप्ति की घोषणा की गई. इस मंडा पूजा के आयोजन में मंडा पूजा समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा. जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष मनिलाल महतो, उपाध्यक्ष गणेश कुमार महतो, सत्येंद्र शर्मा, मुकेशर महतो, सचिव राजेश महतो, उपसचिव रामप्रसाद महतो, कोषाध्यक्ष रमेश महतो, जीतेसर महतो, संरक्षक चिंतामनी महतो, देवनाथ महतो, रामकुमार महतो, रुपलाल महतो, गणेश महतो सदस्य युगेश्वर महतो, जगदीश महतो, मनोज महतो, टेकलाल महतो, दिनेश महतो, महेश महतो, उमेश महतो, लगन महतो, दीपक शर्मा, किशुन शर्मा, बबलू महतो, रंजीत महतो आदि शामिल थे .

**न्यूज अपडेट**

### पुलिस ने अवैध कोयला लदा टर्बो जब्त किया



जब्त वाहन

**बुढ़मू।** अवैध कोयला माफिया के खिलाफ बुढ़मू पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध कोयला लदा टर्बो ट्रक को जब्त कर लिया. जिससे माफिया में हड़कंप मच गया. सूत्रों की मानें तो अवैध कोयला संचालन की गुप्त सूचना बुढ़मू पुलिस को मिली. जिसके बाद रात्रि गश्ती वाहन को सूचना दी गई. गश्ती वाहन ने कोयजम जंगल के पास से अवैध कोयला लदे टर्बो ट्रक (जेएच01सीएच 0452) को जब्त कर लिया. साथ ही चालक को भी गिरफ्तार कर खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई. बुढ़मू ,ठाकुरगांव सहित अन्य क्षेत्रों में चल रहे ईंट भट्ठों पर चोरी का कोयला खपाया जाता है. यह कोयला छापर व चूरूगाढ़ा से अवैध खनन कर लाया जाता है एवं बड़े पैमाने पर खपाया जाता है.

### सिल्ली भाजपा मंडल अध्यक्ष की सड़क हादसे में मौत



विनोद साहू (फाइल फोटो)

**सिल्ली/मुरी।** भारतीय जनता पार्टी के सिल्ली मंडल अध्यक्ष बांसारूली निवासी विनोद साहू की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. उनकी मौत बुढाम और कीता के बीच सड़क दुर्घटना में हुई. वे बांसारूली दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक भी थे. दुर्घटना की खबर मिलते ही सिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची और उनको आनन-फानन में सिल्ली सामुदायिक अस्पताल लायी. जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. खबर लिखे जाने तक उनका शव सिल्ली अस्पताल में रखा था. इस दुखद घटना की सूचना पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि विनोद साहू का निधन वज्रपात जैसा है. यह एक अपूरणीय क्षति है. जिसकी भरपाई नहीं हो सकती.

### माहवारी अभिशाप नहीं वरदान है: वंदना उपाध्याय



**ओरमांझी।** मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट संस्था ने रांची के अरगोड़ा स्थित पीपरटोला बस्ती में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरुकता रैली निकली गई. जिसमें बस्ती के युवतियों और महिलाओं को मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव सह समाजसेविका वंदना उपाध्याय ने महामारी को लेकर स्वच्छता संबंधित जानकारी दी. कार्यक्रम के अंत में संस्था के सदस्यों द्वारा उपस्थित महिलाओं, बच्चियों के बीच उपहार स्वरूप सैनेट्री पैड का वितरण किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रियंका शर्मा, वंदना उपाध्याय, सावित्री देवी, पूनम तिर्की, सुष्मिता तिर्की, अनीषा,अनिमा तिग्गा, खुशी, कंचन रानी व अंजली सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

### तीन दिनों से लापता विवाहिता का शव कुएं से बरामद



निशा देवी की फाइल फोटो

**बुढ़मू।** बुढ़मू पुलिस ने बुधवार सुबह थाना क्षेत्र के नवदा गांव स्थित कुएं से एक विवाहिता का शव बरामद किया. विवाहिता की पहचान नवदा गांव के ही संजय गंझू की पत्नी निशा देवी (22) के रूप की गई. निशा पिछले तीन दिनों से लापता थी. सूचना पाकर परिजन थाना पहुंचे और आवेदन दिया. आवेदन के अनुसार 24 मई को निशा देवी का पति संजय गंझू, ससुर सहदेव गंझू और सास उर्मिला देवी निशा के साथ मारपीट करते हुए घर छोड़कर चली गयी थी. इसके बाद निशा की मां ने निशा और संजय को समझा बुझा कर घर भेज दिया. उस दिन से ही निशा का पता नहीं चल रहा है. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए निशा के पति संजय गंझू और उसके ससुर सहदेव गंझू को गिरफ्तार कर लिया है.

### अखबार विक्रेता राजकिशोर साहू नहीं रहे

**बुंडू।** बुंडू के प्रसिद्ध अखबार विक्रेता राजकिशोर साहू उर्फ राजु उम्र 65 वर्ष अब हमारे बीच नहीं रहे. उनकी मौत की खबर सुनकर पूरा बुंडू स्तब्ध है. वे हंसमुख स्वभाव और सह्रदय वाले व्यक्तित्व के मालिक थे. सभी उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखते थे. पिछले 40 वर्षों से अखबार के कारोबार से जुड़े थे. उनके घरवालों ने बताया कि हार्ट अटैक होने से उनकी मौत हुई. बुधवार को आर्राडीह नदी के किनारे उनका अंतिम संस्कार किया गया. अपने पीछे वे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं.

- *शहरों में बढ़ रहा है मकान, दुकान और हॉस्टल का किराया*
- *मकान मालिकों के लिए किराया आय का जरिया*

**झारखंड में बड़ी संख्या में नौकरीपेशा और व्यापार करने वाले किराए के मकानों में रहते हैं.इधर हाल के वर्षों में राजधानी शहर रांची सहित धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग में बड़ी संख्या में लोग अपने बच्चों के हॉस्टल तथा लॉज में रखकर पढ़ाते हैं. जिसकी वजह से घर और प्रॉपर्टी किराए पर देना एक बड़े व्यापार का हिस्सा बन गया है . मकान मालिकों के लिए यह आय का बड़ा जरिया होता है.वहीं किराए पर रहने वालों के लिए यह मनोवैज्ञानिक दबाव है, जो उनके ऊपर हावी रहता है. माह पूरा होते ही यह चिंता सताने लगती है कि किराया देना है. इधर हाल के दिनों में किराए के मकान महंगे होते जा रहे हैं. जिसकी वजह बढ़ती जनसंख्या और महंगाई है. देखा जाए तो मध्यम आय वालों के लिए किराया देना काफी महंगा साबित होता है. उनकी आय की 20 से 30 प्रतिशत राशि किराए में चली जाती है. कहा भी जाता है कि किराए में रहना परेशानी भरा होता है. इसलिए हर कोई चाहता है कि अपना कोई ठिकाना हो. शुभम संदेश की टीम ने इस संदर्भ में विभिन्न जिलों के लोगों से बात की है. पेश है रिपोर्ट.**



1. हाल के वर्षों में किराये में अच्छी-खासी वृद्धि हुई है
2. लोग बच्चों को हॉस्टल में रखकर पढ़ा रहे हैं
3. मध्यम आय वर्ग के लोग इस मामले में ज्यादा परेशान हैं

# कमाई बढ़े न बढ़े किराया तो बढ़ना है

## रांची

*राजधानी में किराये के मकानइन दिनों काफी महंगे हो गये हैं. किरायेदारों के लिये किराये का मकान लेना काफी महंगा पड़ रहा है. लोगों का कहना है कि झारखंड गठन के बाद राजधानी में तेजी से आबादी बढ़ी है. खेत खलिहानों में भी अब घर-मकान बन गये हैं. झारखंड और बाहर के लोग राजधानी रांची आकर किराये के मकान में रह कर अपनी जीविका चला रहे हैं.*

### किराये के मकान काफी महंगे हो गए हैं ,परेशानी बढ़ी है : हदीस



आजाद हिंदनगर निवासी मो. हदीस ने कहा कि रांची में पिछले 10 वर्षों से किराये में रह रहे हैं. श्री बीएचके के मकान का 5000 रूपये मासिक देते हैं. उन्होंने बताया कि आज से 5 साल पहले 3000 रूपये किराया लगता था, पर अब महंगाई बढ़ गई है. इसलिये अपनी कमाई के कुछ पैसे किराये के लिये जमा करते हैं, ताकि माह पूरा होने के समय परेशानी नहीं हो.

### पांच साल पहले आज की तुलना में आधा किराया लगता था : दीनू




इंद्रपुरी निवासी दीनू कुमार ने कहा कि श्री बीएचके का मेरा मकान है, हम किराये पर रहते हैं. मकान का किराया 500 रुपये है. 5 साल पूर्व 2500 हजार रुपये किराया था. अब महंगाई बढ़ गई है, इस लिये किराया भी बढ़ कर ही लगता है. उन्होंने कहा कि मकान के किराये की राशि के लिये पैसे जमा करते रहते हैं, जब माह पूरा हो जाता है, तो मकान मालिक को किराये के पैसे जमा कर देते हैं.

### मकान के किराये के लिये हर दिन जमा करते हैं पैसे : अखिलेश कुमार



विद्यानगर निवासी अखिलेश कुमार ने कहा कि वन बीएचके के मकान में किराये पर रहता हूं. इस मकान का किराया 2000 रूपये है. मकान के किराये के साथ हम बिजली का बिल भी जमा करते हैं. आज से पांच साल पहले इस मकान का किराया 1500 रूपये था. महंगाई की वजह से किराया काफी बढ़ गया है. अपनी कमाई से रोजाना काट काट कर किराये के पैसे जमा करता हूं. ताकि सुविधा मिले.

### महंगाई के कारण बढ़ गया है किराये का बोझ : चंदन कुमार



करम चौकके चंदन कुमार ने कहा कि 20 साल से किराये के मकान में ही रह रहा हूं. एक कमरे का किराया 2 हजार रु मासिक है. आज से 5 साल पहले इस मकान का किराया 1200 रु लगता था. लेकिन बढ़ती महंगाई के कारण किराया बढ़ गया है. लेकिन किराया तो देना ही है, क्या किया जाए.

## धनबाद

### मकान भाड़े में हर साल इजाफा होता जा रहा है : रीता बाउरी



धनबाद झरिया स्थित बाउरी टोला की रहने वाली रीता बाउरी ने बताया कि बाउरी टोला में पिछले 15 वर्षों से एक रूम और एक किचन किराये पर लेकर अपने परिवार का गुजर बसर कर रही है. इसमें बाथरूम कॉमन है.रूम का किराया प्रति माह 1000 रुपया था .लेकिन पिछले 2 वर्षों से मकान मालिक ने किराये में इजाफा करते हुए प्रति माह 1500 रुपया कर दिया है.जिससे कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.उन्होंने कहा कि आज के दौर में कमाई के अनुसार अपना घर खरीदना व इससे बेहतर सुविधा वाली मकान ठेका कर्मियों को लेना काफी मुश्किल है.

### किराया सुविधाओं के अनुसार तय होता है : राजेश कुमार



धनबाद दामोदरपुर के रहने वाले एमआर राजेश कुमार ने कहा धनबाद शहर में मकान का किराया 5000 हजार से शुरू है. शहर से हट कर 2000 से 3000 हजार तक मकान किराए पर मिलता है. यह किराया सुविधाओं के अनुसार मकान मालिक तय करते हैं. किराएदार भी अपनी आमदनी के अनुसार ही किराये का मकान लेते हैं. फिलहाल वह जिस मकान में रहते है. उसका किराया 3000 रुपया है. जिसमें 2 रूम, एक किचन, बाथरूम अटैच है. पानी और बिजली बिल अलग से .बावजूद इसके पिछले तीन वर्ष पूर्व मकान मालिक ने किराये में 500 रुपया की बढ़ोतरी कर दी .

### मनमाने ढंग से किराया वसूल रहे हैं : बिपुल दास



धनबाद गोविंदपुर के रहने वाले बिपुल दास ने कहा आज के दौर में मकान मालिक मनमाने ढंग से किराया वसूल रहे हैं.वह जिस मकान में रहते है उसका किराया पिछले 10 वर्षों तक 2500 रुपया था जिसमे दो रूम ,एक किचन और बाथरूम है . इसके अलावा पानी और बिजली का पैसा अलग से भरना पड़ता है. लेकिन 2023 से मकान का किराया 3500 कर दिया गया है. अचानक किराया में इजाफा होने से कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. दूसरा कोई वैकल्पिक रास्ता भी नहीं है. इस महंगाई में अपना घर बनाना भी काफी मुश्किल है.

### 20 वर्षों से किराये के मकान में रह रहे हैं : रामबाबू यादव



धनबाद पुराना बाजार के रहने वाले रामबाबू यादव ने कहा कि वह पिछले 20 वर्षों से किराये के मकान में रह रहे हैं.जिसमें 3 रूम , एक किचन, शौचालय है. जिसका किराया 4500 रुपया है.इसमें पानी और बिजली का बिल अलग से देना पड़ता है.उन्होंने कहा पुराना किरायेदार होने के कारण फिलहाल किराये में बढोत्तरी नहीं हुई है. लेकिन पिछले एक साल से मकान मालिक 500 रुपया बढ़ाने की बात कह रहे हैं. अब लगता है कि बढ़ा किराया देन पड़ेगा. क्योंकि हाल के दिनों में महंगाई काफी बढ़ गई है.

## हजारीबाग

### पैसा अधिक न लगे इसके लिए हम दो रूम से चला रहे हैं काम : सुरेखा देवी



बिहार की रहने वाली सुरेखा देवी ने बताया कि पति बिहार में नौकरी करते हैं और बच्चे की अच्छी पढ़ाई हो इसके लिए वह किराए पर यहां रहती हैं .वह कहती है कि हजारीबाग शहर में मकान मालिक किराया कुछ ज्यादा ले रहे हैं. नौ महीना पहले 3400 रुपए दो रूम का किराया तय हुआ था. अब वह बढ़ा रहे हैं. ऐसे में तो किसी दूसरे फंड से पैसे की कटौती कर मकान मालिक को किराया देना पड़ेगा.



### एसबेस्टस के एक रूम का लगता है 1500 रुपये : सुमन कुमारी



छात्रा सुमन कुमारी बताती है कि वह बालूमाथ से हजारीबाग में रहकर पढ़ाई करती है. यहां बड़कागांव रोड में किराये के कमरे में रहती हैं. एक रूम एसबेस्टस का बना है, जिसका किराया वह 1500 रुपये दे रही हैं. सुमन कुमारी ने बताया कि घर से सीमित पैसा मिलता है और जरूरत की चीजें ही खरीद पाती हूं. अगर शहर में किराया कम होता, तो अपनी मम्मी को भी अपने साथ रख पाती, तो हमें पढ़ाई का समय और भी ज्यादा मिल जाता.

## चक्रधरपुर

### महंगाई बढ़ने के कारण कमरा करना पड़ रहा साझा: संतोष कुमार



चक्रधरपुर निवासी संतोष कुमार ने कहा कि वे एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में काम करते हैं.गांव में रोजगार नहीं रहने के कारण शहर आकर काम करना पड़ रहा है.उन्होंने बताया कि पांच साल पहले तीन हजार रुपये में एक किराये का घर लेकर रहते थे,लेकिन घर मालिक पांच साल बाद किराया दोगुना कर दिया गया. इसके कारण किराये का घर छोड़ना पड़ा. अब एक अन्य कार्यालय के साथी कर्मचारी के साथ साढ़े पांच हजार रुपये प्रति महीने किराये के घर में साझा कर रहना पड़ रहा है.

### रोजाना गांव से करना पड़ता है आना-जाना : भास्कर कुमार



सोनुवा निवासी भास्कर कुमार ने कहा कि उसका छोटा भाई चक्रधरपुर शहर में एक प्राइवेट आईटीआई संस्थान में पढ़ाई करता है.एक साल पहले नामांकन होने के दौरान शहर में ही चार हजार रुपये में किराये का एक घर लिया था. लेकिन एक साल में ही घर मालिक द्वारा किराया बढ़ाकर पांच हजार रुपये कर दिया गया. इसके कारण छोटे भाई को शहर के किराया का घर छोड़ना पड़ा, अब वह मोटरसाइकिल या बस से रोजाना चक्रधरपुर आना-जाना करता है.

### चार साल में किराये के घर में 20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी: विजय साव



चक्रधरपुर निवासी विजय साव ने कहा कि शहर में किराये के घर में पिछले तीन से चार साल में बीस प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है. बिजली बिल व पानी के लिए अलग से पैसे देने पड़ते हैं. विजय साव ने कहा कि पैसे जमा कर शहर में अपना एक छोटा सा जमीन तो खरीद लिया है, लेकिन बढ़ती महंगाई के कारण अब घर में परेशानी हो रही है. जिसके कारण ज्यादा पैसे देकर भी मजबूरीवश किराये के घर में रहना पड़ रहा है.

### किराये के अलावा बिजली का खर्च अलग से देते हैं : विक्की कुमार



चक्रधरपुर निवासी विक्की कुमार ने कहा कि एक व्यक्ति के लिए शहर में पंद्रह सौ रुपये महीने से कम किराये पर घर नहीं मिल पाता है. साथ ही बिजली का खर्च अलग से देना होता है. ऐसी बढ़ती महंगाई में शहर में घर लेकर पढ़ाई करने के लिए आना मुश्किल हो गया है. इसलिए गांव से ही रोजाना चक्रधरपुर आकर कॉलेज व ट्यूशन आना-जाना करना पड़ता है. सरकार की ओर से विद्यार्थियों के लिए कम दर पर हॉस्टल की भी व्यवस्था नहीं करायी गई है. इससे हम जैसे लोगों को परेशानी होती है.

## चाईबासा

### बच्चों की पढ़ाई के कारण मजबूरी में किराये पर चाईबासा में घर लिया : जेटूलाल महतो



चाईबासा के किरायेदार जेटूलाल महतो ने कहा कि पहले की तरह अब किराये का मकान चाईबासा में नहीं मिलता है. नियम के साथ महंगाई भी सबसे अधिक हो गयी है. अब एक कमरे का रूम लेने के लिये भी तीन हजार का भुगतान करना पड़ता है. बच्चों की शिक्षा के कारण मजबूरी से किराये पर चाईबासा में घर लिया गया है. अन्यथा गांव ही ठीक है. गर्मी के दिनों में मकान मालिक की किचकिच भी सुनने को मिलती है. बिजली बिल अधिक आने से किरायेदारों को फटकार भी लगायी जाती है. जबकि इस तरह से नहीं होना चाहिये. लेकिन मकान मालिक भी करे तो क्या करे. बिजली की महंगाई से वे भी बचे नहीं है. उनको भी भुगतान तो करना ही पड़ता है.

### महंगाई की वजह से अब शहर में घर किराये पर लेना मुश्किल हो गया : कार्तिक कुमार



शिक्षक कार्तिक कुमार ने कहा कि टाटा कॉलेज के हॉस्टल में जबतक पढ़ाई किए, वहां रूकना हुआ. लेकिन जैसे ही पढ़ाई खत्म हो गयी चाईबासा में अलग रूम लेना पड़ा. शादी होने के बाद तो अनिवार्य ही हो गया कि बड़ा घर लेना है. लेकिन जिस तरह से महंगाई की मार पड़ी है. इससे कोई बचा नहीं है. हर किसी को झेलना पड़ रहा है. वर्तमान में दो कमरों का एक मकान लिया हूं. लेकिन पाचं हजार तक किराया है. यह एक अतिरिक्त खर्च हो जाता है. बिजली का बिल अलग से भुगतान करना पड़ता है. जिसका मकान शहर में है उसके लिये तो ठीक है.

## आदित्यपुर

### एक हजार रु के दो कमरे का मकान अब हो गया है पांच हजार रु का : सुमंगल गोराई



सुमंगल गोराई का कहना है कि मैं पिछले 15 वर्षों से आदित्यपुर में 2 कमरे का घर किराए पर लेकर रह रहा हूं. चूंकि शहर में रहना मजबूरी है, यहीं रोजी रोटी जो है. जब पहली बार शहर आया था तब 1000 रुपए में दो कमरे का मकान मिला था. आज इस घर का किराया 5000 रुपये हो गया है. बिजली बिल अलग से भरना पड़ रहा है. साथ ही साल में 5 महीने पानी भी खरीदकर पीना पड़ता है.इस तरह बाल बच्चों का भरण पोषण करना पड़ रहा है. फैक्टरी में दिहाड़ी का काम करता हूं, दो बच्चे हैं. उन्हें पढ़ा भी रहा हूं. कुल मिलाकर सारी कमाई खर्च हो जाती है, कुछ बचता है तो दवाई में खर्च हो जाता है.

### कमाई का 30 प्रतिशत किराये में चला जाता है घर चलाना मुश्किल हो रहा है : आरती मीणा



आरती मीणा कहती हैं कि मेरे पति ट्रक चालक हैं. वे हर दिन माल लेकर बाहर जाते हैं. घर चलाने की जिम्मेदारी मेरी है. पूरी कमाई का 30 फीसदी हिस्सा घर का किराया में ही चला जाता है. 5 साल पहले घर का भाड़ा 2500 देती है अब बढ़ते बढ़ते 5000 हो गया है. बिजली बिल अलग से भरना पड़ता है. 2 कमरे का एलआईजी फ्लैट है. 15000 हजार रुपए की कमाई में 5 परिवार का घर चलाना मुश्किल होता है. शहर में रहना कितना मुश्किल होता है यह यहां रहनेवाले लोग ही जानते हैं.

# बढ़ती सियासी हलचल

आम चुनाव के अंतिम चरण के दिन विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की बैठक को लेकर सियासी हलचल तेज हो गयी है. एक जून को जब देश के 57 सीटों के लिए मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, विपक्षी दलों के बैठक का आह्वान कई अर्थों में महत्वपूर्ण है. इंडिया गठबंधन में 28 दल शामिल हैं. तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी इस बैठक में शामिल नहीं होंगी. उनका तर्क है कि वे बंगाल में तूफान ग्रस्त लोगों के राहत कार्य में व्यस्त हैं. चुनावों के नतीजों के नजरिए से बंगाल महत्वपूर्ण है. वहां 42 सीटें हैं. पिछली बार भाजपा ने इन 42 में 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी. इस बार बंगाल में मतदान के प्रतिशत को लेकर भाजपा और तृणमूल दोनों के अलग-अलग दावे हैं. भाजपा बंगाल में एक बड़ी जीत का अनुमान लगा रही है, जबकि राजनीति प्रेक्षकों का अनुमान है कि बंगाल महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार की तरह एक ऐसे राज्य के रूप में चर्चा के केंद्र में है, जहां से भाजपा को बड़ी चुनौती मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है.

> एक जून को जब देश के 57 सीटों के लिए मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, विपक्षी दलों के बैठक का आह्वान कई अर्थों में महत्वपूर्ण है. इंडिया गठबंधन में 28 दल शामिल हैं.

हालांकि भाजपा अगली सरकार के गठन का दावा कर रही है. बावजूद विपक्षी दलों ने जिस तरह चुनाव लड़ा है और अपने आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया है, उसे ले कर परिणामों के अनुमान के बारे में ठोस बातें नहीं की जा सकती हैं. दूसरी ओर उद्धव ठाकरे और शरद पवार ने बैठक में शामिल होने का एलान कर दिया है. माना जा रहा है कि इस बैठक में चुनावों के संभावित नतीजों का आकलन किया जाएगा और भावी रणनीति बनायी जाएगी. भारत की राजनीति एक ऐसे मुकाम पर है, जहां बदलाव की बात की जा रही है. यह बदलाव होगा या नहीं, यह तो चार जून को ही पता चलेगा, लेकिन चुनावों के दौरान रोजगार, अग्निवीर, संविधान और आरक्षण के सवाल ने जिस तरह का राजनीतिक परिदृश्य पैदा किया है, उससे कई संभावनाएं उठ खड़ी हुई हैं. इस बीच मत प्रतिशतों को ले कर विवाद भी खड़ा हुआ है. निर्वाचन आयोग ने पहले सभी चुनाव क्षेत्रों के फॉर्म 17-सी को अपनी वेबसाइट पर डालने का मुद्दा भी अहम बना हुआ है. चुनाव के मत प्रतिशतों को सार्वजनिक करने में जो शुरुआती देर चुनाव आयोग ने किया, उसे ले कर अनेक सवाल उठाए गए हैं. इंडिया गठबंधन का ममता बनर्जी का तत्काल साथ मिलेगा या चुनाव परिणामों तक उनके रुख का इंतजार यक्ष प्रश्न बना हुआ है. 4 जून के बाद राजनीतिक समीकरणों में बड़े बदलाव आ सकते हैं, इस अनुमान को खारिज नहीं किया जा सकता. यह दो तरफा भी हो सकता है. ममता बनर्जी को छोड़ कर इंडिया ब्लाक के शेष दलों ने एकजुटता के साथ चुनाव लड़ा है. अबतक 'इंडिया' गठबंधन की पहली बैठक पिछले साल 23 जून को पटना में हुई थी, उसके बाद 17-18 जुलाई, 2023 को बेंगलुरु में और फिर 31 अगस्त से 1 सितंबर के बीच मुंबई में बैठक हुई. विपक्षी गठबंधन की चौथी बैठक 19 दिसंबर को दिल्ली में हो चुकी है.

## सुभाषित

**सम्पूर्ण कुंभो न करोति शब्दं अर्धोघटो घोषमुपैति नूनम् ।**
**विद्वान कुलीनो न करोति गर्वं गुणैर्विहीना बहु जल्पयंति ॥**

जिस प्रकार से आधा भरा हुआ घड़ा अधिक आवाज करता है पर पूरा भरा हुआ घड़ा जरा भी आवाज नहीं करता. उसी प्रकार जो सही अर्थों में विद्वान हैं, वे अपनी विद्वत्ता पर घमण्ड नहीं करते, जबकि गुणविहीन लोग स्वयं को गुणी सिद्ध करने में लगे रहते हैं. कई बार तो वे अपने को गुणवान साबित करने में सफल भी हो जाते हैं.

# लगभग खामोश चुनाव के सियासी मायने

**दरअसल, नरेंद्र मोदी के 10 साल के शासन में देश के शीर्षस्थ चुनिंदा अमीरों और पूंजीपतियों को छोड़कर प्रत्येक वर्ग की आर्थिक क्षति हुई. पहले नोटबंदी ने छोटे दुकानदारों और गरीब परिवारों को उजाड़ दिया. काला धन समाप्त करने के नाम पर की गई नोटबंदी ने देश की अर्थव्यवस्था को मानो ठप्प कर दिया. इसके बाद जीएसटी ने मझोले कारोबारियों को तबाह कर दिया. रही सही कसर कोरोना आपदा के समय पूरी हो गई.**



• देश-काल



रविकांत

2024 के लोकसभा चुनाव अंतिम पायदान पर है. ज्यादातर चुनाव विश्लेषकों और पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस चुनाव में मतदाता बहुत शांत हैं. यहां तक कि पार्टियों के कार्यकर्ता और समर्थक भी मुखर नहीं दिखाई दे रहे हैं. जबकि आमतौर पर भाजपा के समर्थक मुखर ही नहीं बल्कि विपक्षियों पर आक्रामक भी रहते हैं. यही कारण है कि जमीन पर रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकार भी हैरान हैं. इन पत्रकारों का कहना है कि उन्होंने इतना खामोश चुनाव पहले कभी नहीं देखा. लेकिन उनका मानना है कि अंदर ही अंदर एक धारा है जो चुनाव को निर्णायक बना रही है. यह धारा क्या है? क्या इस धारा ने चुनाव को बदल दिया है? इस साल के जनवरी महीने में राम मंदिर का उद्घाटन हुआ. कर्पूरी ठाकुर और चौधरी चरण सिंह जैसे अतिपिछड़ा और किसान समाज के राजनेताओं को मोदी सरकार द्वारा भारत रत्न दिया गया. उस समय भाजपा और नरेंद्र मोदी के पक्ष में माहौल बन रहा था. विपक्षी गठबंधन की एकता बिखरने लगी थी. नीतीश कुमार ने फिर से पाला बदल लिया और ममता बनर्जी ने ऐलान किया कि बंगाल में इंडिया एलाइंस नहीं होगा. इससे विपक्षी एकता को झटका लगा. एक तरफ भाजपा के पास संसाधनों की भरमार है तो विपक्ष लगभग खाली हाथ है. कांग्रेस ने जो क्राउड फंडिंग के जरिए चंदा इकट्ठा किया था, उस पर भी ताला लगा दिया गया. कांग्रेस के खाते सील कर दिए गए. विपक्षी नेताओं पर ईडी सीबीआई की एक के बाद एक छापेमारी शुरू हो गयी. कांग्रेस सहित विपक्ष के तमाम नेताओं को डरा धमकाकर बीजेपी में शामिल कराया जाने लगा. इतना ही नहीं, हेमंत सोरेन जैसे चुने हुए आदिवासी मुख्यमंत्री को ईडी ने जेल भेज दिया. इसके बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी तिहाड़ भेज दिया गया. विपक्ष को निपटाने के लिए एक तरह का गुरिल्ला वार चल रहा था.

इन तमाम वजहों से विपक्ष में कोई खास उम्मीद नहीं दिख रही थी. जबकि मोदी और सत्ता पक्ष का उत्साह चरम पर था. इसलिए नरेंद्र मोदी ने 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया. जब यह सवाल उठा कि इतना बड़ा बहुमत क्यों चाहिए तो भाजपा के कई सांसदों और प्रत्याशियों ने ऐलान कर दिया कि संविधान बदलने के लिए दो तिहाई से ज्यादा बहुमत की ज़रूरत है. 'भाजपा संविधान बदलना चाहती है.' इस ऐलान का तेजाबी असर दलित और आदिवासी समाज में हुआ. डॉ. आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान ने दलित और आदिवासियों को राजनीतिक और सरकारी महकमों में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण का अधिकार दिया. बाबा साहब ने दलितों की गुलामी और वंचना मिटाने के लिए आजीवन संघर्ष किया. स्वाधीनता आंदोलन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस के साथ तमाम अहसमतियों के बावजूद डॉ. आंबेडकर, गांधी और नेहरू के आमंत्रण पर संविधान सभा में पहुंचे. डॉ. आंबेडकर ने स्वीकार किया कि दलितों के हितों की रक्षा हेतु वे संविधान सभा में आना चाहते थे. लेकिन सभा ने उन्हें प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाकर सबसे बड़ी जिम्मेदारी सौंपी. इस तरह बाबा साहब आंबेडकर संविधान निर्माता बने. दलितों, अल्पसंख्यकों और पिछड़ों को संविधान ने तमाम मौलिक और कानूनी अधिकार प्रदान किए. भाजपा के संविधान बदलने के ऐलान के बाद देश का जागरूक दलित और आदिवासी समाज संगठित होकर उसके खिलाफ खड़ा हो गया. तमाम पत्रकारों को यह बात समझ में नहीं आ रही है कि अचानक खासकर दलित समाज मुखर होकर भाजपा का विरोध क्यों करने लगा? यह भी ध्यान रखने वाली बात है कि इस चुनाव में केवल दलित ही मुखर दिखाई दे रहा है. दरअसल, उसके लिए संविधान बदलने का मामला केवल आरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि सदियों बाद मनुष्य होने का जो एहसास उसे प्राप्त हुआ है, उसे वह खोना नहीं चाहता. संविधान और बाबा साहब के प्रति उसका भावनात्मक लगाव है. दलित समाज किसी भी कीमत पर संविधान पर आंच नहीं आने दे सकता. संविधान पर उठने वाली उंगली को दलित समाज क़तई नहीं बर्दाश्त कर सकता. वह अपनी आने वाली पीढ़ियों को स्मृतिकाल और पेशवाई दौर की तरह गुलाम नहीं देख सकता.

क्या यह चेतना अचानक दलितों के मन में घर कर गई? ऐसा कतई नहीं है. पिछले पांच सालों से लगातार सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों और गोष्ठियों में इसकी चर्चा होती रही है कि भाजपा और आरएसएस का छुपा हुआ एजेंडा बाबा साहब के संविधान को बदलना है. संघ से जुड़े तमाम हिंदुत्ववादी संगठन लगातार भारत को हिंदूराष्ट्र बनाने और मनुस्मृति के आधार पर संविधान लागू करने की बात करते रहे हैं. इसीलिए बहुजन नायकों पर होने वाली गोष्ठियों में संविधान बचाने की शपथ ली जाती रही. जिन लोगों को लगता है कि अचानक संविधान कैसे मुद्दा बन गया, वे दरअसल, इस चेतना प्रक्रिया से अनजान हैं. यही कारण है कि देशभर का करीब 70 फ़ीसदी दलित समाज आज विपक्ष यानी इंडिया एलाइंस के साथ खड़ा है. वे संविधान बदलने वालों को ही बदलने के लिए विपक्ष के साथ आ गए हैं. दरअसल, नरेंद्र मोदी के 10 साल के शासन में देश के शीर्षस्थ चुनिंदा अमीरों और पूंजीपतियों को छोड़कर प्रत्येक वर्ग की आर्थिक क्षति हुई. पहले नोटबंदी ने छोटे दुकानदारों और गरीब परिवारों को उजाड़ दिया. काला धन समाप्त करने के नाम पर की गई नोटबंदी ने देश की अर्थव्यवस्था को मानो ठप्प कर दिया. इसके बाद जीएसटी ने मझोले कारोबारियों को तबाह कर दिया. रही सही कसर कोरोना आपदा के समय पूरी हो गई. तालाबंदी के कारण लघु और मध्यम उद्योग धंधे बंद हो गए.

## • बोधि-वृक्ष

सुज्ञ



### बड़ी शक्ति है विनम्रता

विनम्रता मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति है. इसके माध्यम से बड़ी से बड़ी उपलब्धियां सहज ही प्राप्त की जा सकती हैं तो वहीं दूसरी ओर अनेक प्रकार के संकटों से सुरक्षा भी सहज ही मिल जाती है. विनम्रता की शक्ति हर मनुष्य में अंतरनिहित है. यह आपके आंतरिक प्रेम की शक्ति से जाग्रत हो आती है. दूसरों को सहयोग व सहायता का भाव ही आपको विनम्र बनाता है. यह कहना गलत है कि यदि आप विनम्र बनेंगे तो दूसरे आपका अनुचित लाभ उठाएंगे. जबकि यथार्थ स्वरूप में विनम्रता आपमें गज़ब का धैर्य पैदा करती है. आपमें सोचने समझने की क्षमता का विकास करती है. विनम्र व्यक्तित्व का एक प्रचंड आभामंडल होता है. धूर्तो के मनोबल उस आभा से स्वयं परास्त हो जाते हैं. उल्टे जो विमम्र नहीं होते वे आसानी से प्रभावित हो जाते है, क्योंकि धूर्त को तो मात्र मीठी बातों से उसका अहं सहलाना भर होता है. अहंकार यहां परास्त हो जाता है. किन्तु जहां विनम्रता होती है, वहां तो सत्य की अथाह शक्ति भी होती है, जो मनोबल प्रदान करती है. विनम्रता के प्रति समर्पित आस्था जरूरी है. मात्र दिखावे की विनम्रता असफ़ल ही होती है. 'पहले विन्रमता से निवेदन करूंगा यदि काम न हुआ तो भृकुटि टेढी करूंगा' यह चतुरता विनम्रता के प्रति अनास्था है, छिपा हुआ अहं भी है. कार्य पूर्व ही अविश्वास व अहं का मिश्रण असफलता ही न्योतता है. सम्यक् विनम्र व्यक्ति, विनम्रता को झुकने के भावार्थ में नहीं लेता. सच्चाई उसका पथप्रदर्शन करती है. निश्छलता उसे दृढ व्यक्तित्व प्रदान करती है. अहंकार आपसे दूसरों की आलोचना करवाता है. वह आपको आलोचना-प्रतिआलोचना के एक प्रतिशोध जाल में फंसाता है. अहंकार आपकी बुद्धि को कुंठित कर देता है. आपके जिम्मेदार व्यक्तित्व को संदेहयुक्त बना देता है. अहंकारी दूसरों की मुश्किलों के लिए उन्हें ही जिम्मेवार कहता है और उनकी गलतियों पर हंसता है. अपनी मुश्किलों के लिए सदैव दूसरों को जवाबदार ठहराता है और लोगों से द्वेष रखता है. विनम्रता हृदय को विशाल, स्वच्छ और ईमानदार बनाती है. यह आपको सहज सम्बंध स्थापित करने के योग्य बनाती है. विनम्रता न केवल दूसरों का दिल जीतने में कामयाब होती है अपितु आपको अपना ही दिल जीतने के योग्य बना देती है. आपके आत्म-गौरव और आत्म-बल में उर्जा का अनवरत संचार करती है. आपकी भावनाओं के द्वन्द समाप्त हो जाते है, साथ ही व्याकुलता और कठिनाइयां स्वतः दूर होती चली जाती है. एक मात्र विनम्रता से सन्तुष्टि, प्रेम, और साकारात्मकता आपके व्यक्तित्व के स्थायी गुण बन जाते हैं.

# महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा पर सवाल

• विमर्श

जगदीश रत्तनानी

चुनावी मौसम में बढ़ती गर्मी के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने चुने हुए मीडिया घरानों के साथ साक्षात्कारों की एक श्रृंखला शुरू की. ज्यादातर साक्षात्कारों पर नियंत्रण दिखाई देता है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि इन साक्षात्कारों के सुरक्षित खाली स्थानों में भी कुछ अलिखित शब्द बच गए हैं, जो आज देश के सामने मौजूद कुछ ज्वलंत मुद्दों के बारे में समझ और वचनबद्धता की खतरनाक कमी को प्रकट करते हैं. उदाहरण के लिए, कर्नाटक की शक्ति योजना पर प्रधानमंत्री की टिप्पणियों को लें! शक्ति योजना पिछले साल जून में शुरू की गई थी. ताजा आंकड़ों के मुताबिक अब तक महिलाओं और लड़कियों ने लगभग 200 करोड़ फेरे की शून्य लागत पर राज्य परिवहन की यात्रा बसों में की है. प्रतिदिन लगभग 65 लाख महिलाएं इस योजना का लाभ उठा रही हैं. ये आंकड़े सिटी बस सेवाओं और राज्य में शहर या गांव में चल रही बस सेवाओं की फेरियों के माध्यम से कहीं भी आने-जाने का लाभ उठा रही महिला यात्रियों के हैं. राज्य में इस योजना का जबरदस्त असर हुआ है और इसका एक सरल और स्पष्ट संदेश है कि महिलाएं खुद को स्वतंत्र महसूस करती हैं. वे हर जगह यात्रा कर रही हैं. आश्चर्य की बात नहीं है कि वास्तव में यह एकमात्र कल्याणकारी योजना है, जिसका अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है. योजना सरल, स्पष्ट, प्रयोग करने योग्य है- अपना निवासी कार्ड दिखाएं और यात्रा करें. एक साक्षात्कार में इस योजना के बारे में प्रधानमंत्री ने अज्ञानता भरी टिप्पणी करते हुए कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की पेशकश से नवनिर्मित मेट्रो सेवाओं का उपयोग कम होगा, इसलिए मेट्रो घाटे में चलेगी और कोई भी देश में मेट्रो सेवाओं का निर्माण नहीं करेगा. यह बहुत ही सीमित और संकीर्ण दृष्टिकोण है और यह नज़रिया उस समय टिक नहीं पाता है, जब हम समझेंगे कि कल्याणकारी योजनाएं कैसे काम करती हैं. वे कैसे सशक्त हो सकती हैं और मुक्ति के लिए एक ताकत बन सकती हैं तथा समाज के कमजोर वर्गों, विशेष रूप से लड़कियों और महिलाओं के लिए नए अवसर खोल सकती हैं. जैसा कि कर्नाटक के मामले में है. यह आश्चर्यजनक है कि गुजरात के मुख्यमंत्री और अब प्रधानमंत्री के पदों पर दो दशकों से अधिक समय तक रहने के बाद भी नरेंद्र मोदी विकास की बुनियादी बातों के प्रति संवेदनशील दिखाई नहीं देते या उन्होंने ये सबक सुने तो हैं लेकिन इन पर ध्यान नहीं दिया है. अथवा चुनाव के इस कड़वे मौसम में वे कर्नाटक में यह योजना लाने वाली कांग्रेस के प्रति अपनी नफ़रत में अंधे हो गए हैं. भारत सरकार, यहां तक कि भाजपा

> विश्व की सबसे अमीर अर्थव्यवस्थाओं में से एक लक्ज़मबर्ग ने लगभग चार साल पहले न केवल वहां के निवासियों के लिए बल्कि सभी लोगों के लिए मुफ्त यात्रा की घोषणा की. यूरो न्यूज़ के अनुसार द ग्रीन्स पार्टी के नेता और लक्ज़मबर्ग के पूर्व उप प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बॉश ने कहा- 'यह योजना काफी लागत वाली है, लेकिन इसका सभी करदाताओं द्वारा भुगतान किया जाता है .'

सरकार भी बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं चला रही है और अगर प्रधानमंत्री की इसी सोच को लागू किया जाए तो अवधारणात्मक रूप से यह एक ऐसी सरकार होनी चाहिए, जो न केवल कर्नाटक में मुफ्त परिवहन योजना बल्कि गैर-भाजपा शासित राज्यों- दिल्ली, तमिलनाडु, तेलंगाना और पंजाब की सभी कल्याणकारी योजनाओं को अस्वीकार करती है. कर्नाटक की शक्ति योजना के संपूर्ण प्रभाव को देखने और समझने में अभी समय लगेगा. फिर भी यह विचार सभी तर्कों को पराजित कर देता है कि यह योजना सवारियों को मेट्रो से दूर ले जाती है. इसकी जड़ में यह बात है कि प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि गरीबों को भुगतान करने तथा मेट्रो लाइनों की सवारी करने के लिए कहें (जहां किराया सामान्य रूप से बहुत अधिक है) ताकि मेट्रो व्यवहार्य हो जाए एवं निवेश की भरपाई हो सके और इस प्रकार बताया जा सके कि विकास हुआ है. विश्व की सबसे अमीर अर्थव्यवस्थाओं में से एक लक्ज़मबर्ग ने लगभग चार साल पहले न केवल वहां के निवासियों के लिए बल्कि सभी लोगों के लिए मुफ्त यात्रा की घोषणा की. यूरो न्यूज़ के अनुसार द ग्रीन्स पार्टी के नेता और लक्ज़मबर्ग के पूर्व उप प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बॉश ने कहा-'यह योजना काफी लागत वाली है, लेकिन इसका सभी करदाताओं द्वारा भुगतान किया जाता है ... वहां अधिक इक्विटी है क्योंकि जाहिर है कि जो लोग कम करों का भुगतान करते हैं वे इस प्रणाली में कुछ भी नहीं या बहुत कम भुगतान करते हैं. जो लोग अधिक कर का भुगतान करते हैं ... एक मूल्य टैग है जो थोड़ा अधिक हो सकता है.' वहां इस योजना का आनुषांगिक लाभ यह है कि देश की परिवहन प्रणाली में निवेश धीमा नहीं हुआ है. नई ट्राम प्रणाली नियमित और विश्वसनीय है जो ट्रैफिक की बाधाओं से मुक्त है. देश ने अपने रेल नेटवर्क को बेहतर बनाने के लिए रिकॉर्ड निवेश किया है. अंत में, देश के सामने प्रश्न यह नहीं है कि हमें विकास की आवश्यकता है या नहीं, बल्कि यह सवाल है कि भारत में किस प्रकार का विकास होना चाहिए.

# जाति जनगणना के आईने गणतंत्र

• सियासत

मनीष शर्मा

मोदी सरकार द्वारा जाति जनगणना कराने से, साफ़-साफ़ इंकार कर दिए जाने के बाद अपने चुनावी घोषणापत्र में जाति जनगणना को दर्ज करते हुए समूचे विपक्ष ने शायद ही सोचा होगा कि संविधान, सामाजिक न्याय, आरक्षण और जाति जनगणना जैसे सवाल, इतने बड़े प्रश्न बन जाएंगे और चुनाव के केंद्र में आ जाएंगे.. लंबे समय बाद ऐसा हो रहा है, जब संविधान को बचाने की बात, जोर-शोर से हो रही है.. बीच चुनाव में सामाजिक न्याय, प्रमुख चुनावी प्रश्न में तब्दील हो गया है और अपने आरक्षण की रक्षा की चिंता, भारतीय समाज के बड़े हिस्से के लिए जीवन-मरण का प्रश्न बनता जा रहा है. हाल-फिलहाल के चुनावी इतिहास में शायद यह भी पहली बार हो रहा है, जब किसी लोकसभा चुनाव में, विभाजनकारी मुद्दे, बेहद कमजोर पड़ते जा रहे हैं.. धार्मिक अस्मिता का विमर्श, सामाजिक अस्मिता की तरफ शिफ्ट हो रहा है.. और अब तो जितनी मजबूती से सामाजिक न्याय का प्रश्न भारतीय राजनीति के हाशिए से उठकर केंद्र में आ गया है, उससे ऐसा साफ-साफ लगने लगा है कि आने वाले समय में जो भी सरकार आए, जाति जनगणना की मांग को और ज्यादा समय तक दरकिनार नहीं किया जा सकता है. जाति जनगणना से जुड़े ऐतिहासिक, राजनीतिक, सामाजिक पहलुओं पर हम विस्तार से बातचीत करेंगे, पर अभी कुछ तात्कालिक व बुनियादी बिंदुओं पर स्पष्टता ज़रूरी है और वह यह कि जाति जनगणना भी हर हाल में जनगणना एक्ट 1948 के तहत ही की जानी चाहिए, इसके अलावे जो कुछ भी होगा,उसकी सांविधानिक मान्यता नहीं रह जाएगी, जैसा कि हम सबने देखा कि 2011 में केंद्र द्वारा अलग से किए गए सर्वे का क्या हश्र हुआ. दूसरी बात यह कि जाति जनगणना को राज्य सरकारों के जिम्मे नहीं छोड़ा जा सकता.. हालांकि राज्य अपने लिए गणना करा सकती है, जैसा कि बिहार में हुआ है, पर यह गणना केंद्रीय जनगणना एक्ट के तहत करायी गयी जनगणना का विकल्प तो बिल्कुल ही नहीं हो सकता और इस गणना की सांविधानिक मान्यता भी संकट में रहेगी और इसके चलते इस पूरे कवायद के अप्रासंगिक बने रहने का ख़तरा बराबर बना रहेगा और सरकारों पर निर्भर होगा कि वे इसे माने या न माने. तीसरी बात यह कि जाति जनगणना आंदोलन केवल ओबीसी को गिनने की मांग नहीं कर रहा है, जैसा कि भ्रम फैलाया जा रहा है, बल्कि भारतीय समाज के हर हिस्से को गिना जाना जरूरी है ताकि पूरी तस्वीर सामने आए, इसके साथ ही एक बात और ये है कि केवल

> हालांकि राज्य अपने लिए गणना करा सकती है, जैसा कि बिहार में हुआ है, पर यह गणना केंद्रीय जनगणना एक्ट के तहत कराए गए जनगणना का विकल्प तो बिल्कुल ही नहीं हो सकता और इस गणना की सांविधानिक मान्यता भी संकट में रहेगी और इसके चलते इस पूरे कवायद के अप्रासंगिक बने रहने का ख़तरा बराबर बना रहेगा और सरकारों पर निर्भर होगा कि वे इसे मानें या न मानें.

जातियों की गणना या उन्हें गिन लेना, बिल्कुल ही नाकाफ़ी है, (जैसे कि बिहार में हुई गणना से अभी बस गिनती ही सामने आई है) जब तक कि सभी जातियों की सामाजिक-आर्थिक हैसियत की भी शिनाख्त नहीं की गई या ठीक-ठीक यह भी पता नहीं लगा सके कि हर तरह के संसाधनों का संकेंद्रण कहां-कहां है और वंचना कहां-कहां है, तब तक ऐसे किसी भी कवायद की सार्थकता संदिग्ध बनी रहेगी और इसे कोई प्रगतिशील कदम मान पाना मुश्किल होगा. 1878 से लेकर 1931 तक ब्रिटिश काल में लगातार जाति की जनगणना होती रही.. यहां तक कि 1941 में जनगणना के साथ जाति की भी जनगणना कराई गई, पर दूसरे महायुद्ध के चलते उसे जारी नहीं किया गया.. पर आजाद भारत में पहली जनगणना से ही जाति जनगणना को ख़ारिज़ कर दिया गया.. यह सोच कर कि हमें पीछे नहीं आगे जाना है.. ये सोचा गया कि आधुनिक भारत बनाने की महत्वाकांक्षी परियोजना को अमल में लाने की रणनीतिक प्रक्रिया के दौरान जाति नामक परिघटना धीरे-धीरे पीछे होती चली जाएगी, पर ऐसा हुआ नहीं.. बल्कि भिन्न-भिन्न रूपों में और बड़े पैमाने पर इसका विस्तार होता रहा. असल में तथाकथित ऊंची जातियों ने जातिगत पूंजी का इस्तेमाल कर आधुनिक कारखानों व विज्ञान और तकनीक के बड़े संस्थानों पर भी लगभग कब्ज़ा ही कर लिया, जिसके चलते व अन्यान्य वजहों से जाति आधारित असमानता ने और भी विशालता हासिल कर ली.. अंततः सत्ता व्यवस्था को पहले काका कालेलकर आयोग और फिर मंडल आयोग का गठन करना पड़ा, विशाल ओबीसी समाज के वास्तविक हालात को सामने लाने के लिए..पर उन आयोगों के पास 50 साल पहले का आंकड़ा था, उन्हें कुछ तात्कालिक सर्वे और 1931 के आंकड़े से काम चलाना पड़ा और ओबीसी समाज के पक्ष में सिफारिश के साथ-साथ सरकार से यह भी कहना पड़ा कि जल्द से जल्द जाति जनगणना कराई जाए.

## मीडिया में अन्यत्र

# लापरवाही की इंतिहा, पुणे कार दुर्घटना के सबक

**देश** की सांस्कृतिक राजधानी कहलाने वाले शहर पुणे में पिछले दिनों एक लग्जरी कार से हुई सड़क दुर्घटना का जो मामला सामने आया, वह हमारे शहरी जीवन और व्यवस्था से जुड़ी दुर्भाग्यपूर्ण विसंगतियां उजागर करता है. गनीमत है कि मीडिया में हुए शोरगुल के बाद ही सही, केस को पटरी पर लाने के प्रयास शुरू हो गए हैं. मामले से जुड़ी शुरुआती सूचनाएं इस बात की ओर ध्यान खींचती हैं कि कैसे हमारे समाज का एक तबका नियम-कानून को अपनी जेब में लिए चलता है. मामले का मुख्य आरोपी एक नाबालिग है, जो पुणे के एक जाने-माने बिल्डर का बेटा है. अमीर पिता ने यह महंगी गाड़ी अपने नाबालिग बेटे के हवाले कर दी थी. इस साल मार्च में खरीदी गई इस गाड़ी पर लाइसेंस नंबर तक नहीं था, क्योंकि रोड टैक्स के 44 लाख रुपये नहीं दिए गए थे. गाड़ी चला रहे नाबालिग लड़के के पास कोई ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था. यही नहीं, मिली सूचनाओं के मुताबिक दुर्घटना से पहले यह लड़का एक नहीं दो अलग-अलग बार में जाकर शराब पीता है. ध्यान रहे कि महाराष्ट्र में शराब पीने की न्यूनतम उम्र 25 साल है, लेकिन बार में कोई भी यह पता करने की जरूरत नहीं समझता कि शराब मांगते इस लड़के की उम्र शराब पीने की हुई है या नहीं. खास बात यह कि शराब पीकर गाड़ी चलाने और दुर्घटना में दो लोगों की मौत से जुड़े इस मामले में आरोपी को जमानत मिलने में भी कोई दिक्कत नहीं हुई. पुलिस ने जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सामने आवेदन दिया था कि उसे इस मामले में आरोपी के साथ वयस्क की तरह व्यवहार करने की इजाजत दी जाए. लेकिन इस आवेदन को अलग रखकर बोर्ड ने आरोपी को जमानत दे दी. उसे हादसे पर एक निबंध लिखने और 15 दिनों तक यातायात पुलिस की मदद करने को कहा गया. स्वाभाविक ही इस पूरे घटनाक्रम के सामने आने के बाद इस पर कड़ी प्रतिक्रियाएं आने लगीं. इन्हें संज्ञान में लेते हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने भी माना कि बोर्ड का रुख घटना की गंभीरता के अनुरूप नहीं है. पुलिस ने इस मामले में ऊपरी अदालत का रुख किया है. इस बीच बिल्डर पिता समेत कई और लोगों को गिरफ्तार किया गया है. बात सिर्फ कुछ गिरफ्तारियों की नहीं है. बड़ा सवाल यह है कि क्या वाकई हमारे सरकारी तंत्र का निचला हिस्सा लुंजपुंज और अप्रभावी होता जा रहा है. आखिर कैसे समाज का एक प्रभावशाली और ताकतवर हिस्सा उससे इस कदर बेपरवाह हो सकता है कि नियम-कानूनों की न्यूनतम चिंता करना भी उसे गैरजरूरी लगने लगे. इस मामले में सभी दोषियों के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित करना जितना जरूरी है उतना ही अहम है यह संदेश देना कि कानून सभी देशवासियों के लिए समान हैं. **(एनबीटी)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### खातिम/खातिर

**आपकी** खातिर पेश है हिंदी फिल्म जगत के महारथी गीतकार शाहिर लुधियानवी का यह शेर-कौन रोता है किसी और की ख़ातिर ऐ दोस्त, सबको अपनी ही किसी बात पे रोना आया. आपने रफी साहब की मधुर आवाज में इस पंक्ति को कई बार सुना होगा, जिसका मुखड़ा है कभी खुद पे कभी हालात पे रोना आया, बात निकली तो हरेक बात पे रोना आया. बात भी सही है किसी और की खातिर इस दुनिया में कौन रोता है. इन वाक्यों में खातिर शब्द का बारबार आना इस बात की मांग करता है कि खातिर शब्द पर विचार किया जाये. खातिर अरबी भाषा मूल का संज्ञा एक वचन स्त्रीलिंग शब्द है. इसका बहुवचन रूप है ख़वातिर. खातिर शब्द ने अपने आप में सामान्य तौर पर अनेक अर्थ समेट रखे हैं. रेख्ता हिंदी उर्दू शब्दकोश के अनुसार खातिर का मतलब है सत्कार, आव-भगत, आतिथ्य. जैसे कहा जाता है कि मैं वहां गया तो लोगों ने मेरी जमकर खातिर की. वहीं यह भी कहा जाता है कि आपकी खातिर मैं जान तक दे सकता हूं. इसका मतलब यह होता है कि आपके लिए मैं कुछ भी कर सकता हूं. खातिर शब्द का मतलब हृदय, मन, दिल, जान, जी से भी होता है. खातिर का मतलब विचार, ख्याल, ध्यान, बुद्धि, जहन, स्मृति, स्मरण शक्ति, याददाश्त, सांत्वना, प्रसन्नता, दिलजोई, खुशी, स्वभाव, प्रकृति, भावदशा, मिज़ाज, आदर, सम्मान, लिहाज, अभिवादन, शिष्टता, पक्षपात, तरफदारी, समर्थन, अंतःकरण, अतिरींद्रिय, अचेतावस्था, अचैतन्य, प्राकृतिक सूझबूझ, इच्छा और मर्जी भी होता है, जिसका प्रयोग वाक्यों में आवश्यकतानुसार किया जाता है. वहीं खातिम अरबी भाषा मूल का संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका मतलब है मुद्रिका, अंगूठी, वह अंगूठी जिस पर मुहर करने का निशान या चिह्न हो, मुहर, छाप, ठप्पा, सिक्का, खत्म करनेवाला, अंजाम को पहुंचानेवाला, आखिरी, पूरा करने वाला, बंद करने वाला, मुंदमिल करने वाला, अंत को पहुंचाने वाला, तकमिला करने वाला, मुंदमिल का मतलब है वह घाव, जो भर आया हो.

# जिंदाबाद-जिंदाबाद, ऐ बोरियत जिंदाबाद


• तीर-तुक्का

विनय भारत

बोरियत.....बोरियत....बोरियत....कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि इस बोरियत नामक शब्द को जीरो से गुणा कर दूं. पर फिर सोचता हूं कि ये काम भी तो ऊबीला है. बोरियत सभी को होती है, कारण है कि हम फालतू होते हैं तो सभी को फालतू समझते हैं. इस बोरियत से बोर होकर मैंने भी कुछ करने को सोचा. एक सब्जी वाले के पास गया. मैंने कहा कि आलू है क्या? वो बोला नहीं, ये बैंगन ले जाइये. मैंने कहा, जब आलू ही नहीं है तो बैंगन का क्या करूंगा? वो बोला, बैंगन ले जाइये, घर जाकर सब्जी बनाइये, पसंद ना आने पर रोटी के साथ सब्जी दे जाइये. पहले ही सब्जी खरीदने का बोरियत सा काम कर रहा था, इसके बाद फेसबुक चलाने बैठा, वहां देखा कि कुछ मस्तीली लड़कियों की फोटो, कुछ हंसीले चित्र, कुछ पगलू से कमेंट पड़े हुए थे. उन्हें देखकर फिर बोर हो गया, फेसबुक पर भी कुछ खास नहीं किया जा सकता. पर क्या करें, टाईम पास तो करना था, सो कुछ कोल्ड ड्रिंक लाया, उसमें कुछ नमक मिलाया और पी गया. कुछ देर बाद नींद लग गई. हीरोईनों के सपनों में खो गया....कभी उहलाला.... तो कभी मैं लाला, कभी मुन्नी बदनाम....तो कभी शीला जवान... छोकरा सपने में आते ही नींद खुल गई, क्योंकि ऐसा लगा कि इससे अच्छा तो कोई भूतनी देखे लेते, कम से कम फीमेल तो होती, अब गुस्सा आया तो कुछ लिखने बैठ गया. ऐसा लिखा, ऐसा लिखा कि क्या कहूं, अब जो लिखा वो तो आप पढ़ रहे हैं, पढ़कर बोर हो रहे हैं, मुझे भी पता है कि आप मुझे गाली देंगे, लेकिन ये भी बोरियत का एक काम है. मैंने नल से पानी भरा, नल में से एक सॉप निकला, लेकिन मुझे डंसा नहीं. मैंने पूछा कि अबे डंसता क्यों नहीं, वो बोला कि आज के जमाने में इन्सान ही इन्सान को ड़स रहा है तो फिर मैं अपना जहर क्यों बर्बाद करूं. अब तो बहुत ही ज्यादा बोरियत की हद हो गई थी. वैसे बोर होना भी एक काम है, क्योंकि बोर होने के लिए आपके पास समय होना चाहिए, आपका दिमाग शैतान का घर यानी खाली होना चाहिये, तब जाकर कुछ बोरियत के लम्हे बड़ी कठिनाई से मिलते हैं. खैर! बोरियत महसूस कर रहा था, मैंने सोचा कि मैं अकेला ही बोर क्यों हूं और सभी क्यों बोर नहीं है? इसलिए ये लेख लिखा ताकि आप भी इस बोरियत का फायदा नुकसान देख सकें. इस लेख को बार-बार पढ़कर बोर होइये, सिर खपाइये और ज्यादा गुस्सा आये तो खोपड़ी दीवार पे दे मारिये. आपकी टेन्शन खत्म और आपको देखकर यमराज की टेन्शन शुरू. सब टेन्शन ही खत्म, फिर भी कुछ न हो तो मुझसे कहिये, ऐसे दो-पॉच लेख और भेज देता हूं. कसम से.... दोबारा बोर होने की कोशिश नहीं करेंगे.



# लाइफ लाइन




## आप तो नहीं हैं इडियट सिंड्रॉम से ग्रसित



डॉ एके श्रीवास्तव
कंसलटेंट फिजीशियन, छाती व गहन रोग विशेषज्ञ

*बीमारियों और उसके इलाज के बीच इन दिनों एक नया शब्द प्रचलित हो रहा है- "इडियट सिंड्रॉम". यहां इडियट दरअसल "इंटरनेट डिराइव्ड इंफॉर्मेशन ऑब्सट्रक्टिंग ट्रीटमेंट" का शॉर्ट फॉर्म है. इसे साइबरकॉन्ड्रिया भी कहते हैं जिसमें व्यक्ति किसी विशिष्ट बीमारी के संक्रमण के बारे में "अत्यधिक या अनुचित रूप से भयभीत" रहता है. एक क्लिक से अब हम भौगोलिक दूरी ही नहीं, अलग-अलग क्षेत्र की विषेशज्ञता भी मापने का जो दंभ रखते हैं, यह सिंड्रोम उसी से संबंधित है. इडियट सिंड्रोम तब होता है जब मरीज़ अचानक अपना इलाज छोड़ देते हैं क्योंकि उन्होंने इंटरनेट चिकित्सा जानकारी पर आंख मूंदकर भरोसा कर लिया होता है. या फिर इडियट सिंड्रोम के शिकार वाले मरीज अक्सर इंटरनेट सर्च के आधार पर खुद ही बीमारी का पता लगाते हैं, और फिर इंटरनेट से ही सर्च कर उसका अनाप-सनाप इलाज भी खुद ही कर लेते हैं. इस कारण इडियट सिंड्रॉम से ग्रसित लोग कई तरह की शारिरिक व मासनसिक परेशानियां भी झेलते हैं. इंटरनेट पर आसानी से उपलब्ध जानकारी सही मेडिकल ट्रीटमेंट में बाधा डालती है.*



**▪ चिंता का विषय**

डब्ल्यूएचओ इस परिस्थिति को "इन्फोडेमिक" कहता है, जिसने स्वास्थ्य सेवा में एक जटिल स्थिति पैदा कर दी है, क्योंकि यह बीमारी के प्रकोप के दौरान डिजिटल और भौतिक वातावरण में बहुत अधिक जानकारी पैदा कर देता है और स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रति अविश्वास पैदा करता है. मरीज़ों को ऑनलाइन महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी मिलती है और वे अतिरिक्त सहायता की उम्मीद करते हैं, डॉ. सी. एन. मंजूनाथ (निदेशक, जयदेव अस्पताल) कहते हैं, "डॉक्टर तनाव के कारण बीमार हो रहे हैं, और उन्हें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की ज़रूरत है. केवल तकनीकी और पेशेवर गुणों के बजाय संचार कौशल हासिल करने की अतिरिक्त मांग है." वहीं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के जर्नल क्यूरियस व अन्य कई मेडिकल विषयक जर्नल में इस बाबत चर्चा हो रही है.

**▪ गुजर जाता है गोल्डन आवर**

इंटरनेट पर मेडिकल जानकारी खोजने पर कई बार सारे लक्षण खुद में ही नजर आने लगते हैं. ऐसे में यह तनाव और चिंता की वजह बनता है. कई बार इंटरनेट पर किसी बीमारी का इतना भयावह रूप आप जान-समझ लेते कि इलाज का साहस ही नहीं जुटा पाते. ऐसे में जो गोल्डन आवर होता है किसी भी बीमारी का, वह कई बार गुजर जाता है. बीमारी की स्थिति विकट होती है, तब उन्हें चिकित्सक तक लाया जाता है.

**▪ लाइसेंस प्राप्त स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों की लें मदद**

बेशक इंटरनेट कई बार हमें हेल्थ से जुड़ी अच्छी जानकारी भी उपलब्ध कराता है. इसलिए जानकारी लेने में कोई हर्ज नहीं. बेहतर हो कि अच्छी और विश्वसनीय मेडिकल वेबसाइट्स और ऑनलाइन सपोर्ट ग्रुप्स पर अपने या अपने प्रियजनों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी या ऐसे ही अवेयरनेस के लिए जानकारी हासिल करें. यह आदत कहीं से गलत नहीं. यह प्रवृति गलत तब होती है जब हम इंटरनेट पर क्लिक कर जो रिजल्ट मिलता है, उसे ही एक योग्य मेडीकल डायग्नोसिस मान लेते हैं और खुद को चिकित्सक समझ कर मेडिकल फैसले लेने लगते हैं. जबकि उन्हें चाहिए कि अपने स्वास्थ्य संबंधी मामलों के लिए लाइसेंस प्राप्त स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों की मदद लें.

## बिना चीरा लगाए संकरे वॉल्व को दुरुस्त करता है वाल्वुलोप्लास्टी



डॉ अनुपम
सीनियर कॉर्डियोलॉजिस्ट

**वाल्वुलोप्लास्टी उपचार की पद्धति है जिससे हृदय के संकुचित वाल्व को ठीक किया जाता है और रक्त के प्रवाह को बेहतर किया जाता है. आइए जानें कि क्या है वाल्वुलोप्लास्टी, इसकी सलाह कब दी जाती है, इसके क्या फायदे और खतरे हैं आदि...**

लोगों के दिलों के हालात अपनों को रुला जा रहे. बात हृदय रोग के बढ़ते मामलों की हो रही है. खास कर हाल के वर्षों में हार्ट वाल्व की बीमारी के घेरे में कई लोग आ रहे. उनकी सांसे फूलने लगती हैं, धड़कनें बढ़ने लगती हैं, सीने में दर्द की शिकायत होती है. इकोकार्डियोग्राफी नामक जांच कराने पर पता चलता है कि उनके हृदय का वाल्व तंग (संकरा या नैरो) है और उसके लिए उन्हें इलाज करने की जरूरत है. हृदय वाल्व की इस स्थिति को वॉल्व स्टेनोसिस कहते हैं. हमारे शरीर में चार हृदय वाल्व - महाधमनी, माइट्रल, ट्राइकसपिड और फुफ्फुसीय वाल्व होते हैं. ये चारो हृदय से रक्त प्रवाहित करने के लिए खुलते और बंद होते हैं. वाल्व स्टेनोसिस की स्थिति में, वाल्व फ्लैप, जिन्हें लीफलेट भी कहा जाता है, मोटे या कठोर हो सकते हैं और एक साथ जुड़ सकते हैं. वाल्व स्टेनोसिस वाल्व के माध्यम से रक्त के प्रवाह को कम कर देता है. ऐसी स्थिति में चिकित्सक वाल्वुलोप्लास्टी की सलाह दे सकते हैं. यह उपचार पद्धति हृदय वाल्व के माध्यम से रक्त के प्रवाह में सुधार कर सकती है. यह हृदय वाल्व रोग के लक्षणों में भी सुधार कर सकती है, जैसे सांस की तकलीफ या सीने में दर्द.




**▪ क्या है वाल्वुलोप्लास्टी और बैलून वाल्वुलोप्लास्टी**

वाल्वुलोप्लास्टी उपचार की पद्धति है जिससे हृदय के संकुचित वाल्व को ठीक किया जाता है और रक्त के प्रवाह को बेहतर किया जाता है. हृदय का वाल्व ही हृदय के भीतर रक्त प्रवाह को नियंत्रित करता है. वाल्वुलोप्लास्टी जिसे बैलून वाल्वुलोप्लास्टी भी कहते हैं, में बगैर चीरा लगाए यानी बिना सर्जरी के तंग वॉल्व को खोला जाता है. इस तरीके से इलाज में खोला गया वाल्व आमतौर पर सात से 10 साल तक आराम से दुरुस्त रहता है. अगर वापस खराबी आती है तो फिर इसे ठीक किया जा सकता है. सर्जरी की जगह बैलून वाल्वुलोप्लास्टी करने से मरीज जल्दी रिकवरी करता है और ट्रीटमेंट के दौरान दर्द भी कम होता है. ओपन सर्जरी की तुलना में जाहिर है इसमें रिस्क फैक्टर भी कम होता है.

**▪ बैलून वाल्वुलोप्लास्टी से पहले क्या होता है**

आपके चिकित्सक इस पद्धति से उपचार से पहले आपको विस्तृत जानकारी देंगे. आमतौर पर जिस दिन बैलून वाल्वुलोप्लास्टी किया जाता है, उससे एक दिन पहले हॉस्पिटल में भर्ती होना होता है. यदि आप ब्लड पतला करने के लिए कोई दवा लेते होंगे तो वह एक रात पहले बंद कर देनी होगी. पूरी प्रक्रिया के दौरान आप होश में रहेंगे. बैलून वाल्वुलोप्लास्टी के लिए आपको बेहोश करने की जरुरत नहीं होती.

**▪ वाल्वुलोप्लास्टी के खतरे**

अन्य मेडिकल प्रक्रिया की तरह वॉल्वुलोप्लास्टी से भी इंफेक्शन या ब्लीडिंग की आशंका है. यदि आप गर्भवती हैं, या गर्भ की उम्मीद से हैं तो इस बारे में अपने चिकित्सक को जरूर बताएं. वाल्वुलोप्लास्टी और रेडिएशन एक्सपोजर (प्रक्रिया के दौरान एक्स रे से) गर्भवती महिलाओं और भ्रूण के लिए घातक हो सकता है. इस बात की भी आशंका है कि हार्ट वॉल्व वाल्वुलोप्लास्टी के बाद फिर से हार्ट वाल्व पहले की तरह संकुचित हो जाए. दरअसल इन मामलों में बहुत कुछ आपके शरीर के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है. आपके चिकित्सक ही इस मामले में आपके स्वास्थ्य की पूरी जांच कर कोई सलाह दे सकते हैं.

**▪ क्या है रिकवरी टाइम**

वाल्वुलोप्लास्टी के बाद आप कितने दिनों में रिकवर करेंगे, यह कई चीजों पर निर्भर करता है जिसमें आपका ओवरऑल हेल्थ और आपके हृदय की स्थिति विशेष मायने रखती है. आमतौर पर इसके बाद अधिक सक्रियता, स्वीमिंग आदि की मनाही होती है, पर वह भी केवल सात दिनों के लिए. ज्यादातर मामलों में हफ्ते भर बाद ही लोग काम पर चले जाते हैं. हां यदि आपका काम अधिक शारीरिक सक्रियता या श्रम की मांग करता है तब बेहतर हो कि आप आठ हफ्ते के आराम के बाद ही काम पर लौटें.

### कितना होता खर्च

बड़े शहरों में इसके लिए डेढ़ लाख रुपए तक खर्च करने पड़ सकते हैं. आयुष्मान कार्ड होने पर यह इलाज मुफ्त में होता है. हमारे अस्पताल (केसी राय हॉस्पिटल, लालपुर) में 60 से 70 हजार रुपए में इसका इलाज हो जाता है. जल्द ही आयुष्मान कार्ड का लाभ भी यहां से मिलेगा.

### वाल्व स्टेनोसिस के कारण

वाल्व स्टेनोसिस का एक कारण पैदाइशी हो सकता है. अर्जित कारणों में बचपन में बार-बार होने वाला सर्दी जुकाम है जिससे रुमेटिक हार्ट डिजीज होता है. दरअसल संक्रमण के बाद शरीर में एंटी बॉडी विकसित होती है जो वॉल्व के टिश्यू, ज्वॉइंट्स आदि पर क्रॉस रिएक्ट कर उन्हें डैमेज करती है. जितनी बार संक्रमण होता है, उतनी बार एंटी बॉडी डेवलप होकर वॉल्व पर रियेक्ट कर उसे नुकसान पहुंचाती है. इसीलिए रुमेटिक हार्ट डिजीज में पेशेंट को चालीस साल की उम्र तक इंफेक्शन रोकने के लिए एंटी बायोटिक देते हैं.

### अधिक उम्र में सर्जरी जरूरी

कई बार उम्र के कारण भी वॉल्व धीरे-धीरे सिकुड़ जाता है. ऐसी स्थिति में बैलून वाल्वुलोप्लास्टी नहीं की जाती है. तब सर्जरी ही एक मात्र विकल्प होता है.

### निम्न आय वर्ग का रोग

रुमेटिक हार्ट डिजीज निम्न सामाजिक आर्थिक वर्ग की बीमारी समझी जाती है. दरअसल इसके पीछे हाइजीन, खराब पोषण, अधिक भीड़ भाड़ आदि को जिम्मेदार माना जाता है. इसलिए यह रोग विकसित देशों में नहीं देखा जाता. भारत में भी हाल के वर्षों में इससे पीड़ितों की संख्या में काफी कमी आई है.

**झारखंड के औषधीय वृक्ष**

## जलोदर रोग में लाभकारी है शिरीष



आमतौर हिंदी में इस वृक्ष को शिरीष कहते हैं और जब कोलकाता गया था और इसके छाल की आवश्यकता हुई तो मुझे पता चला कि इसे बंगला में शिरीष गाझ कहते हैं. लैटिन में माइमोसा शिरिसा कहते हैं. जलोदर रोग के लिए यह बहुत ही उपयोगी औषधि के रूप में काम आता है. व्रण एवं विषनाशक गुण भी इसमें होते हैं.



अनिल कुमार पाठक
पारंपरिक चिकित्सक

शिरीष के वृक्ष पर ग्रीष्मकाल में पुष्प देखने को मिलता है. पुष्प पीताभशुभ्र, कोमल और तीव्र गंधीय होता है. शीतकाल में शिरीष वृक्ष के पत्ते गिर जाते हैं. इसके पत्तों का आकार प्रकार आंवले के पत्तों जैसा ही होता है पर कुछ आकार प्रकार में बड़े होते हैं. एक वृन्त में लगभग चार से आठ जोड़े पत्तों होते हैं.

इसके काण्ड स्थूल मटमैला (श्वेत - कृष्ण) होते हैं. इसकी फली में बीज रहते हैं. शिरीष के बीजों का लेप गले की गांठों को दबाता है. मुंखक्षत में इसका क्वाथ केवल धारण करते हैं. बल्य और रसायन रूप में काम करते हैं.

वन क्षेत्रों में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह वृक्ष देखने को मिल जाते हैं. शीशम जैसी लकड़ी मिलने के कारण इसकी अब कटाई की जाने लगी है और विलुप्त होने की कगार पर है.

झारखंड में गुमला, सिमडेगा, खुंटी, लातेहार इत्यादि इत्यादि जगहों पर रोड किनारे या गांव में दिख जाते हैं पर वन क्षेत्रों में विलुप्त हो गया है. इमारती लकड़ी के रूप में इसका दोहन हुआ ही है, साथ ही साथ औषधीय निर्माण कंपनियों के पास भी दोहन होकर जाती रही है. भारत सरकार के साथ साथ झारखंड सरकार को भी इसके संवर्धन और संरक्षण पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है. जलोदर नामक रोग के लिए वरदान साबित होता है शिरीष का छाल, जिससे औषधीय निर्माण होता है.

**(औषधीय पौधा के खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार)**

**तस्वीर : अनिल कुमार पाठक**

## न चाय पीजिए और न कॉफी सुबह की शुरुआत करें इन पेय से

**इन दिनों स्वास्थ्य के प्रति हमारी सजगता बढ़ रही है और हम सुबह की शुरुआत की ऐसे पेय पदार्थ से करना चाहते हैं जो पाचन तो बेहतर रखे ही, अन्य छोटी मोटी शारीरिक समस्याओं को भी दूर करे. जब हम सुबह उठते हैं, तो हमारा मेटाबॉलिज्म धीमा होता है, जबकि पेट का पीएच लेवल ज्यादा होता है और हम डिहाइड्रेट होते हैं. ऐसे में कॉफी या चाय के साथ सुबह की शुरुआत करने पर स्थिति और खराब हो जाती है. यह भी तथ्य है कि रात भर के उपवास के बाद, हमारा पेट और आंत नरम हो जाते हैं और सुबह जो हम सबसे पहले खाते-पीते हैं, हमारा शरीर उससे अधिक पोषक तत्वों को अवशोषित कर सकता है. इसलिए सुबह की शुरुआत ऐसे पेय से करना बेहतर परिणाम दिलाता है. आइए, ऐसे ही कुछ ड्रिंक के फायदे और उसे बनाने के तरीके पर करें बात**

- दो कप पानी में एक चुटकी हल्दी, करीब 5 ग्राम अदरक, काली मिर्च मिलाकर उबाल लें. जब पानी आधा रह जाए तो इसे छानकर इसमें एक चम्मच शहद मिलाकर पिएं. सुबह की शुरुआत इस पेय पदार्थ से करने से पाचन, ब्लोटिंग आदि की समस्या दूर होती है. रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ती है.
- एक चम्मच धनिया और सौंफ का सेवन करें. दोनों को कूटकर रात को भिगो दें. सुबह उबालकर छानकर पी लें. इससे पाचन और बीपी ठीक रहता है.
- करीब डेढ़ कप पानी में एक चौथाई चम्मच अजवाइन और करीब पांच से आठ पुदीने के पत्ते को कूटकर डालें और पांच मिनट तक उबाल लें. अब इसे छानकर पिएं. पाचनतंत्र बेहतर होगा और ब्लोटिंग की समस्या कम होगी.
- नियमित रूप से आधा चम्मच अर्जुन की छाल, थोड़ा सा पुनर्नवा, और थोड़ा-सी ब्राह्मी को रात को भिगोकर सुबह उबालकर पीने से बीपी कंट्रोल रहता है.
- ताजा व्हीटग्रास का जूस सुबह खाली पेट लेने से पाचन में सुधार होता है. इसके अलावा वजन कम करने, त्वचा की बीमारियों को दूर करने, कोशिकाओं को डिटॉक्स करने, इम्यूनिटी बढ़ाने आदि में भी यह मददगार है. इसके नियमित सेवन से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर रहता है, थकान को कम करता है, गठिया का इलाज करता है और पाचन में सुधार करता है. ताजा व्हीटग्रास मिलने में दिक्कत हो तो ऑर्गेनिक व्हीटग्रास पाउडर का उपयोग कर सकते हैं.
- एक गिलास पानी में अदरक के टुकड़े डाल कर उबालें. गिलास में पानी निकाल कर आधी नींबू



निचोड़ कर डालें. अब इसमें एक बड़ा चम्मच शहद मिला कर सुबह-सुबह पीएं. यह पेय पाचन तंत्र को मजबूत करता है. इससे इम्यूनिटी बढ़ती है, त्वचा स्निग्ध होती है, और वजन भी कम होता है.

- एलोवेरा जेल को निकाल कर इसमें पानी मिलाएं और पिएं. बाजार में उपलब्ध एलोवेरा जूस का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे पाचन तंत्र दुरुस्त होता है, पेट साफ रहता है.
- एक चम्मच मेथी और एक चम्मच सौंफ को रात में पानी में भिंगो कर रख दें. सुबह खालीपेट इस पानी का सेवन करें. पाचन तंत्र दुरुस्त होगा.
- पेट के कीड़े की समस्या है, तो सुबह खाली पेट गुनगुने पानी के साथ जरा-सी हींग का सेवन करें, लाभ होगा.


### अधिक चाय-कॉफी से अनियमित होगी दिल की धड़कन

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने हाल ही में नई गाइडलाइंस जारी कर चाय और कॉफी ज्यादा मात्रा में नहीं पीने सलाह दी है. आईसीएमआर ने दूध वाली चाय सहित अत्यधिक मात्रा में कैफीन वाली ड्रिंक्स के सेवन पर भी चिंता जताई है. गाइडलाइन में कहा गया है कि भोजन के साथ या भोजन के तुरंत बाद चाय, कॉफी और अन्य कैफीन वाले पेय पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए. भोजन से कम से कम एक घंटा पहले या बाद में ही चाय पिएं. अध्ययन में बताया गया है कि कैफीन के सेवन से एनीमिया की आशंका बढ़ती है, ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है और दिल की धड़कन अनियमित हो सकती है. गाइडलाइंस में रोजाना 300 मिलीग्राम से ज्यादा कैफीन का सेवन ना करने की सलाह दी गई है.

### जानिए, आपके कप में है कितना कैफीन

एक कप चाय में 30 से 65 मिलीग्राम कैफीन होता है. 150 मिलीलीटर वाली एक कप ब्रूड कॉफी में 80 से 120 मिलीग्राम कैफीन होता है, जबकि इंस्टेंट कॉफी में 50 से 65 मिलीग्राम कैफीन होता है.

## ऐसे रखिए ख्याल, क्योंकि किडनी फिट तो हम भी हिट



डॉ मनीषा घई
सीनियर कंसल्टेंट डाइटीशियन

**हमारे बेहतर स्वास्थ्य के लिए किडनी का अच्छा काम करना जरूरी है. कई महत्वपूर्ण शारीरिक क्रियाओं के लिए किडनी बहुत महत्वपूर्ण है. किडनी का स्वास्थ कई चीजों पर निर्भर करता है. आइए जाने इसे प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक क्या हैं?**

**▪ हेल्दी हो खानपान**

जो भी हम खाते-पीते हैं, सभी को हमारी किडनी डाइजेस्ट करती है. खराब खान पान से किडनी से जुड़ी समस्याएं शुरू हो जाती है. साबुत अनाज, सब्जियों, ताजे फल, लो फैट या फैट फ्री डेयरी प्रोडक्ट आदि का सेवन पूरे शरीर के साथ किडनी के लिए भी बेहतर है. नमक और चीनी का कम से कम सेवन भी महत्वपूर्ण है. ऊपर से नमक लेने से भी बचना चाहिए. भोजन ताजा होना चाहिए, बासी भोजन नहीं लेना चाहिए. बहुत अधिक मांस मछली, और जंक फ़ूड के सेवन से बचना चाहिए.

**▪ प्रतिदिन की गतिविधि में शामिल हो व्यायाम**

एक्सरसाइज और शारीरिक गतिविधियां केवल वजन कम करने में ही सहायक नहीं, बल्कि इससे क्रॉनिक किडनी डिजीज जैसी कई बीमारियों की आशंका भी कम होती है. ब्लड प्रेशर की समस्या पर लगाम लगा कर यह दिल का दुरुस्त करता है. इन सब वजह से किडनी की समस्या से बचाव होता है. इसके लिए कोई मैराथन जीतने की दरकार नहीं, बस प्रतिदिन 30 मिनट की शारीरिक सक्रियता जैसे तेज कदम से चलना, साइकिलिंग, डांस, जॉगिंग आदि से भी काम के हैं. अपनी पसंद की कोई एक्टिविटी चयन करें और इसे नियमित दिनचर्या में शामिल करें.

**▪ पानी पर्याप्त**

दिनभर में पर्याप्त पानी पीना भी किडनी के स्वास्थ्य के




लिए बेहद जरूरी है. पर्याप्त पानी पीने से किडनी के क्रॉनिक डिजीज दूर रहते हैं. किडनी से टॉक्सिन और सोडियम निकालने में इससे सहूलियत होती है. आपके लिए कितना पानी पर्याप्त है, यह दरअसल आपकी लाइफ स्टाइल और आपकी शारीरिक सक्रियता पर निर्भर करती है. इसके अलावा, मौसम, व्यायाम, लिंग, प्रेग्नेंसी आदि भी इसे निर्धारित करते हैं. फिर भी करीब दो लीटर पानी तो कम से कम प्रतिदिन चाहिए ही.

**▪ ब्लड शुगर का नियंत्रण**

डायबिटीज या हाई ब्लड शुगर की अन्य शारीरिक स्थितियों के कारण किडनी डैमेज की समस्या अक्सर देखी जाती है. ब्लड में ग्लूकोज होता है तो किडनी को इसे फिल्टर करने के लिए कहीं अधिक मशक्कत करनी होती है. जब लंबे समय तक ऐसा करना होता है तो किडनी का स्वास्थ्य प्रभावित होता है. अगर हम अपने ब्लड सुगर को नियंत्रित रखें तो यह समस्या कम होती है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# स्पोर्ट्स+



टी-20 विश्वकप : विराट कोहली और रोहित शर्मा अंतिम विश्वकप में हिस्सा ले रहे हैं

# विराट-रोहित के पास आईसीसी ट्रॉफी दिलाने का अंतिम मौका

एजेंसी। बेंगलुरू

ऐसे दो क्रिकेटर मिलना मुश्किल है, जो एक-दूसरे से इतने अलग हों लेकिन फिर भी भाग्य के धागे से इतने करीब से जुड़े हों जैसे विराट कोहली और रोहित शर्मा. रोहित ने शीर्ष स्तर के क्रिकेट में शुरुआत 2007 में बेलफास्ट में की जबकि कोहली ने इससे एक साल बाद दांबुला में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला. एक साथ चले इस सफर का एक और दिलचस्प अध्याय संभवतः अगले महीने कैरेबियाई द्वीपों में समाप्त हो जाएगा. अगला टी20 विश्व कप 2026 में है जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे लेकिन तब रोहित 40 बरस के होने वाले होंगे और कोहली 38 वर्ष के होंगे. एकदिवसीय (50 ओवर) प्रारूप का विश्व कप इसके एक और साल बाद होगा. खेल की स्ट्राइक रेट से जुड़ी प्रकृति में लगातार इजाफा हो रहा है और इसे देखते हुए इन दोनों को इनमें से किसी में भी खेलते हुए देखना मुश्किल है. इसलिए रोहित और कोहली दोनों अगले महीने विजेता का पदक अपने गले में लटकाए मंच से विदा लेना चाहेंगे.



विराट कोहली और रोहित शर्मा (फाइल फोटो)

## ... तो दोनों का दूसरा विश्व खिताब होगा

अगर वे ऐसा कर पाते हैं तो यह 2007 टी20 विश्व कप (रोहित) और 2011 में 50 ओवर के विश्व कप (कोहली) के बाद उनका दूसरा विश्व खिताब होगा. और यह उन दो खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन विदाई होगी जिन्होंने पिछले 17 वर्षों में भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में काफी प्रभाव डाला. हालांकि कोहली-रोहित की कहानी आपसी सम्मान और इस जागरूकता पर आधारित है कि उन्हें एक-दूसरे के काम मे दखल नहीं देनी. कोहली ने अपने करियर की शुरुआत से ही रोहित के लिए उनके मन में जो प्रशंसा है, उसके बारे में बात की है.

कोहली ने 'ब्रेकफास्ट विद चैंपियंस' में कहा था, ''मैं एक खिलाड़ी के बारे में उत्सुकता से भरा हुआ था. लोग कहते रहते थे – 'यह एक ऐसा खिलाड़ी है जो तेजी से आगे बढ़ रहा है'. मुझे आश्चर्य होता था कि मैं भी एक युवा खिलाड़ी हूं लेकिन कोई मेरे बारे में बात नहीं करता, फिर यह खिलाड़ी कौन है.

## कोहली सभी प्रारूपों में अनुकूल बल्लेबाज

दोनों बल्लेबाजों में कोहली सभी प्रारूपों के अधिक अनुकूल बल्लेबाज हैं . जिन्होंने खेल के बदलते स्वरूप के साथ अधिक सहजता से अनुकूलन किया है .उन्होंने क्रिकेट की दुनिया में हर जगह रन बनाए हैं जो सचिन तेंदुलकर के सुनहरे दिनों के बाद शायद ही कभी देखा गया हो. रोहित ने सफेद गेंद के प्रारूपों में अपनी अलग पहचान बनाई लेकिन मुंबई का यह बल्लेबाज अपने करियर में अधिकांश समय टेस्ट क्रिकेट में वह सफलता हासिल नहीं कर पाया. करियर के दूसरे हाफ में सलामी बल्लेबाज की भूमिका में हालांकि रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन किया. लेकिन अभी के लिए कोहली और रोहित को टी20 विश्व कप में भारत के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रारूप में अपने विशाल अनुभव पर निर्भर रहना होगा .रोहित निश्चित रूप से पारी का आगाज करेंगे और अगर पिछले साल के विश्व कप और हाल ही में समाप्त हुए आईपीएल को संकेत माना जाए तो कप्तान अपना निस्वार्थ, आक्रामक रवैया जारी रखेंगे.

## रोहित शर्मा बड़े शॉट खेलने में हैं माहिर

रोहित में बड़े शॉट खेलने की क्षमता है जिससे उन्हें मदद मिलेगी. उनका एक पैर पर वजन डालकर पुल शॉट खेलना किसी को भी आकर्षित कर सकता है. लेकिन कोहली का खेल थोड़ा अलग है. वह कभी-कभार बड़ी हिट लगा सकते हैं लेकिन उन्हें अक्सर स्पिन के खिलाफ जूझना पड़ता है, विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ. टी20 में धीमे गेंदबाजों के खिलाफ उनका करियर स्ट्राइक रेट 120 के आसपास रहता है .कई बार इसने बीच के ओवरों में उनकी प्रगति में बाधा डाली लेकिन इस साल के आईपीएल के दौरान उन्हें इसका समाधान मिल गया.

## स्पिनरों के खिलाफ प्रदर्शन रहा है बेहतर

उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ स्लॉग स्वीप का इस्तेमाल किया. इसका उनके स्ट्राइक रेट पर अच्छा असर पड़ा क्योंकि कोहली ने 188 गेंदों पर 260 रन बनाए और स्पिनरों के खिलाफ 15 छक्के लगाए. स्पिन के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 139 तक पहुंच गया जो उनके आईपीएल के 124 के समग्र स्ट्राइक रेट से काफी बेहतर है. यह कोहली के लिए टी20 विश्व कप में काम आ सकता है जहां पिचों के टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ धीमा होने की उम्मीद है जिससे स्पिनरों की अहमियत बढ़ती जाएगी .क्रिकेट के दायरे से परे दोनों दिग्गजों का आईसीसी ट्रॉफी जीतने का अंतिम प्रयास करना व्यक्तिगत रूप से और टीम के लिए एक आकर्षक दृश्य होगा.

# सिंगापुर ओपन: पीवी सिंधू की जीत के साथ शुरुआत



सिंगापुर ओपन में शॉट लगातीं पीवी सिंधू.

एजेंसी। सिंगापुर

भारतीय शटलर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बुधवार को सिंगापुर ओपन 2024 के पहले दौर में डेनमार्क की लाइन होजमार्क काजेर्सफेल्ट के खिलाफ आसान जीत हासिल की. सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर के मैच में अपने डेनिश प्रतिद्वंद्वी को 21-12, 22-20 से हराया. यह मैच 44 मिनट तक चला. खेल में शुरू से ही सिंधू का दबदबा रहा. उन्होंने पहला सेट आसानी से 21-12 से जीता. दूसरे सेट में होजमार्क ने वापसी की कोशिश की, लेकिन सिंधू ने 22-20 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली.इससे पहले रविवार को सिंधू को मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में चीन की वांग झी यी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था. भारतीय शटलर महिला एकल के खिताबी मैच में अपने चीनी प्रतिद्वंद्वी से 21-16, 5-21 और 16-21 से हार गईं थीं. वहीं, वांग झी से मुकाबले से पहले मलेशिया मास्टर्स में सिंधू ने सेमीफाइनल मैच में बुसानन ओंगबामरुंगफान को 13-21, 21-16, 21-12 से हराया था. सिंधू 2023 स्पेन मास्टर्स के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थीं.

## ब्रीफ खबरें

### लिरेन से हारे प्रज्ञानानंदा वैशाली ने हंपी को हराया

**स्टावेंगर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में सामान्य टाइम कंट्रोल में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ ड्रॉ के बाद आर्मागेडोन (सडन डेथ) टाई ब्रेकर बाजी में शिकस्त का सामना करना पड़ा. इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में एक बार फिर सभी तीन क्लासिकल बाजियां ड्रॉ रहीं. मैग्नस कार्लसन, अलीरेजा फिरोजा और लिरेन ने इसके बाद सफेद मोहरों से आर्मागेडोन बाजी खेलते हुए जीत दर्ज की और 1.5 अंक जुटाए.

### भारत की अरूंधति ने प्री क्वाफा में बनाई जगह

**बैंकॉक।** गत राष्ट्रीय चैंपियन अरूंधति चौधरी ने बुधवार को यहां दूसरे मुक्केबाजी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में आसान जीत के साथ 66 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए. अरूंधति ने पुएर्टो रिको की स्टेफनी पाइनेइरो को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया जबकि नरेंदर को इक्वाडोर के गेरलोन गिलमार कॉन्गो चाला के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा.

### फ्रेंच ओपन: जोकोविच ने ह्यूजेस हर्बर्ट को हराया

**मोनशेनग्लाबाख (जर्मनी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को यूरोप दौरे पर जर्मनी के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा.मंगलवार को हुए इस मुकाबले में भारत के लिए योगेंबर रावत और गुरजोत सिंह ने गोल दागे. पहले क्वार्टर में कड़ा मुकाबला देखने को मिला. दोनों टीमों के पास पेनल्टी कार्नर के जरिए बढ़त बनाने का मौका था लेकिन दोनों टीमों को नाकामी हाथ लगी जिससे पहला क्वार्टर गोल रहित रहा. दूसरे क्वार्टर के पांचवें मिनट में ही जर्मनी ने मैदानी गोल के जरिए बढ़त बना ली.

भारत को टी-20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड पर कभी जीत नहीं मिली

# टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में भारत की राह में होंगे कई कांटे

एजेंसी। नयी दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत एक जून के अमेरिका और कनाडा के मैच के साथ होगी. इस बार टूर्नामेंट में 20 टीमें हिस्सा ले रही है और इसका फॉर्मेट पिछले टूर्नामेंट से काफी अलग है. 20 टीमों को इस बार 5-5 के चार ग्रुप में बांटा गया है. सभी टीमें अपने ग्रुप की अन्य 4 टीमों के खिलाफ एक-एक मुकाबला खेलेगी. अंत में टॉप-2 पर रहने वाली टीमों को सुपर-8 में एंट्री मिलेगी. भारतीय टीम को ग्रुप ए में रखा गया है.

**सुपर-8 की टॉप-2 को सेमीफाइनल में मिलेगी जगह :** अगर इनकी जगह कोई अन्य टीम सुपर 8 के लिए क्वालीफाई करती है, तो वे उस टीम की जगह ले लेगी जो यहां नहीं पहुंच पाएगी.

सुपर 8 में भी हर टीम अपने ग्रुप में एक बार दूसरों के साथ खेलेगी. यहां भी टेबल में टॉप-2 पर रहने वाली टीमों को सेमीफाइनल में जगह मिलेगी. सेमीफाइनल ग्रुप एक में पहले और ग्रुप 2 में दूसरे नंबर पर रहने वाली टीम के बीच होगा.वहीं दूसरा सेमीफाइनल ग्रुप 2 में टॉप पर रहने वाले टीम ग्रुप 1 के दूसरे नंबर की टीम से भिड़ेगी. अगर खराब मौसम के कारण कोई भी सेमीफाइनल नहीं हो पाता है, तो सुपर 8 में ऊपर रहने वाली टीम को फाइनल में जगह मिलेगी.



### सुपर-8 में भारत के सामने मुश्किल चुनौती

भारतीय टीम सुपर-8 में जगह बनाती है तो उसके सामने मुश्किल चुनौती रहने वाली है. यदि इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की टीम सुपर 8 में पहुंच जाती हैं, वहां उसके ग्रुप को पहले से निर्धारित कर दिया गया है. टीम टेबल में पहले या दूसरे नंबर पर रहेगी तो भी इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा. भारत के ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और श्रीलंका की टीम हो सकती है. भारत को टी-20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ कभी जीत नहीं मिली है.

### टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप इस प्रकार हैं

ग्रुप ए : भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, यूएसए
ग्रुप बी : इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड, ओमान
ग्रुप सी : न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान, युगांडा, पापुआ न्यू गिनी
ग्रुप डी : दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश, नीदरलैंड, नेपाल

### सुपर 8 ग्रुप ऐसा दिख सकता है

ग्रुप 1 : भारत, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, श्रीलंका
ग्रुप 2 : पाकिस्तान, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका

### सुपर-8 में भारत का संभावित शेड्यूल

भारत vs न्यूजीलैंड – 20 जून
भारत vs श्रीलंका – 22 जून
भारत vs ऑस्ट्रेलिया – 24 जून

# टी-20 विश्व कप : वार्मअप मैच में उलटफेर का शिकार हुई श्रीलंका



श्रीलंका के विरुद्ध विकेट लेने के बाद जश्न मनाते नीदरलैंड के खिलाड़ी.

### नीदरलैंड ने 20 रन से हराया

एजेंसी। फ्लोरिडा

नीदरलैंड्स ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले बड़ा उलटफेर कर दिया है. उसने वार्मअप मैच में 2014 के टी20 वर्ल्ड कप विजेता श्रीलंका को हरा दिया. दोनों टीमों का यह मुकाबला फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड पर खेला गया. श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. उनकी टीम को मुकाबले में 20 रनों से हार झेलनी पड़ी.

### नीदरलैंड के बल्लेबाजों का बल्ला बोला

नीदरलैंड ने इस मैच में बेहतरीन बैटिंग की. 20 साल के डच ओपनर माइकल लेविट ने शानदार प्रदर्शन किया और 28 गेंदों पर 55 रन बनाए. इसके बाद उन्होंने रिटायर होने का फैसला किया. उन्होंने अन्य बल्लेबाजों को मौका देने के लिए ऐसा किया. कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स और तेजा निदामनुरू ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया, दोनों ने 27 रन बनाए. इन पारियों की मदद से टीम निर्धारित ओवरों में 181/5 के कुल स्कोर तक पहुंच पाई. नुवान तुषारा और दिलशान मदुशंका ने अपने 4-4 ओवर के स्पेल में 48 और 39 रन दिए. हालांकि बाएं हाथ के स्पिनर दुनिथ वेलाल्गे ने 4 ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिए.

### गेंदबाजों के सामने नहीं चले श्रीलंका के बल्लेबाज

नीदरलैंड की सटीक बॉलिंग के सामने श्रीलंका का टॉप ऑर्डर लड़खड़ा गया. पथुम निसांका, कुसल मेंडिस और कामिंडू मेंडिस ने मिलकर 20 गेंदों पर केवल 14 रन बनाए. कप्तान वानिंदु हसरंगा ने 15 गेंदों पर 43 और दासुन शनाका ने 20 गेंदों पर 35* रनों की तेज पारी खेली. लेकिन इन दोनों के अलावा किसी का बल्ला नहीं चला और श्रीलंका की पारी नौ गेंद शेष रहते 161 रन पर ढेर हो गए. युवा ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने 20 रन देकर तीन विकेट झटके.

ऑफिस लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का लीग मैच

# सेल ने मेकॉन को हराया

संवाददाता। रांची

जेएससीए द्वारा आयोजित ऑफिस लीग टूर्नामेंट के एक मुकाबले में सेल रांची की टीम ने मेकॉन की टीम को बुरी तरह हराया. सेल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर ताबड़तोड़ 218 रन बनाये, जिसके जवाब में मेकॉन की टीम 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 160 रन ही बना पाई. सेल टीम के विकेटकीपर कप्तान पंकज कुमार ने सात छक्के और पांच चौके की मदद से 33 गेंदों में 80 रन बनाये. ओपनर शिखर मोहन ने 52 गेंदों पर 79 रन बनाये. इससे पहले सेल टीम लीग के पहले मैच में गुरदेव प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन की टीम को भी हरा चुकी है. सेल टीम का अगला मुकाबला रामसन डेवलपर्स की टीम से गुरुवार को होगा.



पंकज कुमार

# झारखंड ओपन पावरलिफ्टिंग, बेंचप्रेस डेडलिफ्ट प्रतियोगिता रांची में 23 जून को

संवाददाता। रांची

23 जून को रांची में बीस्ट क्लासिक के तत्वाधान में झारखंड ओपन पावरलिफ्टिंग, बेंचप्रेस, डेडलिफ्ट, आर्म रेसलिंग और पुशअप्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. प्रतियोगिता का आयोजन तुपुदाना के ब्लेसिंग्स बैंक्वेट हॉल में किया जायेगा. इसमें झारखंड के अलावा बाहर के भी खिलाड़ी हिस्सा ले पाएंगे. जिसमें पावरलिफ्टिंग, बेंचप्रेस और डेडलिफ्ट, पुशअप्स पुरुष वर्ग में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग और महिला ओपन वर्ग में खेला जाएगा. वहीं आर्म रेसलिंग केवल पुरुष वर्ग में खेला जाएगा. जीतने वालों को इनाम भी दिया जायेगा. इनाम के तौर पर नकद पुरस्कार होगा, जो पुरुष सीनियर में 10 हजार, जूनियर सब जूनियर और महिला वर्ग में 5-5 हजार निर्धारित किया गया है. इसके साथ ही प्रो वुल्फ ब्रांड का जूता, ट्रॉफी, मेडल और सर्टिफिकेट, शेकर, टी-शर्ट और भी गिफ्ट हैंपर दिए जायेंगे. प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर बॉडी बिल्डिंग में 8 बार जीतने वाले मिस्टर झारखंड प्रशांत सिंह, बॉडी बिल्डिंग में 5 बार मिस्टर झारखंड का खिताब जीतने वाले मन्नू रवि, राजीव रंजन, आदिल अख्तर, जीतेंद्र कुमार, जीशु प्रधान जी, रत्नेश कुमार, अविनाश कुमार, ओंकार मिश्रा, इमाम जी, आदित्य शामिल रहेंगे.




# टी-20 विश्वकप से पहले द. अफ्रीकी टीम में नस्ली कोटा पर बहस शुरू

- डिविलियर्स ने कहा– इसमें कुछ भी नया नहीं
- टीम में सिर्फ एक अश्वेत खिलाड़ी लुंगी एनगिडी

एजेंसी। नयी दिल्ली

एबी डिविलियर्स इस बात से हैरान नहीं हैं कि दक्षिण अफ्रीका के पहली बार विश्व कप जीतने के अभियान को शुरू करने से कुछ दिन पहले स्वदेश में सिर्फ टीम में नस्ली कोटा को लेकर बात चल रही है. इस तरह की स्थिति पहले भी रही है और 2018 में संन्यास लेने वाले डिविलियर्स को खुशी है कि अब वह इस स्थिति के महज दर्शक हैं.दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक डिविलियर्स ने एक न्यूज एजेंसी से कहा, 'इस पर ध्यान केंद्रित करते हुए टूर्नामेंट में जाना शर्मनाक है. मेरा मतलब है कि यह कोई नई बात नहीं है, यह सिर्फ एक शर्म की बात है.' चालीस साल के डिविलियर्स ने कहा, 'सौभाग्य से इस बार मेरा वहां कुछ भी लेना-देना नहीं है. मैं सिर्फ एक दर्शक हूं. एक जून से कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम में सिर्फ एक अश्वेत अफ्रीकी खिलाड़ी की मौजूदगी है.



एबी डिविलियर्स

### द. अफ्रीका का आठ जून को पहला मैच

द. अफ्रीका आठ जून को न्यूयॉर्क में नीदरलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा. वर्ष 2016 में शुरू की गई नीति के अनुसार एक सत्र के दौरान दक्षिण अफ्रीका की एकादश में छह अश्वेत खिलाड़ियों का होना जरूरी है जिसमें दो अश्वेत अफ्रीकी समुदाय के खिलाड़ी भी शामिल हैं. टी20 विश्व कप टीम में कागिसो रबादा एकमात्र अश्वेत अफ्रीकी हैं इसलिए राष्ट्रीय टीम अपने लक्ष्य से चूकने वाली है. एक अन्य अश्वेत अफ्रीकी लुंगी एनगिडी रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं.

### द. अफ्रीका के पास कोई चयन समिति नहीं

'फिलहाल क्रिकेट द. अफ्रीका के पास चयनकर्ताओं की कोई समिति नहीं है और टीम का चयन मुख्य कोच शुकरी कॉनराड (टेस्ट) तथा रॉब वॉल्टर द्वारा किया जाता है. डिविलियर्स ने कहा, 'कभी-कभी ऐसी चीजें होती हैं . यह आपको चयन पैनल और कोच तथा कप्तान के रूप में थोड़ा दबाव में डाल देती हैं.' उन्होंने कहा, 'जहां तक मुझे याद है यह कोटा प्रणाली के साथ एक औसत टीम है, पूरे सत्र में औसत प्रदर्शन और वे वास्तव में हर श्रृंखला को नहीं देखते हैं .

टी-20 विश्वकप अभ्यास मैच में मुख्य चयनकर्ता, मुख्य कोच व सहयोगी स्टॉफ मैदान में उतरे

# खिलाड़ियों की कमी से जूझ रही टीम ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी। पोर्ट ऑफ स्पेन

खिलाड़ियों की कमी के कारण ऑस्ट्रेलिया को नामीबिया के खिलाफ टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में मुख्य चयनकर्ता और मुख्य कोच सहित सहयोगी स्टाफ के चार सदस्यों को मैदान पर उतराना पड़ा लेकिन इसके बावजूद टीम ने आसान जीत दर्ज की.

ऑस्ट्रेलिया ने डेविड वार्नर की 21 गेंद में नाबाद 54 रन की पारी के अलावा फिट हो चुके जोश हेजलवुड (पांच रन पर दो विकेट) तथा लेग स्पिनर एडम जंपा (25 रन पर तीन विकेट) की प्रभावी गेंदबाजी से सात विकेट से जीत दर्ज की. टीम ने नामीबिया के 119 रन के लक्ष्य को 10 ओवर शेष रहते हासिल कर लिया. दो महीने लंबे आईपीएल में हिस्सा लेने के बाद पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, मिशेल स्टार्क, कैमरन ग्रीन, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल को स्वदेश में ब्रेक दिया गया है और ऐसे में मुख्य चयनकर्ता और पूर्व कप्तान जॉर्ज बैली तथा मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर उतरना पड़ा.

बैली और मैकडोनाल्ड के अलावा 46 साल के क्षेत्ररक्षण कोच आंद्रे बोरोवेच को भी क्षेत्ररक्षण के लिए आना पड़ा. ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. मार्श और हेजलवुड जब ड्रेसिंग रूम में लौटे तो मैकडोनाल्ड और 49 साल के बल्लेबाजी कोच ब्रेड हॉज को मैदान पर आना पड़ा.तीन महीने में अपना पहला मैच खेलने वाले हेजलवुड अच्छी लय में दिखे. हेजलवुड ने मंगलवार को मैच के बाद क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, 'बेशक हमारे पास पूरे खिलाड़ी नहीं थे लेकिन जो खिलाड़ी खेले उनमें से संभवतः कुछ को बड़े ब्रेक के बाद मैच खेलने की जरूरत थी.' ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान कमिंस, हेड और स्टार्क चेन्नई में रविवार को हुए आईपीएल फाइनल का हिस्सा थे.



वार्मअप मैच के दौरान ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच और चयनकर्ता.

### भारत ने किया विश्व चैंपियनशिप मैच की मेजबानी का दावा

**नयी दिल्ली।** भारत ने डी गुकेश और मौजूदा चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन के बीच इस साल नवंबर दिसंबर में होने वाले विश्व शतरंज चैम्पियनशिप मुकाबले की मेजबानी की दावेदारी कर दी है . सत्रह वर्ष के गुकेश पिछले महीने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने . वह 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच लिरेन का सामना करेंगे और अगर भारत को मेजबानी मिल जाती है तो यह मुकाबला चेन्नई में होगा . फिडे के सीईओ एमिल सुतोवस्की ने पीटीआई से कहा ,'' हमें भारत से मेजबानी की दावेदारी मिल गई है .' अभी तक किसी और ने दावेदारी नहीं की है और इसके लिये समय सीमा 31 मई तक की है .

▼ ब्रीफ खबरें

## लूटकांड का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**भागलपुर ।** जिले के घोंघा थाना क्षेत्र के विषहरी स्थान के पास बीते 26 मई को हुए लूटकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है. उक्त आशय की जानकारी बुधवार को सिटी एसपी श्रीराज ने दी. सिटी एसपी ने बताया कि घोघा थानान्तर्गत विषहरी स्थान के पास 26 मई को भागलपुर के एक व्यक्ति के साथ तीन-चार अज्ञात अपराधियों द्वारा 5 लाख 50 रुपया लुट लिया गया था. गिरफ्तार अभियुक्तों में पिंटू मंडल उर्फ पिन्टा और दो विधि विरूद्ध बालक शामिल है. पिंटू मंडल का आपराधिक इतिहास रहा है.

## यौन शोषण मामले में बीस साल की सजा

**अररिया।** अररिया अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश षष्टम सह पॉस्को मामलों के विशेष न्यायाधीश अजय कुमार के कोर्ट ने साढ़े तीन साल पुराने मामले में प्रेमी को बीस साल की सश्रम कारावास की सजा और 50 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है. मामला प्रेम जाल में नाबालिग लड़की को फंसा कर गर्भवती बनाने के बाद प्रेमी द्वारा उसका गर्भपात कराने का है. सजा सुनाया जाने वाला प्रेमी ताराबाड़ी थाना क्षेत्र के देवनारायण सिंह के 27 वर्षीय पुत्र त्रिलोक कुमार है. हालांकि मामले में दोषी ठहराए गए पिता को भी आरोपित किया गया था लेकिन साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने पिता को बरी कर दिया.

## औरंगाबाद में पेड़ से लटका मिला शव

**औरंगाबाद ।** औरंगाबाद के हसपुरा थाना क्षेत्र के टाल टोला के रामजीवन बिगहा में एक 21 वर्षीय युवक की पेड़ में टंगी लाश को पुलिस ने बरामद की है. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया है. पुलिस को पेड़ से लटके शव की सूचना ग्रामीणों ने दी. मामला प्रेम प्रसंग में हुई हत्या का बताया जा रहा है. युवक की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के चनहट गांव निवासी लाल मोहन चौधरी के पुत्र रूपेश कुमार के रूप में की गई है. सदर अस्पताल में पुलिस के साथ रूपेश के शव का पोस्टमार्टम कराने आए उसके पिता ने बताया कि उनका पुत्र सोमवार की शाम छह बजे घर से निकला था.

### राजनाथ सिंह ने काराकाट लोस क्षेत्र से राजग उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में किया चुनावी सभा, बोले-

# जब बत्ती भभकती है तब लोग समझ जाते हैं लालटेन बुझेगी

- हमसे अधिक महंगाई अमेरिका में है, पाकिस्तान और श्रीलंका में तो महंगाई दर काफी अधिक है.

**संवाददाता ।पटना**


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

बिहार में काराकाट लोकसभा क्षेत्र से राजग उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में बुधवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राजद की लालटेन कितनी रोशनी देगी. ज्यादा से ज्यादा एक कमरे में रोशनी दे सकती है. लालटेन का तेल अब समाप्त हो रहा है. जब बत्ती भभकती है तब लोग समझ जाते हैं कि लालटेन बुझने वाली है. राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने 52 वर्षों तक हुकूमत की. इसके बाद भी भारत को जहां ले जाना चाहिए था नहीं ले जा सकी. आज भारत दुनिया के मंचों पर बोलता है तो दुनिया कान खोल कर सुनती है. ये हैसियत बनी है. उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे कम यदि महंगाई है तो वह भारत में है. खाद्य महंगाई सबसे कम है. हमसे अधिक महंगाई अमेरिका में है. पाकिस्तान और श्रीलंका की महंगाई दर तो काफी अधिक है. उन्होंने महंगाई दर के आंकड़े भी जारी किए. रक्षा मंत्री ने कहा कि आप हमारी बात को काट सकते हैं तो काट दीजिए. गलती होगी तो स्वीकार कर लूंगा. हमलोगों ने जो कहा वो किया. धारा 370 खत्म करने की बात कही वो करके दिखाया. भारत में राम राज्य का आगाज होकर रहेगा. जिस दिन लोगों को अपने कर्तव्य का बोध हो जायेगा उसी दिन मान लूंगा कि भारत में राम राज्य आ गया. हम धर्म की राजनीति नहीं, बल्कि इंसाफ और इंसानियत की करते हैं. किसी धर्म के लोगों की मां बहन बेटी हमारी भी मां बहन बेटी है.

राजनाथ सिंह ने कहा कि हम सत्ता में हैं लेकिन शासक के रूप में नहीं, बल्कि सेवक के रूप में काम करते हैं. दूसरे दल के लोग शासक बन जाते हैं. आज भारत की ताकत यह कि सीमा के इस पार मारते ही हैं, जरूरत पड़ी तो सीमा के उस पार भी जाकर मार सकते हैं. शादी-ब्याह रिश्ता जाति के आधार पर होती है. कोई दूसरी जगह भी कर लेता है, तो कोई आपत्ति नहीं लेकिन राजनीति देश के लिए होती है. आप सभी देश के लिए वोट दें. साथ ही कहा कि अब देश में आतंकवादी घटनाएं न के बराबर होती हैं. सब बंद है.

### पत्रकारों से बातचीत में बोले चिराग पासवान

# झूठ-भ्रम फैलाने वाले चार जून के बाद मटन पार्टी ही करेंगे

**संवाददाता ।पटना**

बिहार में भीषण गर्मी के बीच सियासी तापमान भी बढ़ा हुआ है. क्योंकि,



राज्य में आखिरी चरण का चुनाव एक जून को होगा. इस बीच पटना में पत्रकारों से बातचीत में बुधवार को चिराग पासवान ने तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की लंच पार्टी पर तंज कसा. चिराग ने कहा कि चार जून अब अधिक दूर नहीं है. एनडीए बिहार की सभी 40 सीटों सहित देशभर में 400 सीटें जीत रही है लेकिन जो लोग झूठ और भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं वे अब मीट और मटन पार्टी ही करेंगे. क्योंकि, उनके पास कोई और काम बचेगा ही नहीं.

उन्होंने पीएम मोदी को लेकर कहा कि भगवान ने और इस देश के 140 करोड़ जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद दिया है. इस आशीर्वाद का देन है कि आज उन्होंने देश की जनता को मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है लेकिन यह बात कांग्रेस या विपक्षी गठबंधन वाले नहीं समझ पाएंगे.

### मुजफ्फरपुर से 13 मई को तीन लड़कियां लापता हुई थीं

# मथुरा में लापता तीन लड़कियों ने ट्रेन से कटकर कर ली खुदकुशी

**संवाददाता ।पटना**

मुजफ्फरपुर (योगिया मठ इलाका) से 13 मई को एक साथ तीन लड़कियां लापता हुई थीं. तीनों लड़कियों ने यूपी के मथुरा में ट्रेन से कटकर एकसाथ आत्महत्या कर ली है. बताया जाता है कि इनमें से एक लड़की ने अपने घर पर एक पत्र छोड़ा था, जिस पर लिखा था कि हम परमात्मा से मिलने जा रहे हैं, हमें खोजने की जरूरत नहीं है. मथुरा में तीन शव मिलने के बाद अब पुलिस इस मामले को सुलझाने की कवायद में जुट गयी है.

लड़की ने पत्र में लिखा है कि हम लोगों को बाबा ने बुलाया है. हम लोग हिमालय जा रहे हैं. हमें खोजने की कोशिश न करें. यदि खोजने की कोशिश की गयी तो जहर पी लेंगे. हम लोगों ने जहर खरीद लिया है. 13 मई को मुजफ्फरपुर के योगिया मठ इलाके की रहने वाली तीन लड़कियों के अचानक गायब हो जाने से तीनों के घरवाले काफी परेशान हो गये. घटना के 10 दिन बाद नगर थाना में एफआईआर दर्ज की गयी. पुलिस ने छानबीन शुरू की तो. लड़कियों के फोन की लोकेशन उत्तर प्रदेश में मिली.



**पुलिस को तीनों मृतकों के हाथ पर मेहंदी लगी मिली :** पुलिस उनकी तलाश में लगी हुई थी कि 26 मई को एक खबर मिली कि यूपी के मथुरा में बाजना पुल के पास रेलवे ट्रैक पर तीन लड़कियों के शव बरामद हुए हैं. पुलिस को तीनों मृतकों के हाथ पर मेहंदी लगी मिली. एक किशोरी के हाथ पर मेंहदी से एसबीजी लिखा हुआ मिला. उनके कपड़ों से मुजफ्फरपुर के टेलर का टैग लगा हुआ मिला. जिसके बाद आशंका जताई गयी कि तीनों लड़कियां बिहार की रहने वाली हैं. यह सूचना मिलने के बाद मुजफ्फरपुर पुलिस की एक टीम परिजनों को लेकर मथुरा पहुंची.

**तीनों का अंतिम संस्कार मथुरा में कर दिया गया :** तीनों शवों की परिजन ने पहचान कर ली. मृत छात्राओं के नाम माया, गौरी और माही बताया गया. जानकारी के अनुसार घर से निकलने के समय माया और माही के पास मोबाइल थे. हालांकि मथुरा में रेलवे ट्रैक से शव के पास मोबाइल नहीं मिले. उनके बैग एवं अन्य सामान ट्रैक के पास ही पाये गये. मंगलवार शाम शिनाख्त और पोस्टमार्टम के बाद तीनों का अंतिम संस्कार मथुरा में ही कर दिया गया.

**मालगाड़ी के पायलट ने कहा, आपस में हाथ पकड़े तीनों आ गयी ट्रेन के सामने :** मालगाड़ी के पायलट शिव कुमार घटना का चश्मदीद गवाह है. उसने ने पुलिस को बताया है कि वह मथुरा-दिल्ली रूट पर ट्रेन ले जा रहा था, तभी तीनों छात्राएं एक दूसरे का हाथ पकड़कर सामने आ गयी. ट्रेन लगभग 90 मीटर की दूरी पर रही होगी. शिव कुमार ने कहा कि उसने ब्रेक लगाये, लेकिन ट्रेन वहां नहीं रुक सकी और तीनों ट्रेन से कट गईं. ट्रेन रुकने के बाद गार्ड ने उतरकर देखा तो तीनों की मौत हो चुकी थी.

## गया में चलती ट्रेन के सामने आई युवती, हालत गंभीर

**गया ।** गया में पटरी पर चली आ रही ट्रेन के सामने आई युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी. घटना की सूचना के बाद रेल पुलिस मौके पर पहुंच कर घायल युवती को अपने कब्जे में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया. जहां डाक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है. लेकिन, युवती की हालत नाजुक है. लोगों का मानें तो युवती आत्महत्या करने के लिए ट्रेन के सामने आई थी. युवती की हालत नाजुक बनी हुई है. मिली जानकारी के मुताबिक गया-कोडरमा ग्रैंडकॉर्ड रेलखंड पर बुधवार की अहले सुबह एक युवती ट्रेन की चपेट में आ गई. उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है.

# पांच लड़कों ने किया महिला से गैंगरेप

### पीड़ित महिला का वीडियो बनाया, दे रहा था धमकी

**संवाददाता ।मधुबनी**

मधुबनी जिले के झंझारपुर थाने क्षेत्र से मानवता को तार-तार कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां दो बच्चों की मां के साथ गैंगरेप की बड़ी घटना को अंजाम दिया गया. मामला एक हफ्ते पहले का बताया जा रहा है. जिसमें तीस वर्षीय विवाहित महिला के साथ पांच आवारा लड़कों ने सामूहिक बलात्कार किया. साथ ही बलात्कार के आरोपियों ने मोबाइल से वीडियो भी बनाया और पीड़ित महिला को वीडियो वायरल कर देने की धमकी दी.

पुलिस अब मामले की जांच में जुटी है. आरोपी ने पीड़ित महिला को धमकी दिया कि अगर इस बात की शिकायत पुलिस या अन्य लोगों से की तो यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाएगा. तुम्हारे साथ बहुत बुरा होगा. थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में पुलिस को आवेदन मिलने के बाद पीड़िता का मेडिकल भी कराया गया है. साथ ही पुलिस की कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. अन्य चार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी के साथ छानबीन जारी है.

**घर लौट रही महिला को दो लड़के बाइक से उठा ले गये थे**

वारदात 21 मई की रात की बताई गई है. घटना उस वक्त हुई जब रात को काम खत्म करके पीड़ित महिला अपने घर जा रही थी, तभी झंझारपुर के लगड़ा चौक से दो लड़के जबरन महिला के मुंह पर रूमाल रख कर बाइक पर बैठा कर सुनसान जगह पर ले गए. वहां पर तीन लड़के पहले से ही मौजूद थे. वायरल वीडियो में सभी आरोपियों की उम्र 20-25 साल है. सभी दरिंदों ने महिला के साथ सामूहिक बलात्कार किया और फिर वीडियो भी बना लिया. पीड़िता ने सामाजिक लोकलज्जा के कारण 21 तारीख मंगलवार से लेकर 27 तक घटना को छुपाया और घर से बाहर नहीं निकली, लेकिन जब अपराधियों ने वीडियो को वायरल कर दिया.

## जदयू मीडिया सेल के जिलाध्यक्ष समेत 53 लोगों पर सीसीए लगा

**नालंदा ।** लोकसभा चुनाव को लेकर नालंदा जिला प्रशासन की ओर से सीसीए के तहत 53 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है. इसमें दो लोग जिला बदर किए गए हैं. नालंदा के डीएम शशांक शुभंकर की ओर से यह निर्णय लिया गया है. 53 लोगों में जदयू के एक नेता का भी नाम है जिसको लेकर चर्चा हो रही है. जदयू मीडिया सेल के जिलाध्यक्ष रिशु कुमार पर भी सीसीए के तहत कार्रवाई हुई है. नालंदा में अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है.

## कोर्ट ने तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा पर लगाई रोक

**पटना ।** पटना हाईकोर्ट ने तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा पर फिलहाल रोक लगा दी है. इतना ही नहीं कोर्ट ने प्लस 2 स्कूल के अतिथि शिक्षक को वेटेज देने के मामले पर आदेश जारी किया है. कोर्ट ने हर साल के आधार पर पांच नंबर और पांच साल के आधार पर 25 नंबर को महत्व देने का आदेश दिया है. कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि पिछड़ा और अति पिछड़ा विभाग के शिक्षकों को वेटेज मिल रहा है. बिहार लोक सेवा आयोग की ओर ली गई शिक्षक भर्ती में इन्हें हर साल के आधार पर पांच नंबर का वेटेज मिलता है. अतिथि शिक्षक और पिछड़ा व अति पिछड़ा विभाग के शिक्षक दोनों पढ़ाने का ही काम करते हैं. इसलिए अतिथि शिक्षक को भी वेटेज मिलना चाहिए. बता दें कि तीसरे चरण में 87, 722 पदों पर वैकेंसी निकली थी. 15 मार्च को बीपीएससी ने परीक्षा लिया था. इसके बाद पेपर लीक होने के आरोप लगा. जांच के बाद 20 मार्च को बिहार लोक सेवा आयोग ने तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया.

## कारोबार

## सुजलॉन को मिला विंड एनर्जी प्रोजेक्ट का ठेका

**नयी दिल्ली ।** सुजलॉन समूह को आदित्य बिड़ला समूह से 551.25 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है. सुजलॉन समूह ने एक बयान में कहा कि यह परियोजना राजस्थान और गुजरात में दो स्थानों पर क्रियान्वित की जाएगी. सुजलॉन समूह के वाइस चेयरमैन गिरीश तांती ने कहा कि हमें इस ठेके के लिए आदित्य बिड़ला समूह के साथ एक बार फिर साझेदारी करके खुशी है. आदित्य बिड़ला समूह के साथ सुजलॉन राष्ट्र निर्माण के मूल्य को साझा करता है.

## यूलर ने अतिरिक्त 200 करोड़ रुपये जुटाए

**नयी दिल्ली ।** इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता कंपनी यूलर मोटर्स ने 'सीरीज सी' वित्त पोषण चक्र में अतिरिक्त 200 करोड़ रुपये जुटाए हैं. कंपनी ने एक बयान में कहा, ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट, ब्लूम वेंचर और नए निवेशक पिरामल अल्टरनेटिव्स इंडिया एक्सेस फंड जैसे मौजूदा निवेशकों ने इस वित्त पोषण चक्र का नेतृत्व किया. बयान में कहा गया, कंपनी ने 'सीरीज सी' वित्त पोषण चक्र में निवेशकों से कुल 570 करोड़ रुपये जुटाए हैं.

## डेलॉइट ने खोला फिजिटल नावाचार केंद्र

**बेंगलुरु ।** सबसे बड़े व्यावसायिक सेवा नेटवर्क डेलॉइट ने बेंगलुरु में अपनी तरह का पहला 'फिजिटल' नवाचार केंद्र खोला है. यह फिजिटल (फिजिकल डिजिटल) नवाचार केंद्र व्यवसायों को लागत कम करने और दक्षता बढ़ाने में मदद करने के लिए क्षेत्र-विशिष्ट समाधान प्रदान करता है. डेलॉयट इंडिया के साझेदार और रणनीति, नवाचार व संपत्ति प्रमुख अश्विन वेलोडी ने कहा कि नवाचार एवं प्रौद्योगिकी केंद्र (डीसीआईटी) का मकसद ग्राहकों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नए तथा टिकाऊ तरीके खोजने में मदद करना और 'नवाचार की संस्कृति' को बढ़ावा देना है. वेलोडी ने कहा कि डीसीआईटी एक प्रौद्योगिकी-आधारित परियोजना है. यह केंद्र 12,500 वर्ग फुट में फैला हुआ है.

### रिलायंस हर महीने तीन मिलियन बैरल रूसी कच्चे तेल का आयात करेगी

# रिलायंस ने रोसनेफ्ट से मिलाया हाथ

**भाषा ।नयी दिल्ली**

आज दुनियाभर में कच्चे तेल की भारी मांग है. इस मामले में रूस कच्चा तेल का बड़ा केंद्र माना जाता है. यही वजह है कि चाहे भारत हो या पश्चिमी देश सभी कच्चे तेल के लिए रूस की तरफ नजर गड़ाए रहते हैं. यह अलग बात है कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे जंग के बीच अमेरिका और यूरोपीय देशों के लिए रूस से तेल सीधा खरीदने का रास्ता बंद है. तेल की इसी मांग को देखते हुए भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज ने रूस की कंपनी रोसनेफ्ट के साथ एक साल के लिए करार किया है. इस करार के तहत रिलायंस हर महीने कम से कम तीन मिलियन बैरल रूसी कच्चा तेल (क्रूड ऑयल) का आयात करेगी. पेमेंट रूस की करेंसी रूबल में किया जाएगा. तेल उत्पादक देशों के समूह ओपेक दो जून को मीटिंग करेंगे. इसमें ये तेल सप्लाई में कटौती जारी रखने कर निर्णय ले सकते हैं. ऐसे में रिलायंस इंडस्ट्रीज को इस डील की वजह से रियायती कीमत पर तेल मिलते रहने में मदद मिलेगी.

जहां तक रिलायंस इंडस्ट्रीज की बात है तो यह मार्केट कैप के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी है. कंपनी का मार्केट कैप 19.69 लाख करोड़ रुपए है. वहीं रोसनेफ्ट भी रूस की तीसरी बड़ी कंपनी है. इसका मार्केट कैप करीब 7 लाख करोड़ रुपए (85 बिलियन डॉलर) है. ऐसे में दो बड़ी कंपनियों का तालमेल किसी कारोबार को गति देने के लिए बेहतर माना जा सकता है. वहीं भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता देश है. 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिमी देशों ने रूस से तेल खरीदने पर बैन लगा दिया था. इसके बाद से भारत रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया है. भारत ने रूसी कच्चे तेल के लिए रुपये, दिरहम और चीन की करेंसी युआन में भी भुगतान किया है.




**रोसनेफ्ट रूसी संघ की सबसे बड़ी तेल उत्पादक कंपनी है**

बता दें कि रोसनेफ्ट रूस के सभी प्रमुख तेल और गैस क्षेत्रों में परिचालन करती है. जिनमें पश्चिमी और पूर्वी साइबेरिया, वोल्गा क्षेत्र, यूराल, सुदूर पूर्व, तिमानो-पेचोरा, क्रास्नोडार क्राय और रूसी अपतटीय क्षेत्र शामिल हैं. रोसनेफ्ट रूसी संघ की सबसे बड़ी तेल उत्पादक कंपनी है. कुल उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी 40% से अधिक है. वर्ष 2022 में कंपनी का तरल उत्पादन 5.10 मिलियन बीओई प्रतिदिन तक पहुंच गया था. इसी समय, क्यू4 2022 में सखालिन-1 परियोजना में उत्पादन फिर से शुरू होने के कारण, औसत दैनिक हाइड्रोकार्बन उत्पादन बढ़कर 5.50 मिलियन बीओई हो गया. रोसनेफ्ट रूस में सबसे बड़े स्वतंत्र गैस उत्पादकों में से एक है.

**किया करार**

- पेमेंट रूस की करेंसी रूबल में किया जाएगा
- रिलायंस का मार्केट कैप 19.69 लाख करोड़ रु.
- रोसनेफ्ट का मार्केट कैप 7 लाख करोड़ रुपये

एक आंकड़े के मुताबिक भारत ने 2020 में रूस से अपनी जरूरत का सिर्फ 2% कच्चा तेल खरीदा था. रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने से ठीक पहले 2021 में टोटल सप्लाई 16% हो गई और 2022 में सप्लाई बढ़कर 35% तक पहुंच गई. फिलहाल भारत रूस से अपनी जरूरत का 40% क्रूड ऑयल खरीद रहा है. भारत की टोटल व्यापार वैल्यू में क्रूड ऑयल का हिस्सा एक तिहाई है. यानी भारत जो कुछ भी बाहर से इंपोर्ट करता है उसका करीब एक तिहाई हिस्सा क्रूड ऑयल होता है. बता दें कि यूक्रेन के साथ युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगा दिया था. इसका फायदा दुनिया में क्रूड ऑयल के तीसरे सबसे बड़े इंपोर्टर भारत ने उठाया और यूरोप की जगह रूस से तेल का इंपोर्ट बढ़ा दिया था.

## सिस्टम इंजीनियर के लिए रोजगार के अवसर हैं: लिंक्डइन

**नयी दिल्ली ।** नए स्नातकों के लिए डिजाइन, एनालिटिक्स और प्रोग्रामिंग जैसे कौशल करियर में ढेरों अवसर खोल सकते हैं. अग्रणी पेशवर नेटवर्क लिंक्डइन के अनुसार, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, सिस्टम इंजीनियर और प्रोग्रामिंग विश्लेषक में स्नातक डिग्री धारकों के लिए रोजगार के प्रमुख अवसर हैं. लिंक्डइन की करियर स्टार्टर 2024 रिपोर्ट के अनुसार, स्नातक डिग्री वाले युवा पेशेवरों के लिए यूटिलिटी सबसे तेजी से बढ़ने वाला उद्योग है. नए स्नातकों को नियुक्त करने वाले अन्य शीर्ष उद्योगों में तेल, गैस व खनन, रियल एस्टेट, उपकरण किराया सेवाएं और उपभोक्ता सेवाएं शामिल हैं. रिपोर्ट में कहा गया, शैक्षिक पृष्ठभूमि से परे विभिन्न नौकरियां तेजी से बढ़ रही हैं. सामुदायिक व सामाजिक सेवा, कानूनी, विपणन और मीडिया व संचार जैसे क्षेत्रों में स्नातक डिग्री धारकों के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं. लिंक्डइन करियर विशेषज्ञ एवं भारत की वरिष्ठ प्रबंध संपादक निराजिता बनर्जी ने कहा कि नौकरी बाजार में प्रवेश करना कठिन हो सकता है...खासकर करियर की शुरुआत में. उद्योग के रुझानों और मांग वाली नौकरियों से जुड़ी जानकारी से अवगत रहना तथा उन भूमिकाओं की खोज करना जो पहली बार में स्पष्ट नहीं लगतीं, विकल्पों को बढ़ा सकता है.

# एसएंडपी ग्लोबल ने भारत की रेटिंग को सकारात्मक किया

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत के साख (रेटिंग) परिदृश्य को 'स्थिर' से बढ़ाकर 'सकारात्मक' कर दिया है. साथ ही मजबूत वृद्धि और सरकारी व्यय की बेहतर गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग को 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा गया है. एसएंडपी ने कहा कि यदि भारत सतर्क राजकोषीय और मौद्रिक नीति अपनाता है जिससे सरकार के बढ़े हुए कर्ज तथा ब्याज के बोझ में कमी आती है और आर्थिक जुझारू क्षमता बढ़ती है तो वह अगले दो साल में भारत की साख को बढ़ा सकती है. एसएंडपी ने कहा कि सकारात्मक परिदृश्य हमारे इस दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है कि निरंतर नीतिगत स्थिरता, गहन आर्थिक सुधार तथा उच्च बुनियादी ढांचा निवेश दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं को बनाए रखेंगे. एसएंडपी ने भारत के लिए परिदृश्य को 'स्थिर' से संशोधित कर 'सकारात्मक' कर दिया है. साथ ही 'बीबीबी-' दीर्घकालिक और 'ए-3' अल्पकालिक विदेशी तथा स्थानीय मुद्रा सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग की पुष्टि की है.

# यूनिवर्सल वल्कन लाएगी 30 लियोनार्डो हेलीकॉप्टर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



यूनिवर्सल वल्कन एविएशन भारतीय बाजार विस्तार के लिए तैयार है और अगले तीन साल में देश में 30 लियोनार्डो हेलीकॉप्टर लाएगी. यूनिवर्सल वल्कन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (यूवीए) इटली स्थित लियोनार्डो हेलीकॉप्टर्स की भारत में वितरक है. दिल्ली स्थित यह कंपनी अगले तीन वर्षों में कुल 30 हेलीकॉप्टर लाएगी, जिनमें 16 नए और 14 पहले इस्तेमाल किए गए होंगे. यूवीए के बिक्री निदेशक करण सेठी ने बताया कि वर्तमान भारतीय बाजार विस्तार के लिए तैयार है और एकल तथा दोहरे इंजन दोनों में उसका उत्पाद खंड फलता-फूलता रहेगा. यूवीए के साझेदार हरिंदर जीत सिंह कम्मार ने कहा कि शीघ्र ही पेश किए जाने वाला एडब्ल्यू09 मॉडल एकल इंजन वाले भारतीय बाजार के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी मॉडल साबित होगा. इसका उद्देश्य अपनी कुशल वितरण प्रक्रिया के साथ शीघ्र डिलीवरी सुनिश्चित करना है.

**खंडन**

### पेटीएम में हिस्सेदारी खरीदने और बेचने के मामले से दोनों ने किया इनकार

# इस अटकलबाजी का खंडन करते हैं: अडाणी ग्रुप

**भाषा ।नयी दिल्ली**

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि वह अडाणी समूह को हिस्सेदारी बेचने के लिए कोई बातचीत नहीं कर रही है. अडाणी समूह ने भी ऐसी खबरों को गलत और असत्य करार दिया है. वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पास पेटीएम का स्वामित्व है. उद्योगपति गौतम अडाणी के पेटीएम में संभावित हिस्सेदारी खरीदने के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा के साथ बातचीत करने संबंधी खबरों पर वन97 कम्युनिकेशंस ने कहा कि यह केवल अटकलें हैं. कंपनी इस संबंध में कोई बातचीत नहीं कर रही है.




दूसरी ओर अडाणी समूह के प्रवक्ता ने कहा कि हम इस आधारहीन अटकलबाजी का स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं. यह पूरी तरह से गलत और असत्य है. मार्च के अंत तक विजय शेखर शर्मा के पास व्यक्तिगत हैसियत से पेटीएम की 9.1 प्रतिशत हिस्सेदारी थी. विदेशी संस्था रेजिलिएंट एसेट मैनेजमेंट के जरिए उनके पास 10.3 प्रतिशत हिस्सेदारी थी. नियमों के उल्लंघन के कारण अपनी बैंकिंग इकाई को बंद करने के बाद से पेटीएम ने अपना करीब आधा बाजार मूल्य खो दिया है. इसके बाद से अधिग्रहण के संबंध में लगातार अटकलें लगाई जा रही हैं. फरवरी में ऐसी खबरें आई थीं कि कंपनी अरबपति मुकेश अंबानी की जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के साथ बातचीत कर रही है, लेकिन दोनों ही कंपनियों ने इससे इनकार किया था. पेटीएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उपर्युक्त विषय के संदर्भ में हम स्पष्ट करते हैं कि उपर्युक्त खबर अटकलबाजी है और कंपनी इस संबंध में किसी भी चर्चा में शामिल नहीं है. बता दें कि एक समाचार पत्र ने अपनी खबर में दावा किया था कि अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी वन97 कम्युनिकेशंस में हिस्सेदारी खरीदना चाहते हैं और शर्मा ने अहमदाबाद स्थित उनके कार्यालय में उनसे मुलाकात की. भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फास्टैग में जमा, क्रेडिट लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से 15 मार्च से रोक दिया था. फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया.

**पेटीएम अडाणी**

- वन 97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है
- वन97 ने कहा- अडाणी से हिस्सेदारी बेचने की बात नहीं

# एसजेवीएन का मुनाफा दोगुना से 61.08 करोड़ रुपये अधिक हुआ

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एसजेवीएन का मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत मुनाफा दोगुना से अधिक बढ़कर 61.08 करोड़ रुपये हो गया है. असाधारण आय की वजह से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है. बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने यह जानकारी दी. कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 17.21 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था. कंपनी के वित्तीय परिणामों में तिमाही के दौरान 103.84 करोड़ रुपये का असाधारण लाभ दिखाया है. हालांकि, कंपनी की कुल आय एक साल पहले की समान अवधि के 582.78 करोड़ रुपये से घटकर 573.23 करोड़ रुपये रह गई. पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का एकीकृत शुद्ध मुनाफा एक साल पहले के 1,359.30 करोड़ रुपये से घटकर 911.44 करोड़ रुपये रह गया.

▼ ब्रीफ खबरें

## थाईलैंड के पूर्व पीएम पर चलेगा मुकदमा

**बैंकॉक ।** थाईलैंड के अभियोजकों ने बुधवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन शिनवात्रा पर अन्य आरोपों में पैरोल पर रिहा होने के तीन महीने बाद राजशाही को बदनाम करने के लिए मुकदमा चलाया जाएगा. अटॉर्नी जनरल कार्यालय के एक प्रवक्ता प्रयुत बेजरागुना ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि थकसिन पर अभी अभियोग नहीं चलाया जाएगा क्योंकि उन्होंने बुधवार को इस सबूत के साथ अदालत में अपनी पेशी स्थगित करने का अनुरोध किया है कि वह कोविड-19 से संक्रमित हैं.

## द. अफ्रीका में चुनाव के लिए मतदान जारी

**केपटाउन ।** दक्षिण अफ्रीका में बुधवार को आम चुनाव के लिए मतदान प्रारंभ हुआ. इसे देश का 30 वर्षों का सबसे महत्वपूर्ण चुनाव माना जा रहा है. इन चुनाव में तीन दशक से प्रमुख रही 'अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस' (एएनसी) की प्रतिष्ठा दांव पर है. पार्टी ने दक्षिण अफ्रीका को रंगभेद के क्रूर श्वेत अल्पसंख्यक शासन से 1994 में बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई थी. सभी के लिए बेहतर जीवन के नारे के साथ रंगभेद को समाप्त करने का वादा करने वाली इस पार्टी के सामने असमानता, गरीबी और बेरोजगारी जैसी विकट समस्याएं हैं.

## छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**बीजापुर ।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है. पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के मद्देड थाना क्षेत्र के अंतर्गत बद्देपारा इलाके में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है. उन्होंने बताया कि मद्देड थाना क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों को गश्त के लिए रवाना किया गया था रास्ते में ही नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी.

## गेम जोन का एक और साझेदार गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने राजकोट स्थित 'टीआरपी गेम जोन' के एक और साझेदार को गिरफ्तार किया है जबकि एक अन्य आरोपी की हादसे में मौत हो गयी थी. अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि गेम जोन में पिछले सप्ताह लगी आग में 27 लोगों की मौत हो गयी थी. अब इस मामले के संबंध में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी है. राजकोट के पुलिस उपायुक्त पार्थराजसिंह गोहिल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि गेम जोन चलाने वाली रेसवे इंटरप्राइज के एक साझेदार किरीट सिंह जडेजा को मंगलवार रात गिरफ्तार किया गया.

## अभिनेत्री जायरा वसीम के पिता का निधन

**नयी दिल्ल ।** फिल्म दंगल और सीक्रेट सुपरस्टार में नजर आ चुकी अभिनेत्री जायरा वसीम के पिता जाहिद वसीम का निधन हो गया है. जायरा ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर मंगलवार को यह जानकारी दी. हालांकि, उन्होंने अपने पिता की मौत के कारण का खुलासा नहीं किया. अभिनेत्री ने बताया कि पिता की याद में अंतिम नमाज श्रीनगर की एक मस्जिद में अदा की गई. उन्होंने अपने पिता के साथ एक पुरानी तस्वीर साझा की और लिखा, आंखें सच में रोती हैं और दिल सच में दुखी होता है.



चुनावी सभा में शामिल महिलाएं.

### ओडिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूछा

# नवीन बाबू की तबीयत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र तो नहीं

**एजेंसी । बारीपदा (ओडिशा)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के स्वास्थ्य में अचानक आई गिरावट के पीछे साजिश की आशंका जताते हुए बुधवार को वादा किया कि राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो वह इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित करेगी. यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि पांच दशक के अंतराल के बाद केंद्र में लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी.

उन्होंने कहा, सवाल ये है कि नवीन बाबू की तबीयत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र है क्या? ये ओडिशा के लोगों को जानने का अधिकार है. कहीं इसमें उस लॉबी का तो हाथ नहीं है न जो नवीन बाबू के नाम पर पर्दे के पीछे ओडिशा में सत्ता भोग रहे हैं. प्रधानमंत्री ने कहा, इस रहस्य से पर्दा उठना जरूरी है. इसलिए 10 जून के बाद ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद हमारी सरकार एक स्पेशल कमेटी का गठन करेगी और ये जांच करेगी कि अचानक नवीन बाबू की तबीयत क्यों गिरती जा रही है. तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाले और पटनायक के करीबी माने जाने वाले बीजू जनता दल (बीजद) के नेता वी के पांडियन का परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि पूरा ओडिशा चाहता है कि कोई उड़िया राज्य का मुख्यमंत्री बने.



### बहुत जल्द 25 साल के शासन पर लगेगा पूर्णविराम

उन्होंने कहा, ओडिशा के लोगों ने राज्य में बीजद के 25 साल के शासन पर पूर्ण विराम लगाने का फैसला किया है. मोदी ने कहा कि उनके शासन में भारतीय अर्थव्यवस्था पिछले 10 साल में 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंच गई है. पटनायक के स्वास्थ्य की स्थिति पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि पांडियन ओडिशा के मुख्यमंत्री के हाथ की गतिविधियों को भी नियंत्रित कर रहे हैं. शर्मा ने एक वीडियो साझा किया था जिसमें एक चुनावी सभा में भाषण देते समय पटनायक का एक हाथ तेजी से कांप रहा था और इसे देखकर पांडियन ने उनके हाथ को मेज पर रख दिया.

## चुनावों में हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे राहुल और अखिलेश : शाह

**महराजगंज (उप्र) ।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि इन्होंने तय कर लिया है कि लोकसभा चुनावों में हार का ठीकरा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर फोड़ना है. शाह ने यहां पार्टी के उम्मीदवार पंकज चौधरी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि भाजपा चुनावों के पहले पांच चरणों में ही बहुमत हासिल कर चुकी है. उन्होंने कहा, चार जून को मतगणना है. चार तारीख की दोपहर को दोनों शहजादे (राहुल गांधी और अखिलेश यादव) संवाददाता सम्मेलन करेंगे और कहेंगे कि ईवीएम खराब थी इसलिए हम चुनाव हार गए.

### अरविंद केजरीवाल की जमानत अवधि बढ़ाने का मामला

# हाईकोर्ट ने तत्काल सुनवाई से किया इनकार

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत की अवधि स्वास्थ्य से जुड़ी कुछ जांच कराने के लिए सात दिन तक बढ़ाने का अनुरोध करने वाली याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से बुधवार को इनकार कर दिया.

उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री ने याचिका स्वीकार करने से इनकार करते हुए कहा कि चूंकि केजरीवाल को नियमित जमानत के लिए निचली अदालत जाने की छूट दी गयी है तो यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है. न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाश पीठ ने मंगलवार को मुख्यमंत्री की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर संज्ञान लिया और कहा कि अंतरिम याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) फैसला ले सकते हैं क्योंकि मुख्य मामले में फैसला सुरक्षित है. केजरीवाल द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि उनका वजन अचानक कम हो गया है और उनका कीटोन स्तरबहुत अधिक है, जो गुर्दा (किडनी), हृदय की गंभीर बीमारी और यहां तक कि कैंसर का संभावित संकेतक है.



फाइल फोटो

## आमिर खान के बेटे की पहली फिल्म 'महाराज' 14 जून को होगी रिलीज

**नयी दिल्ली ।** आमिर खान के बेटे जुनैद खान की पहली फिल्म महाराज ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स पर 14 जून को रिलीज होगी. वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित इस फिल्म में जयदीप अहलावत और शालिनी पांडे भी नजर आएंगे. अभिनेत्री शरवरी इसमें एक विशेष भूमिका में हैं. सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा ने 'महाराज' का निर्देशन किया है. यह 1862 के 'महाराज परिवाद मामले' पर आधारित है. ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स की ओर से बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, फिल्म की कहानी पत्रकार एवं समाज सुधारक करसंदास मुलजी से जुड़ी है. मुलजी महिला अधिकारों और सामाजिक सुधार के बड़े समर्थक थे.

# भारतीय नेवी के लिए 26 फाइटर जेट खरीदने की डील हुई पक्की

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

भारत नेवी के लिए फ्रांस से 26 राफेल-एम फाइटर जेट खरीदने की डील पर मुहर लगाने जा रहा है. इस संबंध में फ्रांस सरकार और डसॉल्ट कंपनी के अधिकारी कल गुरुवार को भारत आ रहे हैं, फ्रांसीसी अधिकारी रक्षा मंत्रालय की कॉन्ट्रेक्ट नेगोशिएशन कमेटी से डील के संबंध में चर्चा करेंगे. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार फ्रांस ने भारत को राफेल-एम जेट के साथ हथियार, सिमुलेटर, क्रू के लिए ट्रेनिंग और लॉजिस्टक सपोर्ट मुहैया कराने की हामी भरी है. रक्षा मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को होने वाली बैठक में नेवी के अधिकारी भी शामिल रहेंगे रिपोर्ट्स के अनुसार नेवी के लिए खरीदे जा रहे 22 सिंगल सीट राफेल-एम जेट और 4 डबल ट्रेनर सीट राफेल-एम जेट हिंद महासागर में चीन से मुकाबला करने के लिए तैनात होंगे. सूत्रों के अनुसार राफेल-एम फाइटर जेट समुद्री इलाके में हवाई हमले के लिए खासतौर पर डिजाइन किये गए हैं. राफेल-एम फाइटर जेट सबसे पहले स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत पर तैनात किये जायेंगे.



फाइल फोटो

## आफत बनी बारिश



सिलीगुड़ी में बारिश के बाद हैदरपारा इलाके में जलजमाव वाली सड़क से गुजरते स्थानीय लोग.

# भाजपा प्रत्याशी के काफिले में शामिल वाहन से दो मरे



हादसे के बाद लोगों से पूछताछ करती पुलिस.

- भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के काफिले में शामिल वाहन ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

**एजेंसी । गोंडा (उप्र)**

गोंडा जिले में बुधवार को कैसरगंज से मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे और इस सीट से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के काफिले में शामिल एक वाहन से टक्कर लगने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई. इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने रास्ता जाम करके विरोध प्रदर्शन किया. मौके पर चार थानों की पुलिस तैनात की गयी है.

पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कैसरगंज से भाजपा के बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र और इस सीट से मौजूदा भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह अपने काफिले के साथ कर्नलगंज से बहराइच जिले के हुजूरपुर की तरफ जा रहे थे. रास्ते में बैकुंठ डिग्री कालेज के पास काफिले में सबसे आगे चल रहे करण भूषण सिंह के वाहन के निकलने के बाद सुरक्षा कर्मियों को लेकर चल रही एक कार अनियंत्रित हो गयी और उसने एक मोटर साइकिल को टक्कर मार दी. उन्होंने बताया कि इस घटना में मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों रेहान खान (17) और शहजाद खान (24) की मौके पर ही मौत हो गयी. टक्कर में 60 वर्षीय महिला सीता देवी भी गम्भीर रूप से जख्मी हो गयीं. उन्हें मेडिकल कॉलेज भेजा गया है.

सूत्रों ने बताया कि टक्कर के बाद कार सवार लोग अपना वाहन मौके पर ही छोड़कर काफिले के अन्य वाहनों में सवार होकर चले गए. घटना के बाद मौके पर तनाव के हालात पैदा हो गये.

## पाकिस्तान में बस के खड्डे में गिरने से बच्चों समेत 28 लोगों की मौत

**कराची ।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक तेज रफ्तार यात्री बस के पलट कर खड्डे में गिर जाने से बच्चों और महिलाओं सहित 28 लोगों की मौत हो गई. यह बस तुर्बत से बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा जा रही थी और क्वेटा से लगभग 700 किमी दूर वाशुक शहर के पास खड्डे में गिर गई. रिपोर्ट के अनुसार तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई. जियो न्यूज ने बचाव अधिकारियों के हवाले से बताया कि यात्री बस का टायर फटने से यह दुर्घटना हुई. हादसे में 28 लोगों की मौत हो गई और करीब 22 लोग घायल हो गए.

### फवाद चौधरी ने राहुल, केजरीवाल और ममता बनर्जी को दी बधाई, कहा-

# पाक में सब चाहते हैं मोदी चुनाव हार जायें

- पाकिस्तानी नेता ने पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा आईएएनएस को दिये इंटरव्यू को लेकर यह बात कही

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

भारत में जारी लोकसभा चुनाव को लेकर पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने फिर दखलंदाजी की है, फवाद चौधरी का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी को एक साथ होना चाहिए, जिससे वो कट्टरपंथियों को हरा सके. पाकिस्तानी नेता ने पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा कल आईएएनएस को दिये इंटरव्यू को लेकर यह बात कही. पीएम मोदी ने कहा था कि मुझे समझ में नहीं आता कि कुछ चुनिंदा लोगों के ग्रुप को, जाहिर तौर पर जो हमारे खिलाफ दुश्मनी रखते हैं, उन्हें पाकिस्तान से समर्थन क्यों मिलता है. वहां से कुछ खास लोगों के लिए समर्थन की आवाजें क्यों उठती हैं. फवाद चौधरी ने पीएम मोदी के इसी बयान को लेकर कहा कि कश्मीर को हों या बाकी भारत के मुसलमान, वर्तमान समय में वो जिस तरह की कट्टरपंथी विचारधारा का सामना कर रहे हैं, ये बहुत जरूरी है कि नरेंद्र मोदी इस आम चुनाव में हार जायें. कहा कि पाकिस्तान का हर आदमी भी यही चाहता है कि नरेंद्र मोदी चुनाव हार जायें.. फवाद ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के रिश्ते तभी बेहतर हो सकते हैं, जब पाकिस्तान के अंदर और भारत के अंदर कट्टरपंथी भावना कम होगी.



पाक के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन

## राजद्रोह मामले में छात्र शरजील इमाम को दिल्ली हाईकोर्ट से बेल

**नयी दिल्ली ।** उच्च न्यायालय ने छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम को राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों के आरोप संबंधी 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े एक मामले में बुधवार को जमानत दी. इमाम ने सुनवाई अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसे जमानत देने से इनकार किया गया जबकि दोषसिद्धि की स्थिति में उसे दी जाने वाली अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि वह काट चुका है. बता दें कि इमाम ने 13 दिसंबर 2019 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया में भाषण दिया जहां उसने पूर्वोत्तर को देश से काटने की धमकी दी थी.

# पंजाब : ईडी की छापेमारी में 3.5 करोड़ रुपये जब्त

**एजेंसी । चंडीगढ़**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को पंजाब के कई स्थानों पर छापेमारी की. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस मामले में जगदीश सिंह उर्फ भोला मुख्य आरोपी है. एजेंसी ने इस छापेमारी के दौरान करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है. सूत्रों के मुताबिक, रूपनगर जिले में कुल 13 परिसरों पर छापेमारी की गई. ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि भोला मामले में एजेंसी द्वारा कुर्क की गई जमीन पर अवैध खनन किया जा रहा था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी है. इस कथित अवैध खनन मामले के कुछ आरोपियों में नसीबचंद व श्री राम क्रशर और अन्य शामिल हैं.



प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जब्त रुपये.

# मप्र : एक व्यक्ति ने अपने परिवार के आठ लोगों की हत्या करने के बाद की खुदकुशी

**एजेंसी । छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश)**

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में बुधवार को मानसिक रुप से विक्षिप्त व्यक्ति ने अपने संयुक्त परिवार के आठ लोगों की कुल्हाड़ी से काटकर कथित तौर पर हत्या कर दी और बाद में आत्महत्या कर ली. पुलिस ने यह जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि यह घटना बोदल कछार गांव में देर रात करीब 2.30 बजे हुई और इसका कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है. पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनीष खत्री ने संवाददाताओं को बताया कि दिनेश सरियाम (26) नामक व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त था और उसकी 21 मई को शादी हुई थी. अधिकारी ने बताया कि उसने अपनी पत्नी, मां, बहन, भाई, भाई की पत्नी और तीन नाबालिग बच्चों की कथित तौर पर हत्या कर दी. बाद में उसने अपने दूसरे भतीजे पर भी हमला किया, लेकिन वह मौके से भागने में सफल रहा. खत्री ने बताया कि सुबह-सुबह एक महिला ने शोर मचाया. इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उस व्यक्ति की तलाश की, लेकिन बाद में वह एक पेड़ से लटका हुआ पाया गया. शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घायल व्यक्ति का छिंदवाड़ा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है.



घटना के बाद परिजनों से पूछताछ करती पुलिस अधिकारियों की टीम.

**इंटरव्यू** संयुक्त राष्ट्र का प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने पर मेजर राधिका सेन ने कहा-

# मेरे लिए यह सम्मान मिलना सौभाग्य की बात

**एजेंसी । संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा यहां प्रतिष्ठित सैन्य पुरस्कार से सम्मानित होने वाली भारतीय शांतिरक्षक मेजर राधिका सेन ने कहा कि बहुपक्षीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है.

यूनाइटेड नेशन्स ऑर्गेनाइजेशन स्टैबिलाइजेशन मिशन इन द डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ द कांगो (मोनुस्को) में सेवा दे चुकीं मेजर सेन को 30 मई को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के मौके पर यहां विश्व निकाय के मुख्यालय में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस द्वारा प्रतिष्ठित 2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड प्रदान किया जाएगा. मेजर सेन ने यहां पीटीआई-भाषा से विशेष साक्षात्कार में कहा, यह निश्चित तौर पर मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य का विषय है कि मुझे न केवल अपनी टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला, बल्कि मेरे सभी सम्मानित सहयोगियों, मोनुस्को के शांतिरक्षकों और विशेष रूप से मेरे देश भारत का भी प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है. उन्होंने कहा, इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने की भावना को बयां नहीं किया जा सकता. संयुक्त राष्ट्र की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मेजर सेन भारतीय त्वरित तैनाती बटालियन की कमांडर के तौर पर मार्च 2023 से अप्रैल 2024 तक कांगो गणराज्य के पूर्व में तैनात थीं.



फाइल फोटो

### सेन ने भारत की स्थायी प्रतिनिधि से की मुलाकात

मेजर सेन ने भारतीय दूतावास में संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कम्बोज से भी मुलाकात की. भारतीय राजदूत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मेजर राधिका सेन को कांगो में उत्कृष्ट सेवा के लिए 30 मई को यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा. उनका समर्पण और बहादुरी एक बेहतर दुनिया के निर्माण में महिला शांति रक्षकों की अमूल्य भूमिका को दर्शाता है. हिमाचल प्रदेश में 1993 को जन्मी मेजर सेन आठ साल पहले भारतीय सेना में भर्ती हुईं.

## 'सेकंड चांस' कार्लोवी वैरी अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में होगी प्रदर्शित

**नयी दिल्ली ।** सुभद्रा महाजन की फिल्म 'सेकंड चांस' को 58वें कालोर्वी वैरी अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 'प्रोक्सिमा कॉम्पिटिशन' खंड में प्रदर्शित किया जाएगा. फिल्म की कहानी सुभद्रा महाजन और पैन नलीन ने लिखी है. बतौर निर्देशक सुभद्रा की यह पहली फिल्म है. फिल्म 'सेकंड चांस' अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिखाई जाने वाली 12 फिल्मों में से एक है. चेक गणराज्य के कार्लोवी वैरी में 28 जून से छह जुलाई तक इस फिल्म उत्सव का आयोजन किया जाएगा.

## दो महिला नक्सलियों समेत 10 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा ।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में बुधवार को दो महिला नक्सलियों समेत 10 माओवादियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों के सामने 10 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं. उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली इंद्रावती एरिया कमेटी में सक्रिय थे. उन्होंने बताया कि नक्सली पुलिस के पुनर्वास अभियान 'लोन वर्राटू' से प्रभावित हैं तथा माओवादियों की खोखली विचारधारा से निराश हैं. अधिकारियों ने बताया कि माओवादियों पर सड़कें खोदने, सड़कों को अवरुद्ध करने के लिए पेड़ गिराने तथा बंद के दौरान पोस्टर और बैनर लगाने का आरोप है.

# आग लगने से पूर्वी दिल्ली में 17 कारें जलकर खाक

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

पूर्वी दिल्ली के मधु विहार में नगर निगम द्वारा संचालित पार्किंग क्षेत्र में आग लगने से 17 कार जलकर खाक हो गयीं. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना देर रात एक बजकर 17 मिनट पर मिली. इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है. दमकल की नौ गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया. अधिकारी ने बताया कि ये कार स्थानीय लोगों की हैं जो किराये पर पार्किंग क्षेत्र में अपना वाहन खड़ा करते हैं. आग लगने की घटना में एक एसयूवी समेत 17 कार जलकर खाक हो गयीं. अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में उत्तर दिल्ली के चांदनी चौक में आग लगने से पांच दुकानें क्षतिग्रस्त हो गयीं. डीएफएस के एक अन्य अधिकारी के अनुसार, फतेहपुरी मस्जिद के समीप आग लगने की सूचना मिली और दमकल की आठ गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया. उन्होंने बताया कि सुबह पांच बजे तक आग पर काबू पा लिया गया.



जली कारों को देखते कार मालिक.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)